CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMHJK1 User: cci Time: 01-12-2026 23:14 Color:

महानगर > मुंबई > मंगलवार, 13 जनवरी 2026 > पौष 24, शक संवत 1947, माघ कृष्ण दशमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 11 > मूल्य ₹5.00 > पेज 14 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

दूत को उम्मीद, साल-दो साल में भारत आ सकते हैं ट्रंप

▶देखें अंदर

NBT नवभारत टाइम्स

एजेंसी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

जर्मनी के साथ डिफेंस, एजुकेशन से जुड़ी डील

▶देखें अंदर



15 जनवरी, 2026 | सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक

कमल का बटन दबाएँ, भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएँ

प्रकाशक: भारतीय जनता पार्टी, मुंबई, सीडीओ बैरेक्स 1, एलआईसी कार्यालय के सामने, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMTEN User: cci Time: 01-12-2026 22:34 Color:

सरकार का लक्ष्य बजट संतुलित करना नही, अर्थव्यवस्था को संतुलित करना होना चाहिए- *जॉन मेनार्ड कीन्स*

ताक़त बढ़ाए भारत

भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने द्विपक्षीय रिश्तों को लेकर जो कहा है, वह कुछ दिन पहले आए अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक के बयान से बिल्कुल अलग है। गोर के मुताबिक, व्यापार समझौते को लेकर दोनों पक्षों में आज से बातचीत फिर शुरू होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लिए कोई और साझेदार भारत जितना जरूरी नहीं और उसे Pax Silica के लिए भी आमंत्रित किया जाएगा। जरूरी मिनरल्स और एनर्जी को लेकर अमेरिका ने यह संगठन बनाया है।

लगातार गिरावट । गोर उम्मीद बढ़ाते हैं, लेकिन अमेरिका पहले भी कई बार पॉजिटिव संकेत दे चुका है। फिर उलटे बयान आने लगते हैं। इससे इकॉनमिक सेंटिमेंट और शेयर बाजार पर बुरा असर पड़ता है। 500% टैरिफ वाली बात के कारण पिछले एक हफ्ते में निवेशकों को करीब 18.55 लाख करोड़ का नुकसान हो चुका है। वहीं, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला भी जारी है, जो पिछले साल करीब 1.7 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं।

नए तौर के सुधार हों

ट्रंप की जिद । दोनों देश पिछले साल फरवरी से ट्रेड डील पर बातचीत कर रहे हैं, पर नतीजा नहीं निकल रहा। ट्रंप एक तरफ पीएम मोदी के साथ दोस्ती का हवाला देते हैं, पर साथ में ऐसे कदम भी उठाते हैं, जो भारत को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। रूसी तेल पर उनका गलत आकलन और जिद व 500% टैरिफ का नया प्लान इसके उदाहरण हैं।

संकट का अंदेशा । जिस देश के पास बारगेनिंग पावर नहीं है, अमेरिका उसे झुका रहा है। चीन के पास रेयर अर्थ की बारगेनिंग पावर थी तो अमेरिका को उसके आगे झुकना पड़ा। इसलिए अमेरिका से ट्रेड डील की बातचीत के साथ भारत को अपनी ताकत बढ़ानी होगी।

SME पर हो ध्यान । निर्यात की विविधता बढ़ाने के लिए दूसरे देशों के साथ व्यापार समझौता भी अहम है, जिस पर सरकार का ध्यान बना हुआ है। SME से देश में सबसे अधिक रोजगार मिलता है। इसलिए इनकी मुश्किलें और आसान होनी चाहिए। डोमेस्टिक इकॉनमी को और मजबूत बनाने का प्रयास जारी रहना चाहिए।

नए सुधारों की जरूरत । मैन्युफैक्चरिंग में ऐपल जैसी कामयाबियों की और जरूरत है। जब से ऐपल ने भारत में मैन्युफैक्चरिंग शुरू की है, तब से वह 50 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात यहां से कर चुका है। इसके साथ AI इनोवेशन तेज करने के लिए सरकार को बड़े पैमाने पर पहल करनी होगी। फिर 1990 के जिन रिफॉर्म्स की बदौलत भारत आज दुनिया की चौथी बड़ी इकॉनमी बना है, उसे और गति देने के लिए नए दौर के आर्थिक सुधारों की जरूरत आन पड़ी है। बजट इसके लिए शानदार मौका है।

ऐवें कुछ भी

प्रभो! हम पढ़ा पाएंगे?

कहीं पढ़ा था, लोगों की ईश्वर में आस्था बढ़ रही है। लोग तेजी से ईश्वर जैसी किसी सत्ता को मानने लगे हैं। उनका भरोसा प्रार्थना में बढ़ता जा रहा है। मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। ईश्वर जैसी किसी सत्ता में मुझे पहले भी भरोसा था, जो पिछले दो साल से बहुत ज्यादा बढ़ गया है। जब से बच्चे का एडमिशन एक प्राइवेट स्कूल में हुआ है। मैं रातों को जागकर प्रार्थना करने लगा हूं।

आलोक सिंह भदौरिया

महीने की 10 तारीख तक फीस जमा करनी होती है। एक-एक दिन टरकाता हूं। जब समयसीमा खत्म होने को होती है, उससे थोड़ा पहले आंख बंद कर फीस ऑनलाइन जमा कर देता हूं। हर महीने भगवान से हाथ जोड़कर पूछता हूं। प्रभो! ये हो तो पाएगा न? अभी फर्स्ट में है। बारहवीं तक पढ़ा पाएंगे कि नहीं।

अभी सुबह एक और पंडित पिता से मिले। मियां-बीवी दोनों सरकारी सैलरी उठा रहे हैं। उन्होंने अपने बेटे को बेहतर प्राइवेट स्कूल में दाखिल कराया है। मतलब जितनी जेब पिछले साल काट रहा था, यह कुछ ज्यादा काटेगा। उनसे पूछा तो बताया, अभी छठी का फॉर्म लेकर आए हैं। कल एंट्रेंस देना है। मैंने कहा, आपसे कुछ पूछा? बोले, हां, कहा पैरेंट्स की सैलरी कितनी है। सैलरी सुनकर मैंने जवाब दिया, चिंता न करें, बच्चे का एडमिशन पक्का है।

इतने तक होता तो भी सही था। शाम साढ़े पांच बजे फत्तो प्रॉजेक्ट्स और दिकाना वर्कशॉप का मेसेज आता है। सपूत हमारे हाथ में गेंद लिए निहारते रहते हैं, हम प्रॉजेक्ट बना रहे होते हैं। बचपन से अपने B.Sc. करने तक उतने प्रॉजेक्ट नहीं बनाए, जितने बेटे के लिए नर्सरी से फर्स्ट तक में बना चुके हैं। अगले दिन स्कूल से मुंह लटकाए लौटते हैं, यह कहते हुए कि पापा आपने कितना खराब प्रॉजेक्ट बनाया था। मैम ने उर्जित के प्रॉजेक्ट को, वाओ! वैरी गुड कहा। जी करता है कह दें कि जाओ उर्जित की मम्मा से बनवा लाओ। लेकिन मन मसोसकर रह जाते हैं। कहीं हमारे सपूत की मम्मा ने सुन लिया तो प्रॉजेक्ट के साथ-साथ उनका स्पीच भी सुनना पड़ेगा।

बोल वचन

दिलीप लाल

कोल्हू का बैल

मशीनों के आने से किसानों और कारीगरों के हाथ से केवल हुनर ही नहीं छिना, उनके साथ जुड़े कई शब्द भी धीरे-धीरे गुम हो गए। कोल्हू उन्हीं में से एक शब्द है। कोल्हू वह पारंपरिक यंत्र है, जिसमें बैल गोल-गोल घूमते हुए सरसों, मूंगफली या तिल जैसे बीजों से तेल निकालते हैं। 'कोल्हू का बैल' कहावत इसी से बनी है- जो लगातार मेहनत करता है, पर अपनी जगह से आगे नहीं बढ़ पाता। पारंपरिक कोल्हू लगभग खत्म हो गए थे, लेकिन शुद्ध तेल की बढ़ती मांग ने इसे फिर से प्रासंगिक बना दिया है। हालांकि अब बैल की जगह मोटर इस्तेमाल होती है। अंग्रेजी में कोल्हू को Oil Press, Oil Mill या Wooden Oil Press कहा जाता है, जबकि तकनीकी रूप में इसे Cold Pressed Oil Extractor कहते हैं, क्योंकि बिना गर्म किए इससे तेल निकाला जाता है। भारत के अलग-अलग हिस्सों में इसके अलग नाम हैं। उत्तर भारत में कोल्हू या घानी, गुजरात और महाराष्ट्र में घाणी, तमिलनाडु में चेक्कू, आंध्र-तेलंगाना में गानी और बंगाल में घानीकोल या तेल कोल।

Subrata Dhar

तेहरान ने पहले भी जनता के आंदोलन देखे हैं, लेकिन इस बार खामेनेई के सामने चुनौती अलग है

ईरान में दिख रहा तीन पीढ़ियों का आक्रोश

ईरान पढ़ा-लिखा और समझदार देश है। यह पिछली शताब्दी से बार-बार अंदरूनी और बाहरी विस्फोटन का शिकार होता रहा। कभी धर्म लाद कर दुनिया की एकमात्र इस्लामिक आबाद बनाया गया, तो कभी इसे पश्चिमी साम्राज्यवादी ताकतों ने मिलकर तोड़ा। कभी अपने पिट्ठू बैठाए, तो कभी मजहबी आकाओं ने आतंकवादियों का क्षेत्रीय शॉकी नेटवर्क बनाकर वर्चस्व फैलाया। कहानी तेल की भी है। खेल धर्म का है और भू-राजनीति की शतरंज के दांव-पेच भी है।

मनीष गुप्ता, न्यू यॉर्क से

जलता ईरान । राजधानी तेहरान सहित पूरे देश में जनता सड़कों पर है। लोगों में महंगाई को लेकर आक्रोश है। रियाल के लगातार लुढ़कने से ईरान के लोगों में गुस्सा है। शाह की अकर्मण्यता और मुल्ला राज से नाराजगी है। यह ईरान की आत्मा का विद्रोह है। देश के कोने-कोने से उठने वाला धुआं भी गवाही दे रहा है कि तीन पीढ़ियों का दबा हुआ लावा अब फूट चुका है। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप इसे हवा दे रहे हैं। यूरोप मजा ले रहा है। इस्राइल खुलकर ईरान के खिलाफ आ गया है। ईरान के दोस्त रूस और चीन बगंडर को देख रहे हैं।

विरोध की परंपरा । ईरान का भू-राजनीतिक इतिहास किसी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म जैसा है। यहां सदियों पुरानी सभ्यता, इस्लाम के दो सम्प्रदायों शिया और सुन्नी की जंग व तेल का ऐसा कॉकटेल है, जिसने पूरी दुनिया को उलझा रखा है। आज अमेरिका का कट्टर दुश्मन बना ईरान 1950 तक वैसा नहीं था। ईरान के लोकतांत्रिक प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसद्देग ने 1953 में तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया। उस पर पहले ब्रिटेन का कब्जा था। इस पर अमेरिका और ब्रिटेन ने मिलकर शाह को सत्ता में बैठाया। यही से ईरानियों के मन में अमेरिका के खिलाफ विरोध पनपा।

अमेरिका से दुश्मनी । शाह के पश्चिमी रहन-सहन और भ्रष्टाचार के खिलाफ 1979 में अयातुल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में वहां की जनता खड़ी हुई। ईरान राजशाही से 'इस्लामिक गणतंत्र' बना और अमेरिका के साथ दोस्ती दुश्मनी में बदल गई। ईरान दुनिया का सबसे बड़ा शिया मुस्लिम देश है। उसने सऊदी अरब (सुन्नी नेतृत्व) के साथ कोल्ड वॉर शुरू की और अपना जाल पड़ोसी मुल्कों में फैलाना शुरू किया। लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास, यमन में हूती और इराक/सीरिया में मिलिशिया गुटों को तैयार किया।

आंदोलन का सिलसिला । 2009 में ग्रीन मूवमेंट, 2019 में ईंधन की कीमतों के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन में सैकड़ों लोगों की जान चली गई थी। 2022 में महसा अमीनी की मौत के बाद शुरू हुए आंदोलन में महिलाओं ने अपना हिजाब जलाना शुरू कर दिया था। लेकिन, इस बार लोगों का गुस्सा चौपट हो रही अर्थव्यवस्था को लेकर है। गाजा, लेबनान, सीरिया और यमन में जंग रोकने के लिए ईरान अरबों डॉलर फूंक चुका है। लेकिन, खुद अपने देश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और कुव्यवस्था चरम पर है।

बदहाल इकॉनमी
- गिरती अर्थव्यवस्था के खिलाफ लोग सड़कों पर
- डॉनल्ड ट्रंप इस मौके को भुनाना चाहते हैं
- इस्राइल खुलकर सामने आया, रूस-चीन देख रहे

ट्रंप फैक्टर । ट्रंप की वापसी ने 'सॉफ्ट पावर' के दौर को दफन कर दिया। पिछले दिनों वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगवा कर न्यूयॉर्क ले जाने के ट्रंप के दांव ने ईरान के शासकों को हिला दिया है। ऐसा लगता है कि अब ट्रंप किसी लंबी राजनयिक वार्ता या परमाणु सौदे के मूड में नहीं है। उनका मूल मंत्र मैक्सिमम प्रेशर और सत्ता परिवर्तन है। ईरान के जलते शहरों के बीच ट्रंप का संकेत आग में घी का काम कर रहा है।

खामेनेई का धैर्य । आयतुल्लाह अली खामेनेई के लिए यह समय उनके दशकों लंबे नेतृत्व की सबसे बड़ी अग्निपरीक्षा है। उन्होंने पूरी जिंदगी पश्चिमी साम्राज्यवाद और अमेरिकी दबाव के खिलाफ ईरान को एक 'अजेय दुर्ग' बनाने में लगा दी। उनके लिए यह केवल सत्ता बचाने की जंग नहीं, बल्कि उस इस्लामी इंकलाब के उसूलों को महफूज रखने की चुनौती है, जिसे बचाने के लिए ईरान ने आधी सदी से भारी कीमत चुकाई है।

तीन पीढ़ियों की लड़ाई । आज ईरान की सड़कों पर तीन पीढ़ियां हैं। जिनके दादा-दादी ने शाह को भागते और मुल्ला-राज को आते देखा है, मां-बाप ने जंग देखी, प्रतिबंध झेला और रिवॉल्यूशन एक्सपोर्ट की कीमत चुकाई। आज इंटरनेट पर दुनिया देखने वाली Gen-Z महंगाई, बेरोजगारी और तानाशाही - तीनों के साथ लड़ रही है।

(लेखक फिल्मकार, कॉलमनिस्ट और राइटर हैं)

कांटे की बात

डॉक्टरों से बात करने में मददगार नया मॉडल

ईरान में सड़कों पर तनाव दिख रहा है। भारत के उसके साथ करीबी रिश्ते रहे हैं। हमारा दूतावास ईरान में रह रहे भारतीय स्टूडेंट्स के संपर्क में है। वे सही-सलामत हैं। भारत सरकार की नजर ग्रीनलैंड के मुद्दे पर भी है।

विक्रम मिसरी, *भारत के विदेश सचिव*

AI की दुनिया

सेहत से जुड़ी जानकारी के लिए OpenAI नया मॉडल ChatGPT Health लाने वाला है। नया मॉडल किसी बीमारी की पहचान या इलाज के लिए नहीं है। इसका काम लोगों को जागरूक बनाना है, ताकि वे डॉक्टर से बातचीत के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें।

AI Image

6 लाख फीडबैक

ChatGPT Health को तैयार करने में डॉक्टरों की बड़ी भूमिका रही है। OpenAI ने दुनिया के 60 देशों के 260 से ज्यादा डॉक्टरों के साथ दो साल तक काम किया। इन डॉक्टरों ने 30 से ज्यादा हेल्थ एरिया में 6 लाख से अधिक जवाबों पर फीडबैक दिया है। इससे यह तय किया गया कि कैसे जटिल मेडिकल जानकारी को आसान शब्दों में बताया जाए।

जल्द होगा लॉन्च

इस मॉडल में हेल्थ से जुड़ी फाइलें और कनेक्टेड ऐप्स बाकी चैट्स से अलग होंगे। फिलहाल ChatGPT Health को सीमित यूजर्स के लिए शुरू किया जा रहा है। ChatGPT Free, Go, Plus और Pro प्लान वाले यूजर्स वेटलिस्ट के लिए साइनअप कर सकते हैं। आने वाले हफ्तों में इसे वेब और iOS पर ज्यादा लोगों के लिए उपलब्ध कराने का प्लान है। *-प्रदीप तिवारी*

जनता जंक्शन इरफान

ज्ञान-विज्ञान

बैक्टीरिया, फंगस के सामने लाचार दवाएं

स्कॉटिश डॉक्टर और वैज्ञानिक अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने 1928 में पेनिसिलिन की खोज की थी। यह दुनिया की पहली एंटीबायोटिक थी। फिर अनेक एंटीबायोटिक विकसित की गईं, जिन्होंने चिकित्सा जगत में क्रांतिकारी ला दिया। एंटीबायोटिक्स से जानलेवा इन्फेक्शन भी सामान्य इलाज बन गया। लेकिन, अब इनका जादू खत्म होने लगा है।

मुकुल व्यास

बैक्टीरिया तेज निकले । एक नई स्टडी में कहा गया है कि बैक्टीरियल रेजिस्टेंस के कारण होने वाली सालाना मौतें 2050 तक करीब 19 लाख तक पहुंच सकती हैं। दवा के मुकाबले बैक्टीरिया और फंगस तेजी से विकसित हो रहे हैं। इन्फेक्शन लंबे समय तक बने रहते हैं। डॉक्टर इसलिए भी परेशान हैं, क्योंकि आखिरी उम्मीद वाली दवाएं फेल हो रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के हालिया आंकड़े बताते हैं कि हर 6 बैक्टीरियल इन्फेक्शन में से 1 ने स्टैंडर्ड एंटीबायोटिक्स के खिलाफ रेजिस्टेंस पैदा कर लिया है।

सेप्सिस का कारण । WHO का ग्लोबल एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस ऐंड यूज सर्विलांस सिस्टम (GLASS) विभिन्न देशों में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस को देखता है। हालिया वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार, 2018 से 2023 के बीच 40% से अधिक बैक्टीरिया-एंटीबायोटिक जोड़ों में रेजिस्टेंस बढ़ा है। सबसे ज्यादा खतरा ग्राम नेगेटिव बैक्टीरिया है। यह बैक्टीरिया कई दवाओं को रोकता है। ई-कोलाई और क्लेबसिएला निमोनिया बैक्टीरिया ब्लडस्ट्रीम इन्फेक्शन पर हावी है। यह सेप्सिस और अंग विफलता का कारण बन सकते हैं।

भर्ती होने की नौबत । पूरे यूरोप और अमेरिका में कार्बापेनम रेजिस्टेंस धीरे-धीरे बढ़ रहा है। कार्बापेनम का उपयोग बैक्टीरिया इन्फेक्शन के खिलाफ किया जाता है। अगर ये काम नहीं करती है, तो डॉक्टर और ज्यादा एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल करते हैं। फिर मरीजों को गहन निगरानी में लंबे समय तक रखा जाता है।

AI Image

लड़ाई में फंगस भी । दवाओं के खिलाफ बैक्टीरिया की लड़ाई में फंगस भी शामिल है। कैंडिडा ऑरिस फंगस वॉरंट के रूप में पनपता है। कमजोर इम्यून सिस्टम वाले मरीजों को इससे खतरा है। इस फंगस ने कई एंटीफंगल दवाओं के खिलाफ रेजिस्टेंस विकसित कर लिया है। यह इतना ताकतवर है कि अस्पताल के पूरे वार्ड में फैल सकता है। इसके अलावा, एस्परगिलस फ्यूमिगेटस फंगस ने एजोल केमिकल के खिलाफ रेजिस्टेंस बना लिया है।

सही रणनीति जरूरी । विशेषज्ञों का कहना है कि इन्फेक्शन के खिलाफ ब्रॉड-स्पेक्ट्रम दवाओं का ज्यादा इस्तेमाल करना सही रणनीति नहीं है। सही दवा और डोज से ही स्थिति बदल सकती है। डॉक्टर ब्रॉड-स्पेक्ट्रम दवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे समस्या बढ़ी है। पैथोजेन और उनमें मौजूद रेजिस्टेंस जीन की पहचान करने के लिए निदान परीक्षणों में तेजी लानी होगी। और परीक्षण करने होंगे। नई एंटीबायोटिक और एंटीफंगल दवाओं की भी दरकार है।

असम की बड़ी जिम्मेदारी प्रियंका को क्यों

हेमंत राजौरा

कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा को स्क्रीनिंग कमिटी का चेयरपर्सन बनाया है। यह ऐसा फैसला है जिसे पार्टी के भीतर और बाहर दूरगामी राजनीतिक संकेतों के रूप में देखा जा रहा है। यह पहली बार है जब गांधी परिवार के किसी सदस्य को किसी विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चुनने का जिम्मा मिला है।

दलबदल का डर

असम का राजनीतिक संदर्भ इस फैसले को और अहम बना देता है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की न सिर्फ BJP के प्रभावशाली नेताओं में गिनती है, बल्कि वह गांधी परिवार के मुखर आलोचक भी हैं। ऐसे में असम की जिम्मेदारी प्रियंका को देकर पार्टी दिखाना चाहती है कि वह उनके किले में उसी राजनीतिक नेतृत्व को उतार रही है, जिसकी संगठन पर मजबूत पकड़ है।

विशुद्ध राजनीति कसौटी

कांग्रेस को यह डर भी है कि पार्टी के कुछ नेता चुनाव से पहले पाला बदल सकते हैं। पूर्वोत्तर की राजनीति में दलबदल कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस इसका खामियाजा पहले भी भुगत चुकी है। इसलिए शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया पर नियंत्रण हो। प्रियंका से आशा है कि वह सफल छवि, वैचारिक प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति निष्ठा रखने वाले नेताओं को ही आगे बढ़ाएंगी ताकि चुनाव बाद टूट-फूट की स्थिति न बने।

स्क्रीनिंग कमिटी का मुख्य काम विधानसभा की हर सीट से आने वाले संभावित उम्मीदवारों की छंटनी, उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि, संगठन के प्रति प्रतिबद्धता, सामाजिक स्वीकार्यता और सबसे अहम दलबदल की आशंका को देखना है। अंतिम मुहर भले ही केंद्रीय चुनाव समिति (CEC) लगाती हो, लेकिन CEC तक कौन-से नाम पहुंचेंगे यह जिम्मा स्क्रीनिंग कमिटी का होता है।

प्रियंका के लिए असम नया नहीं है। 2021 विधानसभा चुनाव में वह भले ही औपचारिक रूप से आगे न दिखी हों, लेकिन रणनीतिक स्तर पर उनकी भूमिका अहम थी। तब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को असम का सीनियर ऑब्जर्वर बनाने का फैसला भी उसी रणनीति का हिस्सा था। इस बार भी भूपेश बघेल और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को असम का सीनियर ऑब्जर्वर बनाया गया है।

असम में कांग्रेस की स्थिति बहुत कमजोर नहीं है। 2021 विधानसभा चुनाव में 126 सीटों में से NDA को 75 और कांग्रेस गठबंधन को 50 सीटें मिली थीं। वोट प्रतिशत में सिर्फ 1.6% का अंतर था। NDA को 43.9% और कांग्रेस गठबंधन को 42.3% वोट मिले थे। अगर विपक्ष के बीच बेहतर तालमेल हो और इस बार मुकाबला कड़ा हो सकता है। यहीं वह जगह है, जहां प्रियंका की भूमिका निर्णायक बनती है।

UP में भी वापसी के संकेत

उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। UP वह राज्य है, जहां प्रियंका लंबे समय तक कांग्रेस की प्रभारी रहीं। 12 जनवरी को प्रियंका के जन्मदिन पर UP कांग्रेस ने 100 दिन की विशेष रणनीति शुरू की है। 2022 के विधानसभा चुनाव में मुकाबला BJP और SP के बीच सिमट गया। इससे कांग्रेस को बड़ा नुकसान हुआ। अब पार्टी सामाजिक न्याय और ओबीसी राजनीति को केंद्र में रखकर नई जमीन तैयार करना चाहती है। असम में स्क्रीनिंग कमिटी की जिम्मेदारी और UP में 2027 की तैयारी से संकेत मिलता है कि कांग्रेस धीरे-धीरे प्रियंका को व्यापक राजनीतिक भूमिका में स्थापित कर रही है। यह भूमिका सिर्फ प्रचार तक सीमित नहीं बल्कि रणनीति, संगठन और नेतृत्व से जुड़ी है।

100% का इंतज़ार करते रह जाएंगे, 70% भी बुरा नहीं

संध्या वासुदेव

हम अक्सर जीवन में पूर्णता की खोज में उलझे रहते हैं। हमें लगता है कि जब तक कोई काम 100% सही न हो जाए, तब तक उसमें हाथ ही नहीं लगाना चाहिए। लेकिन क्या वास्तव में पूर्णता इतनी जरूरी है? पूर्णता का अर्थ है, बिना किसी दोष के कुछ रचना या संपादन करना। कोई मशीन बिल्कुल सटीक काम कर सकती है, लेकिन जहां मानवीय स्नेह, भावनाएं और दृष्टिकोण शामिल हों- जैसे कला, साहित्य या प्रबंधन, वहां पूर्णता हमेशा समय, काल, परिस्थितियों पर निर्भर होती है।

जो काम मशीनों से लिया जाता है वह सटीक हो सकता है, लेकिन मनुष्य के काम में कुछ न कुछ कमी या विविधता रहती है। ऐसे में क्या लक्ष्य प्राप्त करने से ज्यादा महत्वपूर्ण उसे हासिल करने में लगा समय नहीं है? अक्सर प्रबंधक किसी आदर्श समाधान की प्रतीक्षा में रहते हैं और उस पर अत्यधिक समय व ऊर्जा खर्च करते हैं, जबकि एक व्यावहारिक और उपयोगी समाधान पहले से उपलब्ध होता है। इस प्रवृत्ति को 'Perfect Solution Fallacy' कहा जाता है। यह वह स्थिति होती है, जब किसी अच्छी योजना को केवल कुछ कमियों के कारण लागू ही नहीं किया जाता। यह ठीक वैसा है, जैसे पेड़ों के चक्कर में उलझकर जंगल को भूल जाना।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

भगवद्गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि अधूरी या अपूर्ण साधनाएं भी व्यर्थ नहीं जातीं। इसलिए योग या साधना में पूर्णता न मिलने पर निराश होना उचित नहीं। हर प्रयास, चाहे वह छोटा ही क्यों न हो, आत्मिक प्रगति का हिस्सा बन जाता है। यही सिद्धांत जीवन के हर क्षेत्र में लागू होता है। लगातार आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहना, केवल पूर्णता की प्रतीक्षा में रुक जाने से कहीं बेहतर है। लक्ष्य ऊंचा रखना अच्छा है, पर रास्ते में मिलने वाली उपलब्धियों से संतुष्ट होना भी सीखना चाहिए।

जीवन गति में है। जो चलता रहता है, वही आगे बढ़ता है। इसलिए 100% की प्रतीक्षा को छोड़कर 70 या 80% से ही शुरुआत करना अधिक बुद्धिमानी है।

रीडर्स मेल

मांझे से सावधान

इंदौर में मांझे से हुई एक व्यक्ति की मौत ने लोगों को चिंतित कर दिया है। चाइनीज जहर वाली डोर अब लोगों के खून की प्यासी है। कोर्ट का बैन, पुलिस की छापेमारी, इन सबका कोई फायदा नहीं हो रहा है। बाजारों में खुलेआम यह कातिल धागा बिक रहा है। लोग इस मांझे को बेधड़क उड़ा रहे हैं, क्योंकि सजा का डर मिट गया है। क्या व्यवस्था ऐसे है कि हर साल दर्जनों जिंदगियां यह धागा लील जाए, फिर भी कोई सख्त रोक न लगे। अब निर्णायक कार्रवाई का वक्त है। इसे बेचने वालों को जेल और इस्तेमाल करने वालों पर लाखों का जुर्माना हो।

-प्रो. आरके जैन 'अरिजीत', इंमेल से

readersmail.nbt@gmail.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMARTH User: cci Time: 01-12-2026 22:48 Color:

मुस्कान से एक्सरसाइज में हो कम थकान
मुस्कुराने से शरीर और मन दोनों को आराम मिलता है। वर्कआउट या दौड़ते समय मुस्कुराने से थकान कम लगती है और सहनशक्ति बढ़ती है।

विचार

सफलता पाने के लिए जरूरी है कि आगे बढ़ने की चाह, असफल होने के डर से बड़ी हो, क्योंकि मजबूत इच्छा आत्मविश्वास बढ़ाती है हमेशा ... कठिन हालात में भी।
– बिल कॉस्बी (Bill Cosby)

ज़रा हंस लें

चिंटू : मम्मी मैं कल से स्कूल नहीं जाऊंगा। **मम्मी :** क्यों, क्या हो गया ?
चिंटू : मम्मी आज स्कूल में सभी बच्चों का वजन नापा गया था। **मम्मी :** तो ?
चिंटू : मुझे डर है कि कहीं रेट अच्छा मिल गया तो स्कूल वाले हमें बेच ही न दें...

कविता

मकर संक्रान्ति

आया है पर्व अति विशेष लेकर
'आनंद' शुभकामनाएं,
आदित्य का मकर राशि में हुआ
प्रवेश बढ़ी संभावनाएं,
झूमेंगी फसलें लहलहाएंगे खेत
भास्कर हुए उत्तरायण,
स्वीकारेंगे ईश अब सभी की भावो
भरी सारी प्रार्थनाएं ।
बाल, युवा, वृद्ध, नर-नारी प्रसन्न
हुआ है मनस प्रत्येक,
संपूर्ण भारत में प्रसिद्ध त्यौहार एक
जिसके नाम अनेक,
लोहड़ी, पोंगल, बिहू, मकर संक्रान्ति
उत्सव है मनहरण,
जनमानस के जीवन में करता ये
खुशियों का अभिषेक ।
भारत बसता है हर एक घर में
झलकती है छवि सुनहरी,
हर राज्य है खुशहाल जहां और
खिली-खिली हर नगरी,
विभिन्नताओं में अनेक कलाओं में
भारतवासी विलक्षण,
विविधताओं में भी यहां धूम मची है
एकता की गहरी ।

– मोनिका डागा,
NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

वॉक, साइक्लिंग, पिकनिक का साथ 'रिवरफ्रंट' का ठाठ

Poonam.Gaur@timesofindia.com

■ यह न तो कोई यमुना किनारे डिवेलप किया गया रिवर फ्रंट है और न ही किसी हिल स्टेशन पर सैलानियों के लिए विकसित किया गया पार्क है। यह है द्वारका सेक्टर-20 में बन रहे देश के सबसे बड़े, भारत वंदना पार्क के चारों तरफ डिवेलप किया गया साइकल और वॉकिंग कॉरिडोर। यह इस चिलचिलाती ठंड में राजधानी के लोगों का फेवरेट पिकनिक स्पॉट बन चुका है।

एयरपोर्ट ड्रेन के साथ यहां कई किलोमीटर वॉकिंग और साइक्लिंग की जा सकती है। बच्चों के लिए झूले हैं और ग्रीन एरिया भी है। लोग इन दिनों यहां सुबह ही जुट जाते हैं। दूर दूर से आने वाले लोग यहां घर से चादर, चटाई और खाने पीने की चीजें लेकर आते हैं और फिर धूप के बीच पूरा दिन यहीं खेलते व धूप सेकते नजर आते हैं।

पानी को साफ रखने के है इंतजाम: यहां ड्रेन के पानी को साफ रखने के लिए कई इंतजाम है। ड्रेन में चेक डेम जैसी प्रक्रिया अपनाई गई है जो पानी से गंद को अलग करती है और फिर इस गंद को एसटीपी आदि की मदद से साफ किया जाता है। इसकी वजह से यहां का पानी साफ रहता है। भारत वंदना पार्क में आठ से नौ झीलें हैं। इन झीलों में इसी पानी का इस्तेमाल किया जाएगा। भारत वंदना पार्क कमल के आकार का बना हुआ है।

पानी में दिखने लगे हैं विदेशी परिंदे

ड्रेन का पानी साफ है और यहां जलीय जीव भी हैं। इसलिए यहां आपको विदेशी परिंदे भी दिख जाते। इनकी संख्या अभी काफी कम है। एक्सपर्ट के अनुसार नजफगढ़ झील में पक्षी काफी संख्या में आते हैं। ऐसे में संभावना है कि आने वाले सालों में यह जगह भी विदेशी परिंदों का नया ठिकाना बन जाए।

मिनी इंडिया की तर्ज पर तैयार भारत वंदना पार्क के चारों तरह बना कॉरिडोर बन गया है पिकनिक स्पॉट

कोई एंट्री टिकट नहीं

कॉरिडोर के लिए कोई एंट्री टिकट नहीं है। गार्ड यहां एंट्री गेट पर बैठा है। यह आपको प्रतिबंधित वस्तुएं व जानवर कॉरिडोर में ले जाने से रोकते हैं। आपको शेडेड एरिया, धूप में बैठने का एरिया, ड्रेन के किनारे बैठकर पानी के पक्षी देखने का मजा सब मिलेगा। पार्क में जो कमी नजर आ रही है वह यह कि अभी यहां कुछ खान पान की व्यवस्था नहीं है।

दिख रही भारत वंदना पार्क की झलक

इस कॉरिडोर से आपको 22 एकड़ में बन रहे मिनी भारत की तर्ज पर विकसित हो रहे भारत वंदना पार्क की झलक भी देखने को मिल जाती है। पहले यहां ब्लू स्क्रीन का कवर लगा हुआ था। लेकिन अब इसे हटा लिया गया है। भारत वंदना पार्क का पहला चरण मार्च 2026 में शुरू होना है लेकिन डीडीए इसे इसी महीने शुरू करने की कोशिश में है। भारत वंदना पार्क में स्कल्पचर लगाने, बैंच, एंट्री गेट आदि का काम लगभग पूरा हो चुका है।



NBT जन्मदिन मुबारक

पीयूष मिश्रा

पीयूष मिश्रा का जन्म 13 जनवरी 1963 को हुआ। उन्होंने दिल्ली के NSD से एक्टिंग सीखी और लंबे समय तक थिएटर किया। 2003 में फिल्म 'मकबूल' से उन्हें पहचान मिली, लेकिन 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जैसी फिल्मों से वे देशभर में मशहूर हुए। वे एक बेहतरीन अभिनेता होने के साथ-साथ लेखक और गायक भी हैं।

इमरान खान



इमरान खान का जन्म 13 जनवरी 1983 को हुआ। उन्होंने बचपन में 'कयामत से कयामत तक' जैसी फिल्मों में बाल कलाकार के रूप में काम किया। 2008 में फिल्म 'जाने तू... या जाने ना' से उन्होंने मुख्य अभिनेता के तौर पर करियर की शुरुआत की, जो सुपरहिट रही। वह 'हैप्पी पटेल' से पर्दे पर वापसी कर रहे हैं।

जावेद सिद्दीकी

जावेद सिद्दीकी का जन्म 13 जनवरी 1942 को उत्तर प्रदेश के रामपुर में हुआ। उन्होंने फिल्मों में स्क्रिप्ट और डॉयलॉग लिखने में करियर बनाया। जावेद ने 'बाजीगर', 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'दर्द', 'उमराव जान' और 'मम्मो' जैसी फिल्मों के लिए काम किया। उन्हें फिल्मफेयर, स्टार स्क्रीन अवॉर्ड मिल चुके हैं।

अश्मित पटेल



अश्मित पटेल का जन्म 13 जनवरी 1978 को हुआ, वे अभिनेत्री अमीषा पटेल के भाई हैं। उन्होंने 2003 में फिल्म 'इंतेहा' से एक्टिंग करियर की शुरुआत की, लेकिन 2004 की फिल्म 'मर्डर' से उन्हें असली पहचान मिली। फिल्मों के अलावा वे रियलिटी शो 'बिग बॉस 4' से काफी चर्चा में रहे।

तलवारों की धार और अटूट जज़्बे को सलाम

असम के डिब्रूगढ़ के पोलो ग्राउंड में चमकती ये तलवारें सिर्फ प्रदर्शन नहीं, बल्कि सेना की उस 'वॉरियर स्पिरिट' की पहचान हैं जो कभी रिटायर नहीं होती। ईस्टर्न कमांड की एक्स-सर्विसमेन रैली में जवानों ने पारंपरिक युद्ध कौशल से जोश और अनुशासन की एक शानदार मिसाल पेश की।

हर टिक-टिक में बसी कहानी, विंटेज घड़ियों का लौटा दौर

अलग दिखने की चाह ने बढ़ाई पुरानी मिकैनिकल घड़ियों की ज़बरदस्त डिमांड

Joeanna.Fernandes
@timesofindia.com

■ पिछले कुछ सालों में भारत में पुरानी वाली विंटेज घड़ियों के प्रति लोगों की दिलचस्पी तेजी से बढ़ी है। ऐसी घड़ियां, जो कम से कम 25 साल पुरानी हों, अब सिर्फ समय देखने का साधन नहीं रहीं, बल्कि इतिहास, यादों और कारीगरी की पहचान बन गई हैं। इन घड़ियों से जुड़ी कहानियां आज नई पीढ़ी को भी आकर्षित कर रही हैं। मुंबई के वरुण जशनानी पिछले 13 साल से ऐसी ही कहानियों की तलाश में हैं। उनके पास 1930 से पहले की लम्बा सी-चौक घड़ी है, जिसके पीछे 'एन भौमिक' खुदा हुआ है। वरुण को इस शख्स के बारे में कुछ नहीं पता, लेकिन यही रहस्य उन्हें घड़ी से जोड़ता है। यह घड़ी केरल के त्रिशूर से मुंबई के भायखला की दुकान तक आई। वरुण ने इसे 24 साल की उम्र में खरीदा और अब उनके पास 110 घड़ियों का कलेक्शन है, जिनमें से 105 विंटेज हैं।

विंटेज घड़ियों की महफिल: घड़ियों के शौकीन शेयर रहे हैं यादें और कलेक्शन

विंटेज घड़ियां बातचीत की शुरुआत बन जाती हैं। द रिवॉल्वर क्लब के संस्थापक जूड डी सूजा कहते हैं कि आज के दौर में जब लोग महंगी लेकिन एक जैसी घड़ियां पहनते हैं, तब पुरानी घड़ियां अलग पहचान देती हैं। 1969 में पहली क्वार्ट्ज घड़ी आने के बाद कई स्विस कंपनियां बंद हो गईं, जिससे मिकैनिकल घड़ियां कीमती हो गईं।

आज लोग इन्हें ढूंढने के लिए बाजार छान रहे हैं। जैसे-जैसे बाजार बढ़ रहा है, सर्विस सेंटर्स की अहमियत भी बढ़ी है। गोरेगांव और परेल में आधुनिक लैब वाले शॉप्स पुराने पार्ट्स की मरम्मत करते हैं। परेश परिहार कहते हैं, "घड़ियां पहनने के लिए होती हैं, बंद रखने के लिए नहीं।" जितना ज्यादा पहनोगे, उतनी लंबी उम्र।

बेंगलुरु के राइडिंग क्लब्स ऐसे बना रहे सड़क पर नया परिवार

अकेलेपन को 'ब्रेक' और दोस्ती को 'रफ्तार'

Mini.Thomas
@timesofindia.com

■ बेंगलुरु: ड्राइविंग और बाइकिंग के शौकीन शहर को नए नजरिए से खोज रहे हैं। ब्रेकफास्ट ड्राइव और वीकेंड आउटिंग के जरिए ये न सिर्फ सफर का मजा ले रहे हैं, बल्कि अकेली होती शहरी जिंदगी में लोगों को आपस में जोड़ने का काम भी कर रहे हैं। ऐसे आयोजन लोगों को मिलने-जुलने का मौका दे रहे हैं।

हर साल ग्रुप के साथ लंबी ड्राइव: थार बेंगलुरु 4x4 क्लब हर साल खुद के खर्च पर उत्तर और पूर्वी भारत के लिए ड्राइविंग अभियान आयोजित करता है। इस क्लब को वासुदेव ने बनाया है। इस क्लब के लोगों ने ताजा यात्रा सितंबर-अक्टूबर में सियाचिन ग्लेशियर तक की थी। इस दौरान ग्रुप ने लेह, लद्दाख, स्पीति वैली और कश्मीर का सफर किया और उमलिंग ला समेत कई ऊंचे दर्रे पार किए। कुछ मेंबर बेंगलुरु से सियाचिन तक गाड़ी चलाकर गए और लौटे, जबकि कुछ ने चंडीगढ़ से ड्राइव शुरू की।

सियाचिन तक जाने के इस अभियान में 50 थार गाड़ियां और 100 से ज्यादा लोग शामिल थे। यह पूरा अभियान सेल्फ-फंडेड था। आयोजकों ने पहले ही ठहरने से जुड़ी व्यवस्थाएं तय की थीं। ट्रेल तय करने के साथ निजी जमीन मालिकों और वन विभाग से इजाजत भी ली गई।

क्लब नए लोगों के लिए फ्री ऑफ-रोडिंग वर्कशॉप भी कराता है। शनिवार रात ऑनलाइन थ्योरी सेशन होता है और रविवार सुबह ऑफ-रोड ट्रेल पर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग। ग्रुप के करीब 700 से 800 मेंबर हैं। क्लब जिम्मेदार ऑफ-रोडिंग पर जोर देता है।

अपार्टमेंट से शुरू हुआ रोडस्टर्स

हेब्बाल के पास एलएंडटी रेनट्री बुलेवार्ड अपार्टमेंट में रोडस्टर्स क्लब के करीब 200 लोग वीकेंड ब्रेकफास्ट ड्राइव पर निकलते हैं। क्लब की मेंबर कीर्ति बताती हैं कि इसका मकसद पड़ोसियों को एक मजेदार कम्युनिटी में जोड़ना है। क्लब उन्हें बेंगलुरु, कर्नाटक और आसपास के राज्यों की सैर कराता है।

खूबसूरत नजारे: पैंगोंग त्सो पर थार बेंगलुरु 4x4 क्लब, लद्दाख में इस ऊंचाई पर करीब 100 लोग ड्राइव कर पहुंचे



हमारा क्लब सिर्फ ब्रेकफास्ट ड्राइव तक सीमित नहीं। यहां अजनबी जाने-पहचाने चेहरे बन जाते हैं और ड्राइविंग का शौक सबको जोड़ता है।
-कीर्ति एम, मेंबर, द रोडस्टर्स क्लब

सिक्किम की राइड 90 राइडर्स के साथ बेहद यादगार रही। अब हम नागपुर के पास पेंच नैशनल पार्क की आने वाली राइड को लेकर उत्साहित है। -मनोहर जोशी, एडमिनिस्ट्रेटर, वर्सिस बेंगलुरु राइडर्स (VBR)

इस थाने में लगती है बच्चों की क्लास

भोपाल में शाम 4 बजते ही यहां 'कानून के हाथ' में डंडा नहीं, होती है चॉक

Amarjeet.Singh1
@timesofindia.com

■ भोपाल : हर रोज शाम 4 बजते ही रीवा के अमहिया पुलिस थाने का एक अलग नजारा देखने को मिलता है। अचानक से थाने में शांति छा जाती है। केस फाइलों की जगह पुलिसकर्मियों के हाथ में चॉक आ जाती है और उनकी भूमिका बदल जाती है। पुलिस की वर्दी में वह टीचर बन जाते हैं। 8 महीनों से कानून-व्यवस्था का यह ठिकाना एक क्लासरूम के रूप में भी काम कर रहा है, जहां पुलिस कर्मचारी अपने खर्च पर 100 से अधिक वंचित बच्चों को फ्री में पढ़ाते हैं। इस पहल ने डर को भरोसे में और अधिकार को उम्मीद में बदल दिया है।

पुलिसवाले 100 से अधिक जरूरतमंद बच्चों को फ्री में पढ़ाते हैं, 8 महीनों से यह पुलिस थाना क्लासरूम के रूप में भी कर रहा काम

अमहिया पुलिस थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि जो शुरुआत कुछ बच्चों को चादर बिछाकर पढ़ाने से हुई थी, उसने अब बड़ा रूप ले लिया है। अब यह जगह क्लास 1 से लेकर ऊपर की क्लास के करीब 100 स्टूडेंट्स और तीन टीचर्स वाली क्लास बन चुकी है। अग्रवाल ने बताया कि जब वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते थे, तब से बच्चों को पढ़ाते थे। उनके अंदर बच्चों को पढ़ाने का विचार समाज को कुछ लौटाने और खाकी वर्दी से जुड़े डर को कम करने की इच्छा से पैदा हुआ। आमतौर पर लोग पुलिस से डरते हैं। जब बच्चे यहां पढ़ते हैं, तो वे और उनके माता-पिता पुलिस का एक अलग चेहरा देखते हैं। हमारे लिए थाने के भीतर बच्चों को पढ़ते देखना बहुत बड़ा तनाव दूर करने वाला अनुभव है। यह अस्थायी स्कूल पूरी तरह थाने के कर्मचारियों के योगदान से चलता है। अग्रवाल ने कहा, कि हम किसी से कोई भी आर्थिक मदद नहीं लेते।

उन्होंने बताया कि बच्चों को पढ़ाने वाले तीन टीचर्स में एक बुजुर्ग रिटायर्ड टीचर भी शामिल हैं। परिवार के छोड़े जाने के बाद वह पास के ही एक वृद्धाश्रम में रहते हैं। अग्रवाल ने बताया, वह रोज यहां पढ़ाने आते हैं। यहां तीन बैच में क्लास लगती है और इनमें ज्यादातर बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले हैं।

रेल विकास निगम लिमिटेड
Rail Vikas Nigam Limited
गुणवत्ता, गति एवं पारदर्शिता
(A Government of India Enterprise)

पंजीकृत कार्यालय: प्रथम तल, अगस्त क्रांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली– 110066, **सीआईएन:** L74999DL2003GOI118633
ईमेल: investors@rvnl.org, **वेबसाइट :** www.rvnl.org,
फोन : 011–26738299, **फैक्स:** 011–26182957

"सक्षम निवेशक"

एमसीए के तहत इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथॉरिटी (आईईपीएफए) ने निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने और बिना क्लेम किए गए डिविडेंड और शेयरों की रिकवरी को आसान बनाने के लिए "सक्षम निवेशक" नाम से एक देशव्यापी अभियान शुरू किया है। कंपनी के शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी से समय पर और प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए अभियान की अवधि के भीतर अपने केवाईसी डिटेल्स, ईमेल एड्रेस, बैंक मैंडेट और कॉन्टैक्ट जानकारी, जिसमें ईमेल एड्रेस का रजिस्ट्रेशन भी शामिल है, अपडेट कर लें, इससे कोई भी बिना दावे की गई राशि सीधे आईईपीएफए अथॉरिटी को ट्रांसफर होने से बच जाएगी।

शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए तरीके से केवाईसी सहित अपनी विवरण अपडेट करें:

1. फिजिकल फॉर्म में रखे गए शेयर – इन्वेस्टर सर्विस रिक्वेस्ट फॉर्म (ISR-1, ISR-2, ISR-3, SH-13 अथवा SH-14) जमा करके, पैन, आधार, नवीनतम पता प्रमाण और बैंक अकाउंट के मूल कैंसल चेक की स्व-प्रमाणित कॉपी के साथ, नीचे दिए गए किसी भी तरीके से:

क. पोस्ट द्वारा: डॉक्यूमेंट/फॉर्म की स्व-प्रमाणित, तारीख वाली फिजिकल कॉपी कंपनी के आरटीए अर्थात अलंकीत असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205, अनारकली कॉम्प्लेक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055 को भेजें।

ख. ईमेल द्वारा: अपने रजिस्टर्ड ईमेल आईडी से, डिजिटल हस्ताक्षर वाले दस्तावेज के साथ rta@alankit.com, virenders@alankit.com पर भेजें।

शेयरधारक ये फॉर्म कंपनी की वेबसाइट और आरटीए की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं: https://rvnl.org/RVNL_cms/uploads/investorinfo/Forms.pdf https://www.alankitassignments.com/investor-charter/

2. डीमैट फॉर्म में शेयर: अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी) को अपना केवाईसी विवरण अपडेट करने और अपडेटेड विवरण कंपनी के आरटीए को बताने के लिए।

किसी भी सवाल या और मदद के लिए, शेयरधारक ऊपर दिए गए पते पर कंपनी या आरटीए से संपर्क कर सकते हैं।

रेल विकास निगम लिमिटेड की ओर से
हस्ताक्षर/-
कल्पना दुबे
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 12.01.2026

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
[CIN – L23201MH1959GOI011388]
पंजीकृत कार्यालय: इंडियन ऑयल भवन, जी-9, अली यावर जंग मार्ग, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051
फोन: 022-26447327; ईमेल आईडी: investors@indianoil.in; वेबसाइट: www.iocl.com

शेयरधारकों के लिए सूचना

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि में इक्विटी शेयरों का हस्तांतरण

यह सूचना कंपनी अधिनियम, 2013 के समय-समय पर संशोधित प्रावधानों के साथ **निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण** (लेखा, लेखापरीक्षा, अंतरण और वापसी) नियम, 2016 ("नियम") के अनुसार प्रकाशित की गई है।

नियम, अन्य बातों के साथ-साथ, उन सभी शेयरों को केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (IEPF) में स्थानांतरित करने का प्रावधान करते हैं, जिनके संबंध में लाभांश लगातार सात वर्षों तक क्लेम नहीं किया गया है। तदनुसार, जिन शेयरधारकों ने 2018-19 के लिए दूसरा अंतरिम लाभांश और उसके बाद लगातार 7 वर्षों तक कंपनी द्वारा घोषित सभी अन्य लाभांश को क्लेम नहीं किया है, उनके द्वारा रखे गए शेयर **23.04.2026 के बाद** IEPF में स्थानांतरित किए जाने के अधीन हैं। कंपनी ने उन शेयरधारकों को उनके नवीनतम उपलब्ध पते पर 05.01.2026 को व्यक्तिगत सूचना भेजी है। कंपनी ने ऐसे शेयरधारकों का विवरण IEPF में स्थानांतरित किए जाने वाले शेयरों के विवरण के साथ अपनी वेबसाइट www.iocl.com पर भी अपलोड किया है। शेयरधारकों से IEPF में स्थानांतरित किए जाने वाले शेयरों के विवरण को सत्यापित करने के लिए वेब लिंक https://iocl.com/transfer-of-equity देखने का अनुरोध किया जाता है।

एतद्द्वारा सभी शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि वे वर्ष 2018-19 के लिए अदेय/न लिए गए दूसरा अंतरिम लाभांश को क्लेम करने के लिए **20.03.2026** तक कंपनी / रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ("RTA") अर्थात केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को उचित दस्तावेजों (सभी प्रकार से पूर्ण) के साथ आवेदन करें ताकि शेयर IEPF में स्थानांतरित न हों। **कृपया ध्यान दें कि यदि 20.03.2026 तक कंपनी या RTA द्वारा कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो कंपनी को बिना किसी और सूचना के उपर्युक्त अनदेय लाभांश और शेयरों को IEPF में स्थानांतरित करने होंगे और कंपनी के खिलाफ कोई दावा नहीं किया जा सकेगा। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक और जिनके शेयर IEPF प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने योग्य हैं, ध्यान दें कि इस तरह के हस्तांतरण पर उनके पास मौजूद मूल शेयर प्रमाणपत्र अपने आप रद्द हो जाएंगे और गैर- परक्राम्य माने जाएंगे।**

यह भी ध्यान दें कि IEPF को हस्तांतरित किए गए शेयर, उन शेयरों पर मिलने वाले सभी लाभों सहित, यदि कोई हो, नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद EPF प्राधिकरण से वापस प्राप्त किए जा सकते हैं।

इस मामले में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया श्री भास्कर रॉय, केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, यूनिट- इंडियनऑयल, सेलेनियम टावर बी, प्लॉट संख्या 31 और 32, वित्तीय जिला, नानकरामगुडा, हैदराबाद - 500032; टोल-फ्री नंबर 1800 3094001; ईमेल पता: einward.ris@kfintech.com से संपर्क करें।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
(कमल कुमार ग्वालानी)
कंपनी सचिव

स्थान: मुंबई
दिनांक: 12 जनवरी 2026

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMEDIT User: dinesh.chakravarty Time: 01-12-2026 22:54 Color:

फटाफट खबरें

नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन बढ़ा

पीटीआई, नई दिल्ली: आयकर विभाग ने सोमवार को बताया कि मौजूदा वित्त वर्ष में 11 जनवरी तक नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 8.82% बढ़कर 18.38 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। कॉरपोरेट टैक्स का हिस्सा 8.63 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा। वहीं, आम लोगों, छोटे व्यापारियों से मिलने वाला टैक्स 9.30 लाख करोड़ रुपये रहा। शेयर बाजार से 44,867 करोड़ रुपये की कमाई हुई है। वहीं, इस दौरान टैक्स रिफंड में 17% की कमी आई है।

BCCL का IPO 33 गुना सब्सक्राइब

पीटीआई, नई दिल्ली: कोल इंडिया की सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (BCCL) के IPO को लेकर निवेशकों में उत्साह दिख रहा है। कंपनी की तरफ से बताया गया है कि सोमवार को बोली लगाने के दूसरे दिन यह आईपीओ 33.60 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी ने इसके लिए 21-23 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। मंगलवार को बोली लगाने का आखिरी मौका है।

TCS और HCLTech के मुनाफे में गिरावट

AI Image

NBT रिपोर्ट, मुंबई: आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) ने सोमवार को दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए। कंपनी का नेट प्रॉफिट 13.91% गिरकर 10,657 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में कंपनी का मुनाफा 12,380 करोड़ रुपये था। पिछली तिमाही (सितंबर) में यह 12,075 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने बताया कि नए लेबर कोड की वजह से उस पर 2,128 करोड़ रुपये का बोझ पड़ा। अगर यह एकमुश्त असर न होता, तो कंपनी का मुनाफा 8.5% बढ़कर 13,438 करोड़ रुपये होता। कंपनी ने शेयरहोल्डर्स को हर शेयर पर 57 रुपये का डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनी ने बताया कि AI से होने वाली कमाई में 17% का उछाल आया है।

वहीं HCLTech ने ने बताया कि कंपनी का नेट प्रॉफिट 11.2% गिरकर 4,076 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी ने 4,591 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। वहीं कंपनी का रेवेन्यू 13.3% बढ़कर 33,872 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले साल इसी दौरान 29,890 करोड़ रुपये था।

TCS
- नेट प्रॉफिट: 10,657 रुपये करोड़ (13.91% की गिरावट)।
- कुल रेवेन्यू: 67,087 करोड़ रुपये (4.86% की बढ़त)।
- डिविडेंड: 57 रुपये प्रति शेयर

HCLTech
- नेट प्रॉफिट: 4,076 करोड़ रुपये (11.2% की गिरावट)।
- कुल रेवेन्यू: 33,872 करोड़ रुपये (13.3% की बढ़त)।

3 महीनों के ऊंचे स्तर पर रिटेल महंगाई दर
दिसंबर में जेब पर बोझ, खाने-पीने की चीज़ें महंगी

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने से दिसंबर में खुदरा महंगाई दर 3 महीनों के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (CPI) आधारित रिटेल इंफ्लेशन सालभर पहले के मुकाबले दिसंबर में 1.33% रही। साल 2024 के दिसंबर में यह 5.22% थी।

दिसंबर में महंगाई दर नवंबर के 0.71% से 62 बेसिस पॉइंट्स अधिक रही। दिसंबर में खाने-पीने की चीजों में महंगाई दर शून्य से तो नीचे ही रही, लेकिन नवंबर के माइनस 3.91% से बढ़कर यह माइनस 2.71% हो गई। यह भी 3 महीनों के ऊंचे स्तर पर आ गई। दिसंबर 2024 में यह 8.39% थी।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'रिटेल इंफ्लेशन और फूड इंफ्लेशन में बढ़ोतरी मुख्य रूप से पर्सनल केयर से जुड़ी चीजों, सब्जियों, मीट-मछली, अंडे, मसालों और दालों में महंगाई बढ़ने के चलते हुई।' मीट-मछली के दाम 5.12%, अंडों के 4.76% और खाद्य तेलों के 6.75% बढ़े।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'फसल अच्छी होने से खाने-पीने की चीजों के दाम नीचे बने रहे। GST की नई व्यवस्था का विभिन्न कमोडिटीज पर अलग-अलग असर रहा।' क्रिसिल रेटिंग्स के रिसर्च हेड राजीव शरण ने कहा, ओवरऑल इंफ्लेशन कम बनी हुई है, लेकिन गैर-खाद्य चीजों और कीमती धातुओं की ओर से दबाव बढ़ रहा है। केयरएज की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा, रीपो रेट 25 बेसिस पॉइंट्स घटाने की गुंजाइश है, लेकिन हमारा मानना है कि MPC अभी ऐसा नहीं करेगी। स्थितियां बिगड़ने पर ही वह रेट घटाना चाहेगी।'

जेब पर बोझ...
- दिसंबर 2025: 1.33%
- दिसंबर 2024: 5.22%
- शहरी महंगाई: 2.03%
- ग्रामीण महंगाई: 0.76%
- खाद्य तेलों के दाम बढ़े: 6.75%
- मीट-मछली में बढ़त: 5.12%
- अंडों के दाम में बढ़त: 4.76%

AI Image

वैश्विक हालात अहम

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

सरकार ने RBI को रिटेल इंफ्लेशन 4% रखने का जिम्मा दिया है। लगातार 11वें महीने महंगाई इससे कम रही। लिहाजा उम्मीद बढ़ी है कि 4-6 फरवरी को RBI मीटिंग में रीपो रेट 5.25% से नीचे लाया जाएगा। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है। कॉपर और एल्युमिनियम के दाम भी उछले हैं। ऐसे में RBI देखेगा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच GDP ग्रोथ को सहारे की जरूरत है या नहीं।

सेंसेक्स में निचले स्तर से 1000 पॉइंट्स की तेज़ी

AI Image

NBT रिपोर्ट, मुंबई: शेयर बाजार में पिछले 5 दिनों से चली आ रही मायूसी सोमवार को खत्म हुई। भारत में नवनियुक्त अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के एक बयान ने बाजार में जान फूंक दी, जिसमें उन्होंने भारत को अमेरिका का सबसे अहम पार्टनर बताया। भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों को दोबारा मजबूत करने का संकेत देते हुए सर्जियो गोर ने कहा कि दोनों देश ट्रेड डील को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

जैसे ही भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता आगे बढ़ने की खबर आई, बाजार ने शानदार वापसी की। सेंसेक्स निचले स्तरों से करीब 1,000 पॉइंट की रिकवरी करते हुए 300 पॉइंट की बढ़त के साथ बंद हुआ। मेटल और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा रौनक रही। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में कुल 2,185.77 अंक (2.54%) और निफ्टी में 645.25 अंक (2.45%) की गिरावट आई थी।

सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 700 पॉइंट से ज्यादा टूट चुका था, लेकिन गोर के बयान के आने के एक घंटे के भीतर ही बाजार ने न केवल अपनी पूरी गिरावट की भरपाई की, बल्कि दिन के निचले स्तर से 1017 पॉइंट की शानदार रिकवरी भी कर ली। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 301.93 पॉइंट (0.36%) की बढ़त के साथ 83,878.17 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 106.95 पॉइंट (0.42%) चढ़कर 25,790.25 पर बंद हुआ। सुबह निफ्टी भी करीब 210 पॉइंट लुढ़क गया था। बाजार में मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.92% की तेजी रही। इसके अलावा एनर्जी, सरकारी बैंक और एफएमसीजी (FMCG) सेक्टर भी बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि रियल्टी और कैपिटल गुड्स सेक्टर में गिरावट दर्ज की गई। स्मालकैप इंडेक्स 0.68%, मिडकैप में 0.41% की गिरावट रही।

शेयर बाजार में रिकवरी
- सेंसेक्स: 83,878.17 (+301.93 पॉइंट)
- निफ्टी: 25,790.25 (+106.95 पॉइंट)
- मेटल इंडेक्स में बढ़त: 1.92%
- महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों के कारण गुरुवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।

एक दिन में 15 हज़ार रुपये उछली चांदी, गोल्ड ने भी बनाया रेकॉर्ड

AI Image



NBT रिपोर्ट, मुंबई: सोमवार को भारतीय और ग्लोबल बाजारों में सोने और चांदी ने अपनी कीमतों के पिछले सारे रेकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत 15,000 रुपये की बड़ी छलांग लगाकर 2,65,000 रुपये प्रति किलो के रेकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई। वहीं, सोनेने भी अब तक के सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए और यह 1,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए हाई पर पहुंच गया।

ऑल इंडिया ज्वेलर्स असोसिएशन के मुताबिक, चांदी की कीमत में 15,000 रुपये (करीब 6%) की बढ़ोतरी हुई। इसके साथ ही यह पिछले बंद भाव 2,50,000 रुपये से बढ़कर 2,65,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्सों के साथ) पर पहुंच गई। इसके साथ ही 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत में भी 2,900 रुपये (2.05%) का उछाल आया।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स असोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 3,327 रुपये बढ़कर 1,40,449 रुपये पर बंद हुआ। चॉएस असोसिएट्स के भार्गव वैद्य ने कहा कि बाजार में मौजूदा हलचल का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा जियोपॉलिटिकल टेंशन की वजह से है। उन्होंने कहा कि कीमतों में आगे का उतार-चढ़ाव अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसलों और ईरान से जुड़े घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा।

रेकॉर्ड ऊंचाई
- **चांदी**: 2,65,000 रुपये प्रति किलो (15,000 रुपये, 6% की बढ़त)।
- **चांदी** (पिछला भाव): 2,50,000 रुपये प्रति किलो।
- **सोना** (99.9%): 1,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (2,900 रुपये, 2.05% की बढ़त)।
- **सोना** (पिछला भाव): 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम।

बड़ी गाड़ियों में 'छोटा' पेट्रोल इंजन, चलेगा दांव?

ऑटो रिव्यू
खालिद अमीन

Tata Harrier
एक्स शोरूम कीमत : 12.89 से 24.68 लाख रुपये

Tata Safari
एक्स शोरूम कीमत : 13.29 से 25.20 लाख रुपये

टाटा की हैरियर और सफारी के साथ पेट्रोल इंजन का इंतजार एक लंबे अर्से से हो रहा था। आखिरकार अब ये दोनों SUV नए 1.5 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन के साथ आ गई हैं। भले ही इस साइज की गाड़ियों में डीजल इंजन आज भी टॉप चॉइस बने हुए हैं लेकिन इन दोनों में पेट्रोल इंजन की कमी काफी समय से महसूस की जा रही थी। मोटे तौर पर दोनों गाड़ियों में कोई खास बदलाव नहीं किया गया है इसलिए इस रिव्यू में हम पेट्रोल इंजन की परफॉर्मेंस और नए जोड़े गए फीचर्स पर ही फोकस करेंगे।

सबसे पहले बात नए इंजन की। इन दोनों गाड़ियों में दिया गया है टाटा का नया 1.5 लीटर हाइपेरियन टर्बो पेट्रोल इंजन। यह इंजन 170 बीएचपी की पावर और 280 एनएम का टॉर्क देता है। खास बात यह है कि कम आरपीएम पर भी इसमें अच्छा टॉर्क मिलता है। शहर की ट्रैफिक में बार-बार गियर बदलने की जरूरत कम महसूस होती है और हाइवे पर ओवरटेकिंग भी बिना ज्यादा मेहनत के हो जाती है। हालांकि पीक पावर और परफॉर्मेंस के मामले में इसकी तुलना इस सेगमेंट में आने वाले 2.0 लीटर डीजल या पेट्रोल से करेंगे तो पावर कम लगेगी। यहां पहली नजर में 1.5 लीटर इंजन किसी बड़ी SUV के लिए छोटा लग सकता है, लेकिन ड्राइव में ऐसा महसूस नहीं होता। पिक-अप अच्छा है, टर्बो लैग बहुत कम है और पावर डिलीवरी स्मूद व सीधी रहती है। पेट्रोल इंजन होने की वजह से डीजल के मुकाबले वाइब्रेशन और नॉइज़ काफी कम है। यही वजह है कि ड्राइव ज्यादा आरामदायक और प्रीमियम लगती है।

इस इंजन के साथ 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का विकल्प मिलता है। ऑटोमैटिक गियरबॉक्स खास तौर पर बहुत स्मूद है और इंजन के साथ इसकी ट्यूनिंग अच्छी बैठती है। लंबी दूरी की यात्रा में यह कॉम्बिनेशन काफी आरामदायक साबित होता है। बाहरी डिजाइन में कुछ और बेहतर करने का यहां मौका था जिसे टाटा ने चूक दिया।

नए फीचर्स में सैमसंग का QLED तकनीक वाला 14.53 इंच का बड़ा टचस्क्रीन सिस्टम मिला है। यह स्क्रीन बहुत शार्प है रिस्पॉन्स भी काफी तेज है। इसके साथ 10-स्पीकर JBL साउंड सिस्टम दिया गया है, जिसमें डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट है। एक और नया और काम का फीचर है डिजिटल रियर व्यू मिरर। इसमें पीछे लगे कैमरे की लाइव विज़िबिलिटी मिलती है, जिससे पीछे सड़क साफ दिखती है, चाहे कार में पूरा सामान भरा हो। आगे और पीछे के कैमरे अब डैश कैम की तरह भी काम करते हैं। फ्रंट और रियर कैमरे के साथ वॉशर भी दिए गए हैं। वेंटिलेटेड सीट्स, पावर्ड ड्राइवर सीट, 360 डिग्री कैमरा, पैनोरमिक सनरूफ, और लेवल-2 ADAS जैसे फीचर्स पहले से ही मौजूद हैं। राइड और हैंडलिंग हमेशा से हैरियर और सफारी की ताकत रही है, पेट्रोल इंजन आने के बाद यह और बेहतर महसूस होती है।

पेट्रोल SUV होने की वजह से फ्यूल पर खर्च डीजल से थोड़ा ज्यादा रहेगा। फिर भी जिन लोगों की ड्राइविंग ज्यादा नहीं है और जो ज्यादा रिफाइंड अनुभव चाहते हैं, उनके लिए यह समझौता सही बैठता है। इसके मुकाबले में सेगमेंट लीडर महिंद्रा की XUV 700 (अब XUV 7XO) के अलावा ह्युंदै की अल्काजार, एमजी की हेक्टर, हेक्टर प्लस और जीप की मेरिडियन जैसी गाड़ियां मौजूद हैं।

नवभारत टाइम्स

Enterटेनमेंट masala mix

कोर्ट ने कमल हासन के पर्सनैलिटी राइट्स को सुरक्षा दी

मद्रास हाईकोर्ट ने एक्टर और राज्यसभा सांसद कमल हासन को पर्सनैलिटी राइट्स के मामले में राहत दी है और अज्ञात लोगों और प्लेटफॉर्म्स को उनके चेहरे का इस्तेमाल करके मॉर्फ्ड और AI-जेनरेटेड तस्वीरों का कमर्शियल इस्तेमाल करने या उन्हें फैलाने से रोक दिया है।

प्रियंका चोपड़ा और लीसा ने जमाया रंग

अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा

इस साल 83वें गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड की शाम शानदार रही। कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में हुए इस पुरस्कार समारोह में जहां दुनियाभर की बेहतरीन फिल्में और टेलिविजन शो सम्मानित हुए, तो वहीं रेड कार्पेट पर एक से बढ़कर एक सितारे ने अपना जलवा बिखेरा। प्रियंका चोपड़ा भी इस सेरेमनी में अवॉर्ड प्रेजेंटर बनकर पहुंची थीं। प्रियंका ने इस खास मौके पर शानदार डार्क ब्लू ड्रेस और डायमंड नेकलेस पहना हुआ था। रेड कार्पेट पर उनके साथ पति निक जोनस भी मौजूद थे। इसके अलावा स्टार्स से सजी इस शाम में सेलेना गोमेज़, लियोनार्डो डी कैप्रियो, जेनिफर लॉरेंस, जॉर्ज क्लूनी, एरिआना ग्रांदे, जूलिया रॉबर्ट्स, स्नूप डॉग जैसे तमाम स्टार्स पहुंचे। सेरेमनी में टिमोथी शैलमे ने अपना पहला गोल्डन ग्लोब्स पुरस्कार जीता। तो वहीं, वन बैटल आफ्टर अनदर और एडोलसेन्स ने कई खिताब अपने नाम किए। समारोह में जहां वैगनर मोरा को बेस्ट ऐक्टर (ड्रामा) का खिताब फिल्म द सीक्रेट एजेंट के लिए मिला, वहीं बेस्ट ऐक्ट्रेस (ड्रामा) जेसी बकली रहीं।

जेसी बकली ने खुशी जाहिर की

वैगनर मोरा पुरस्कार के साथ

इन्होंने मारी बाजी
- **बेस्ट मोशन पिक्चर, ड्रामा:** हैमनेट
- **बेस्ट मोशन पिक्चर, कॉमिडी या म्यूज़िकल:** वन बैटल आफ्टर अनदर
- **बेस्ट डायरेक्टर:** पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
- **बेस्ट ऐक्टर, ड्रामा:** वैगनर मोरा (द सीक्रेट एजेंट)
- **बेस्ट ऐक्टर, कॉमिडी या म्यूज़िकल:** टिमोथी शैलमे (मार्टी सुप्रीम)
- **बेस्ट ऐक्ट्रेस, ड्रामा:** जेसी बकली (हैमनेट)
- **बेस्ट ऐक्ट्रेस, कॉमिडी या म्यूज़िकल:** रोज बर्न (इफ आई हैड लेग्स आई वुड किक यू)
- **बेस्ट सपोर्टिंग ऐक्टर:** स्टेलन स्कार्सगार्ड (सेंटिमेंटल वैल्यू)
- **बेस्ट सपोर्टिंग ऐक्ट्रेस:** टियाना टेलर (वन बैटल आफ्टर अनदर)
- **बेस्ट एनिमेटेड फिल्म:** केपॉप डीमन हंटर्स
- **बेस्ट सपोर्टिंग ऐक्टर (टेलिविज़न):** ओवन कूपर (एडोलसेन्स)

प्रियंका चोपड़ा और लीसा पुरस्कार की घोषणा करते हुए

शाम के ये पल रहे कुछ खास

गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड्स खास पलों के लिए जाना जाता है और इसलिए सभी की नजरें इस समारोह पर टिकी थीं। इस साल जहां इवेंट में युनमी मोसाकु ने अपना बेबी बंप दिखाया, तो वहीं जॉर्ज क्लूनी ने अपनी पत्नी अमाल क्लूनी संग पहुंचकर समारोह में चार चांद लगा दिए। इसके साथ ही खास पलों में वह मोमेंट भी शामिल हो गया जब प्रियंका ने के-पॉप बैंड ब्लैकपिंक की स्टार लीसा के साथ मंच साझा किया।

लियोनार्डो और जूलिया रॉबर्ट्स

मेरा ये लंबा सफर ईमानदारी पर टिका है: रानी मुखर्जी



फिल्म मर्दानी का एक सीन

रानी मुखर्जी ने सिनेमा में अपने 30 साल के सफर पर एक भावुक संदेश साझा किया है।

रानी ने लिखा, 'तीस साल... जब मैं यह जोर से कहती हूं तो यकीन नहीं होता, लेकिन यह हमें ये भी बताता है कि अगर आप दिल से वो काम करें जिसे आप सच में प्यार करते हैं, तो वक्त कब गुजर जाता है पता ही नहीं चलता। आप काम को लेकर और भी ज्यादा भूख महसूस करते हैं।'

रानी ने नो वन किल्ड जेसिका और मर्दानी जैसी फिल्मों में अपने किरदारों के बारे में कहा, 'मैं हमेशा ऐसी महिलाओं के प्रति अट्रैक्ट होती हूं जो अपने आसपास की दुनिया को चुनौती देती हैं, चाहे वो नो वन किल्ड जेसिका की तेजतर्रार पत्रकार हो या फिर मर्दानी की पुलिस अधिकारी।'

> अगर इन 30 सालों ने मुझे कुछ सिखाया है, तो वह यह है कि लंबे समय तक टिके रहना सिर्फ योग्यता के बारे में नहीं है, बल्कि यह ईमानदार बने रहने के बारे में है। मैं सभी की शुक्रगुजार हूं।

NBT खेल
नवभारत टाइम्स। मुंबई।
मंगलवार, 13 जनवरी 2026

अगर ICC वर्ल्ड क्रिकेट के हित में निष्पक्ष और सैद्धांतिक फैसला नहीं कर सकती है, तो उसे अपना कामकाज बंद कर देना चाहिए। अगर वह BCCI पर अपने फैसले लागू नहीं करा सकती तो उसके अस्तित्व का मतलब नहीं बनता है। *-सईद अजमल, पूर्व स्पिनर, पाकिस्तान*

49 सिक्स लगाए हैं रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे इंटरनैशनल में। वह दोनों देशों के बीच हुए वनडे में सर्वाधिक सिक्स लगाने वाले बैटर हैं। दो सिक्स लगाते ही वह शाहिद अफरीदी (50) को पीछे छोड़ वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ सर्वाधिक सिक्स लगाने वाले बैटर बन जाएंगे

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे इंटरनैशनल में सर्वाधिक सिक्स किस बैटर ने लगाए हैं?
A) रोहित शर्मा B) इयोन मॉर्गन C) रिकी पॉन्टिंग D) शाहिद अफरीदी
2. बार्सिलोना फुटबॉल क्लब कितनी बार सुपर कप खिताब जीत चुका है?
A) 13 B) 16 C) 18 D) 19

कल के जवाब
1. A) 22 2. B) साउथ कोरिया

लकी WINNER
1. नुसरा खान, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
2. हमीर सिंह, बुराड़ी, दिल्ली
3. महेश बजाज, बोरिवली, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

भारतीय शटलर्स के साथ आयोजकों के सामने भी होगा बड़ा चैलेंज

Rupesh.Singh@timesofindia.com

नई दिल्ली: भारतीय शटलर्स के सामने आज से शुरू होने जा रही इंडिया ओपन सुपर-750 बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिताबी सूखा खत्म करने का चैलेंज होगा। वहीं दूसरी तरफ आयोजकों के सामने प्रतियोगिता के दौरान मैच और प्रैक्टिस वेन्यू में साफ सफाई और व्यवस्था दुरुस्त रखने की चुनौती होगी। पिछले साल (2025) इस टूर्नामेंट के दौरान डेनमार्क की शटलर मिया ब्लिचफेल्ड सहित कई खिलाड़ियों ने खराब खेल परिस्थितियों, खासकर धुंध (स्मॉग), पक्षियों की गंदगी और खराब व्यवस्था पर नाराजगी जताई थी। इसे लेकर उन्होंने इंटरव्यू में निराशा व्यक्त की थी। मिया दूसरे राउंड में बाहर हो गई थीं। उन्होंने फूड पॉइजनिंग और खेल के लिए मुहैया कराई गई खराब परिस्थितियों को हार का कारण बताया था।

इंडिया ओपन बैडमिंटन 2026

सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में चिराग शेट्टी, सात्विकसाईराज, पीवी सिंधु, एचएस प्रणॉय और आयुष शेट्टी (बाएं से दाएं)

वर्ल्ड चैंपियनशिप का यही वेन्यू: इस बार इंडिया ओपन का महत्व और भी बढ़ गया है क्योंकि इस साल अगस्त में इसी वेन्यू पर BWF वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप भी आयोजित की जाएगी। इंडिया ओपन, वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए एक ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करेगा। ऐसे में खिलाड़ियों की तरफ से छोटी सी भी शिकायत वैश्विक पटल पर भारत का नाम खराब कर सकती है।

सिंधु, सेन होंगे बड़े दावेदार: भारतीय खिलाड़ियों का अपने घरेलू कोर्ट पर प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। पिछले 15 वर्षों में केवल कुछ खिलाड़ियों ने ही खिताब जीते हैं। एक बार फिर घरेलू दर्शकों को सबसे बड़ी उम्मीद पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन से होगी। ड्रॉ में भारतीय खिलाड़ियों के लिए शुरुआती चुनौतियां होंगी, जिसमें लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी के बीच मेंस सिंगल्स का ऑल इंडिया मुकाबला भी शामिल है। सिंधु का पहला मैच गुयेन थुई लिन्ह से होगा।

एक नजर में चैंपियनशिप

कब से कब तक:	13-18 जनवरी
कितने देश:	20
कितने प्लेयर्स:	256
भारतीय प्लेयर्स:	28
सबसे बड़ा दल:	36 (चीनी ताइपे)

8 खिताब भारत ने जीते हैं इंडिया ओपन बैडमिंटन के इतिहास में

9.5 लाख अमेरिकी डॉलर है कुल इनामी राशि

टेलिकास्ट: यूरोस्पोर्ट्स पर सुबह 10:00 बजे से

खिताब जीतने से बहुत कुछ बदल जाता है। जीत मायने रखती है, चाहे छोटी हो या बड़ी। हम एक जीत की तलाश में हैं जिससे आत्मविश्वास लौटे और हम चिर परिचित खेल दिखा सकें। *- सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, भारतीय डबल्स खिलाड़ी*

रेड्डी-शेट्टी की जोड़ी के लिए बढ़ता क्रेज

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

भारत में सिर्फ सिंगल्स के प्लेयर्स को स्टार का रुतबा मिलने के आम विचार को सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की मेंस डबल्स जोड़ी ने पलटा है। स्टेडियम में दर्शकों के बीच भारतीय सिंगल्स प्लेयर्स से ज्यादा क्रेज रेड्डी-शेट्टी के लिए देखने को मिलता रहा है। यह जोड़ी इस टूर्नामेंट में दो बार फाइनल में पहुंची है। उसने साल 2022 में खिताब जीता था। इस बार भी उससे खिताबी जीत की उम्मीद होगी।

वॉशिंगटन चोटिल, दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष शामिल

सुंदर की जगह बडोनी को बुलावा

भारत Vs न्यूजीलैंड वनडे सीरीज

पिछले एक वर्ष में बोलर के रूप में आयुष बडोनी ने अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। वह हमारे लिए नियमित रूप से विकेट ले रहे हैं। वह समझदार क्रिकेटर हैं और बहुत जल्दी सीखते हैं। *-सरनदीप सिंह, हेड कोच, दिल्ली टीम*

दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बडोनी

एजेंसियां, नई दिल्ली: ऑलराउंडर्स के लिए खास लगाव रखने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर के कार्यकाल में टीम इंडिया में दिल्ली के आयुष बडोनी के रूप में एक और हरफनमौला की एंट्री हो गई है। चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी वनडे सीरीज से बाहर हुए ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर की जगह बडोनी को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है।

चोटिल होने वाले तीसरे: वॉशिंगटन न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पहले वनडे मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पांच ओवर्स में 27 रन दिए और न्यूजीलैंड की पारी के बीच में ही मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद वह फील्डिंग के लिए मैदान पर नहीं उतरे। वह बाद में आठवें नंबर पर बैटिंग करने आए। ऋषभ पंत पिछले हफ्ते साइड स्ट्रेन के कारण सीरीज से बाहर हो गए थे, जबकि तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन टी20 मैचों के लिए उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि उन्हें ग्रोइन की चोट के लिए सर्जरी करवानी पड़ी थी।

व्हाइट बॉल चैलेंज

कौन आएगा इलेवन में: पिछले कुछ महीनों में टीम इंडिया ने सुंदर, अक्षर पटेल और नितीश कुमार रेड्डी के बीच अलग-अलग फॉर्मेट्स के प्लेइंग इलेवन में 'म्यूजिकल चेयर' का खेल देखा है। अब इस ट्रायंगल में बडोनी की एंट्री हो गई है। अब देखना होगा कि टीम मैनेजमेंट दूसरे वनडे में बडोनी को इलेवन में शामिल करता है या फिर पहले से टीम के साथ बने हुए फास्ट बोलिंग ऑलराउंडर नितीश को मौका देता है। वैसे बडोनी फिलहाल पूरी लय में नहीं दिख रहे हैं। वह बैटिंग ऑर्डर में नंबर-5 या उससे नीचे खेलते हुए सफल रहे हैं। उनका इकलौता लिस्ट-ए शतक भी नंबर-5 पर बैटिंग करते हुए है। बडोनी के पास 56 IPL मैचों का अनुभव भी है।

IPL से खींचा था ध्यान: इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पहली बार IPL में लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करके सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा था। लखनऊ की टीम में वह गंभीर के कोच रहते खेले थे। बडोनी का फर्स्ट क्लास में बैटिंग ऐवरेज 57.96 है, लेकिन लिस्ट-ए क्रिकेट के 27 मैचों में 36.47 के औसत से 693 रन बनाए हैं। सुंदर सीरीज में चोटिल होने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं।

दिल्ली के लिए झटका: बडोनी के राष्ट्रीय टीम में शामिल किए जाने का मतलब है कि वह मंगलवार को विदर्भ के खिलाफ बेंगलुरु में विजय हजारे ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल मैच में नहीं खेल पाएंगे। दिल्ली के लिए यह झटका साबित हो सकता है।

टीम मैनेजमेंट मुझे ऑलराउंडर के तौर पर तैयार कर रहा है:राणा



वडोदरा: पेसर हर्षित राणा ने पुष्टि की है कि टीम मैनेजमेंट ने उनसे अपने बल्लेबाजी कौशल में सुधार करने के लिए कहा है। राणा ने पहले वनडे में दो विकेट लेने के बाद मुश्किल वक्त में 23 गेंदों में 29 रन बनाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। राणा ने कहा, 'टीम मैनेजमेंट मुझे एक ऑलराउंडर के रूप में तैयार करना चाहता है और मैं इस पर लगातार काम कर रहा हूं। मैं प्रैक्टिस सेशन के दौरान अपनी बैटिंग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। टीम चाहती है कि मैं ऑलराउंडर के तौर पर आठवें नंबर पर बैटिंग करूं। मुझे विश्वास है कि जरूरत पड़ने पर मैं निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए 30-40 रन बना सकता हूं।'

कर्नाटक, सौराष्ट्र सेमीफाइनल में

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

एजेंसियां, बेंगलुरु: मौजूदा चैंपियन कर्नाटक ने देवदत्त पडिक्कल (81* रन, 95 बॉल) और करुण नायर (74*, 80 बॉल) की नाबाद पारियों की बदौलत लगातार चौथी बार विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली। बारिश से प्रभावित मैच में कर्नाटक ने सोमवार को मुंबई को वीजेडी मेथड से 54 रन से हराया। कर्नाटक 255 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 33 ओवर्स में एक विकेट पर 187 रन बना चुका था। जब खेल रुका तब वीजेडी मेथड के हिसाब से पार स्कोर 132 रन था। इससे पहले मुंबई इससे पहले मुंबई को करारा झटका लगा जब अभ्यास के दौरान उंगली में चोट के कारण उसके टॉप बैटर सरफराज खान टूर्नामेंट से बाहर हो गए। टॉस हारने के बाद मुंबई की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए आठ विकेट पर 254 रन बनाए।

SOCIAL MEDIA

देवदत्त (बाएं) और करुण ने 143* रन की अटूट शतकीय साझेदारी की

721 रन बनाए हैं देवदत्त ने इस सीजन विजय हजारे ट्रॉफी में। वह विजय हजारे के इतिहास में दो सीजन में 700+ रन बनाने वाले पहले प्लेयर बन गए हैं

यूपी की टीम भी हारी

बेंगलुरु: एक अन्य क्वॉर्टर फाइनल में कप्तान हार्विक देसाई (100* रन) के शतक से सौराष्ट्र ने वर्षा बाधित मैच में उत्तर प्रदेश को वीजेडी मेथड से 17 रन से हराया। टॉस गंवाने के बाद यूपी की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए आठ विकेट पर 310 रन बनाए। जवाब में सौराष्ट्र 40.1 ओवर्स में 3 विकेट पर 238 रन बना चुकी थी, तो बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा।

विराट पर अंकुश नहीं लगा सकते: जेमीसन

रिऐक्शंस

विराट कोहली

एजेंसियां, वडोदरा: विराट कोहली के प्रतिद्वंद्वी और साथी खिलाड़ी दोनों रह चुके न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर काइल जेमीसन इस भारतीय बैटर के कौशल को देख कर हैरान रह जाते हैं। उनका मानना है कि विराट पर अंकुश लगाना किसी भी बोलर के लिए टेढ़ी खीर होती है। विराट संडे को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में वनडे फॉर्मेट की 54वीं सेंचुरी बनाने के करीब थे, लेकिन जेमीसन ने उन्हें आउट कर दिया। इंडियन प्रीमियर लीग में बेंगलुरु टीम में विराट के साथ खेल चुके जेमीसन ने कहा, 'उनसे मुकाबला करने के लिए आपको अपना बेस्ट देना होगा। वह एक अलग ही स्तर के खिलाड़ी हैं और अधिकतर समय अच्छी लय में नजर आते हैं। उन जैसे बैटर्स पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता।'

बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है प्रेशर: हरमनप्रीत

218 गोल कर चुके हैं 254 इंटरनैशनल मैच में भारतीय सीनियर टीम से खेलते हुए हरमनप्रीत सिंह

FILE

हॉकी इंडिया लीग 2026

Rupesh.Singh@timesofindia.com

नई दिल्ली: भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि प्रेशर अच्छी चीज होती है क्योंकि ये हर-पल आपको और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। इन दिनों हॉकी इंडिया लीग (HIL) में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब की अगुआई कर रहे हरमनप्रीत ने नैशनल और लीग टीम की कप्तानी में फर्क और दबाव पर पूछे गए सवाल पर कहा, 'प्रेशर अच्छी चीज है, प्रेशर नहीं रहता है तो आप अपनी जिम्मेदारियों से कभी कभार लेफ्ट-राइट भी हो जाते हैं, लेकिन जब तक आपके दिमाग में यह बात रहती है कि मैं यहां क्यों हूं, मेरी क्या जिम्मेदारियां हैं और क्या जिम्मेदारियां दी गई हैं तो आप उसे पूरा करने के लिए अपना हंड्रेड पर्सेंट देते हैं।'

हरमन ने दोनों टीमों की कप्तान में फर्क पर कहा, 'कप्तानी भारत की हो या फिर क्लब की, दोनों में ही जिम्मेदारी बराबर है। यहां लीग में सिर्फ फर्क यह पैदा होता है कि यहां कई नए चेहरों और प्लेयर्स के साथ आपको डील करना होता है। कई जूनियर आ रहे हैं। उन्हें तराशना और साथ लेकर चलना है। सभी को उनकी भूमिका का अहसास कराना होता है।'

भारतीय टीम को मिलेगी मजबूती: हॉकी इंडिया लीग पर इस स्टार ड्रैगफ्लिकर ने कहा, 'लीग का फायदा भारतीय खिलाड़ियों को भरपूर मिलता है। वर्ल्ड के बेस्ट प्लेयर्स के साथ और उनके खिलाफ खेलने पर आप बहुत चीजें सीखते हैं और इंटरनैशनल लेवल पर जब आप जाएंगे तो ये अनुभव काम आता है। युवा खिलाड़ियों के लिए यह अनुभव बहुमूल्य है। लीग की वजह से नई प्रतिभाएं निखर कर आएंगी, जिससे हमारी नैशनल टीम को ही मजबूती मिलेगी।'

टारगेट ट्रॉफी जीतने का: हरमन ने युवा प्लेयर्स को सूम करने और एक अच्छी टीम तैयार करने में मैनेजमेंट की भूमिका को अहम माना। उन्होंने कहा, 'हमारा यह दूसरा सीजन है और अच्छी बात यह है कि सूरमा की इस सीजन भी टीम लगभग वही है, जो पिछले सीजन में थी। जेएसडब्ल्यू टीम मैनेजमेंट इस मामले में बेहतरीन काम कर रहा है। टीम में ज्यादा बदलाव नहीं है। ऐसे में हम वहां से ही शुरू कर सकते हैं जहां हमने पिछले सीजन छोड़ा था। पिछले सीजन हम तीसरे पर रहे थे और इस बार टारगेट ट्रॉफी है।'

WPL: दर्शकों को नो एंट्री!

NBT रिपोर्ट, मुंबई: नवी मुंबई सहित विभिन्न महानगरपालिकाओं के 15 जनवरी को होने वाले चुनाव के कारण विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के मैचों के दौरान दर्शकों को नवी मुंबई स्थित डीवाय पाटील स्टेडियम में एंट्री नहीं मिलेगी। नवी मुंबई पुलिस के सूत्रों ने बताया कि आगामी महापालिका चुनाव के मद्देनजर 15 जनवरी (मतदान दिवस) और 16 जनवरी (मतगणना दिवस) को नवी मुंबई स्थित डीवाय पाटील स्टेडियम में चल रहे WPL के मुकाबलों में दर्शकों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। वैसे लीग की वेबसाइट पर नजर डालें, तो पता चलता है कि 14, 15 और 16 जनवरी को खेले जाने वाले WPL के मैचों की टिकटें बुकिंग के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

SOM के लिए पात्रता तय

नई दिल्ली: केंद्रीय खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन (NSG) अधिनियम से जुड़े नियमों को अधिसूचित किया है। साथ ही राष्ट्रीय महासंघों में मेरिट वाले खिलाड़ियों (SOM) को शामिल करने के लिए कई स्तर वाले पात्रता नियमों को पेश किया गया। दोषी व्यक्तियों के चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने पर लगे बैन को जारी रखा गया है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय महासंघों की आम सभा में कम से कम दो महिलाओं सहित चार SOM को शामिल करना अनिवार्य कर दिया है।

गुजरात के सामने चैंपियन मुंबई को रहना होगा सतर्क

विमिंस प्रीमियर लीग

मुंबई की नैट सिवर-ब्रंट

टेलिकास्ट: शाम 7:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

एजेंसियां, नवी मुंबई: अब तक शानदार प्रदर्शन कर रही गुजरात जायंट्स की टीम मंगलवार को विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के मुकाबले में चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना विजय अभियान जारी रखने के इरादे से उतरेगी। जायंट्स का बैटिंग ऑर्डर इस सीजन में उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। टीम ने अपने पहले दोनों मुकाबलों में 200 से अधिक रन बनाते हुए जीत दर्ज की है। उस मैच में ओपनर सोफी डिवाइन ने 42 गेंद में 95 रन की धमाकेदार पारी खेली, जबकि गेंदबाजों ने बड़े स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया। दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस ने पहले मैच की हार के बाद दिल्ली को हराकर वापसी की थी। नैट सिवर-ब्रंट शानदार फॉर्म में हैं, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी पिछले मैच में 74 रन बनाकर लय पकड़ी है।

रसेल की एक और हैटट्रिक से जीती HIL GC की टीम

हॉकी इंडिया लीग 2026

SOCIAL MEDIA

HIL GC के प्लेयर केन रसेल

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: केन रसेल ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सीजन की अपनी तीसरी हैटट्रिक पूरी की, जिसकी बदौलत HIL GC (हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग काउंसिल) ने अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगंस के खिलाफ जीत दर्ज की। टीम ने रांची में हुए मैच में ड्रैगंस को 4-2 से हराया। सीजन के अपने पहले दो मैच हैटट्रिक लगा चुके रसेल ने 14वें मिनट में HIL GC के लिए पहला गोल दागा। रसेल ने दूसरा गोल 33वें मिनट में किया जबकि 47वें मिनट में हैटट्रिक लगाई। HIL GC के लिए सैम वार्ड ने भी एक गोल किया। ड्रैगंस के लिए उत्तम सिंह और ब्लैक गोवर्स ने गोल दागे। एक अन्य मुकाबले में दिल्ली की टीम एसजी पाइपर्स ने हैदराबाद तूफांस को 2-1 से मात देकर सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की। पाइपर्स को अपने पहले दो मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था। HIL GC की टीम नौ अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है।

राफिन्हा के शानदार खेल से बार्सिलोना ने जीता खिताब

स्पेनिश सुपर कप

बार्सिलोना के लामिन यमाल, रॉबर्ट लेवानडोस्की, राफिन्हा (बाएं से दाएं)

एपी, जेद्दा: राफिन्हा के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रियाल मैड्रिड को 3-2 से हराया। बार्सिलोना ने 16वां सुपर कप खिताब जीता, जो किसी भी अन्य क्लब से अधिक है। रियाल मैड्रिड 13 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है। राफिन्हा का 73वें मिनट में किया गया विजयी गोल संयोगवश आया, जब शॉट मारते समय वह फिसल गए और गेंद मैड्रिड के डिफेंडर राउल असेंसियो से टकराकर गोलकीपर को चकमा दे गई। फाइनल के पहले हाफ का अंत बेहद रोमांचक रहा, जब ब्रेक से पहले स्टॉपेज टाइम में तीन गोल हुए, जिनमें से दो रियाल मैड्रिड ने और एक बार्सिलोना ने किया।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES (21 Mar - 19 Apr): आज आपको जिस बात की चिंता है वह नहीं होगी। किसी से कोई वादा अभी न करें, अन्यथा आगे चलकर पछताना पड़ेगा। हो सकता है जिसका भला आप करने की सोच रहे हैं वह आपसे कोई बड़ा फायदा चाह रहा है। कार्यक्षेत्र में वातावरण आपके प्रतिकूल होगा, लेकिन आप सबकुछ सामान्य करने में सफल रहेंगे।

TAURUS (20 Apr - 19 May): आज आपके कंधे पर कुछ अतिरिक्त कार्यभार आ सकता है। यदि आप नौकरी करते हैं तो कोई नया काम आपको सौंपा जा सकता है। रही बात घरेलू समस्याओं की, तो वहां भी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। हो सकता है कोई ऐसा सलाह आपके काम आ जाए। जिस काम में रुचि है उसके लिए समय निकालें।

GEMINI (21 May - 21 Jun): आज के दिन कार्यक्षेत्र में आपके सीनियर्स आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपकी कार्यकुशलता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। कुछ उत्तरदायित्व वाला काम भी आपको आज मिल सकता है। आपकी तरक्की देख विरोधियों का मनोबल गिरेगा। कुछ कठिनाई के बावजूद आप स्वयं को कमजोर न समझें।

CANCER (22 Jun - 22 July): आप कई बार गुस्से में आकर कभी-कभी भारी गलती कर बैठते हैं। ऐसे में फिर आगे चलकर वही कार्य आपके लिए मुसीबत बन जाता है। बेहतर होगा कि आज के दिन आप खुद पर काबू रखें। किसी से फिजूल की बहसबाजी में उलझना आज के दिन ठीक नहीं। आर्थिक दृष्टि से आज का दिन अच्छा है। दिनभर धन लाभ के योग हैं।

LEO (23 July - 22 Aug): आज आपको अपने चारों तरफ के वातावरण पर कड़ी नजर रखनी होगी। आपको पता होना चाहिए कि आपके आसपास क्या हो रहा है। कोई व्यक्ति जो आपका विरोधी है या फिर बिजनेस में सहयोग उसका पूरा ध्यान आपके पीछे लगा हुआ है। निवेश के मामले में आज के दिन जोखिम उठा सकते हैं।

VIRGO (23 Aug - 22 Sep): आज के दिन आपके कार्यक्षेत्र में कुछ फेर बदल आपको परेशान करेंगे। अगर लंबे समय के हिसाब से सोचेंगे, तो यह बदलाव आपके पक्ष में ही है। आपको अपने कार्यक्षेत्र में अपने साथियों का सहयोग भी मिलेगा। आज के दिन कोई आपसे दोस्ती का हाथ बढ़ाएगा। किसी को निराश न करें।

LIBRA (23 Sep - 22 Oct): यदि आप किसी उलझन में हैं तो आपको किसी विश्वस्त से अपनी परेशानी साफ-साफ जाहिर कर देना चाहिए। घर के किसी सदस्य से कोई बात छुपाई है, तो उसे जरूर बता दें, अन्यथा आगे चलकर भविष्य में रिश्ते खराब हो सकते हैं। ससुराल पक्ष से आज के दिन आपको सहयोग मिलेगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक का योग भी अच्छा है।

SCORPIO (23 Oct - 21 Nov): यदि आप आज कोई नई नौकरी खोज रहे हैं या फिर नया कारोबार करना चाहते हैं तो अपने ही इर्द-गिर्द लोगों की मदद लें। हो सकता है इनमें से कोई आपके लिए मददगार साबित हो जाए। आपने आने वाले कल पर जो भी करना है उसे समय रहते ही आज के दिन आप जल्द से जल्द कर लें।

SAGITTARIUS (22 Nov - 21 Dec): आज आप अपने काम को पूरा करने में कुछ तत्परता दिखाएं। यदि आप ढीले रहे तो सभी महत्वपूर्ण कार्य और भी देरी से हो सकते हैं। हो सकता है जिस मुकाम को आप हासिल करना चाहते हैं वह कोई और पा ले। जो भी करना है बिना समय गवाए, आज ही कर लें।

CAPRICORN (22 Dec - 19 Jan): आज आपके लिए किसी पुराने संकल्प को पूरा करने का दिन है। जो भी आपके काम अधूरे लटके हुए हैं, उन्हें आज समय रहते ही पूरा कर लें। जितना भी आप किसी मामले को लंबा खींचने की कोशिश में रहेंगे आगे चलकर उसी में आपकी मुसीबत बढ़ जाएगी और खर्च भी।

AQUARIUS (20 Jan - 18 Feb): काफी समय के बाद आपके रूटीन लाइफ में बदलाव आ रहे हैं। यदि कोई नया पद आपको मिल रहा है तो आप उसके स्वीकार करने में देर न लगाएं, क्योंकि हो सकता है यहीं से आपके लिए तरक्की का द्वार खुल जाए। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से आज व्यस्तता बढ़ सकती है।

PISCES (19 Feb - 20 Mar): आज आपको न चाहते हुए भी कहीं जाना पड़ सकता है। फिजूल की भागदौड़ से आज दूर रहें और किसी शान दिखाने वाले व्यक्ति से आमना मुकाबला न करें। आज आप कुछ लोगों का ध्यान भी आकर्षित करेंगे। रात्रि के समय कहीं बाहर घूमने जाएंगे। कार्यालय में भी आपके अनुकूल वातावरण बनेगा तथा आपके साथी आपका सहयोग भी करेंगे।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष चंद्रमा, बुध, मंगल सहित शनि आपके भाग्यफल के स्वामी बने रहेंगे। जनवरी तीस तक व्यापार में कभी अच्छा लाभ में निरंतर कमी रहेगी। फरवरी महीने के आरंभ से मार्च महीने के अंत तक शुभ कार्यों में भी जोखिम पड़ता दिख रहा है। हालांकि सभी परेशानियां अस्थायी हैं। अप्रैल माह से लेकर मई माह के मध्य तक में काम-धंधा पटरी पर आता प्रतीत हो रहा है। इस दौरान आपकी आय के नए स्रोत बनेंगे और आपका जीवनस्तर भी ऊंचा उठेगा। जून के महीने में किसी चमत्कारिक घटनाक्रम के अंतर्गत रुका हुआ धन हस्तगत हो जाएगा। जुलाई महीने में चलते-फिरते कार्यों से भी लाभ होंगे अगस्त-सितंबर में आर्थिक स्थिति और भी बेहतर होगी। अक्टूबर-नवंबर आरंभ तक परिवार में मंगल कार्यों की योजना भी परिवार में बनेगी। वर्ष का उत्तरार्ध महिलाओं के लिए विशेष कामनापूरक और ऐश्वर्य प्राप्त कराने वाला होगा। दिसंबर अंत से जनवरी 2027 आरंभ तक विद्यार्थी वर्ग विशेष परिश्रम करने पर भी अल्प संतोष से काम चलाएंगे। इस वर्ष आप जिस हानि की आशंका से भयभीत हैं वह नहीं होगी। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। अनावश्यक व्यय भी होगा। *-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा*

कल का पंचांग
(बुधवार, 14 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 25, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, एकादशी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 1, रजब 24, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 14 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। एकादशी तिथि सायंकाल 5 बजकर 53 मिनट तक उपरांत द्वादशी तिथि का आरंभ। अनुराधा नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 3 बजकर 4 मिनट तक उपरांत ज्येष्ठा नक्षत्र का आरंभ। वृद्धि योग सायं 7 बजकर 50 मिनट तक उपरांत ध्रुव योग का आरंभ। बालव करण सायं 5 बजकर 53 मिनट तक उपरांत तैतिल करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात वृश्चिक राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार- भद्रा सायं 4 बजे तक। लोहड़ी पर्व (पंजाब, हरियाणा, जम्मू, दिल्ली)।

सुडोकू

					1			
8			5	7				
5				2		7	3	8
2			1				9	
	9						5	
	5				4			6
3	4	9		6				1
				4	8			2
			7					

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू	14:30 हम पांच
10:00 बदबुध बुडबक	15:00 अजब देश की गजब कहानी
11:00 रुद्र के रक्षक	16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
11:30 अलादीन	19:30 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण	21:00 चीरा
13:30 म से मांडे	

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMIND User: ccl Time: 01-12-2026 23:24 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब हुआ पहला पब्लिक रेडियो प्रसारण

आज के दिन 1910 में दुनिया का पहला सार्वजनिक रेडियो प्रसारण न्यू यॉर्क में हुआ था। मशहूर वैज्ञानिक ली डी फॉरेस्ट (Lee de Forest) ने इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने न्यू यॉर्क के ओपेरा हाउस से गायकों की आवाज को रेडियो तरंगों के जरिए हवा में भेजा। उस समय लोगों के पास आज की तरह रेडियो नहीं थे, इसलिए इसे समुद्र में खड़े जहाजों और कुछ खास जगहों पर रिसीवर लगाकर सुना गया।

मूड के हिसाब से होगा रेडियो का कंटेंट

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में रेडियो और अधिक अदृश्य रूप में मौजूद होगा। यह किसी डिवाइस तक सीमित नहीं होगा, बल्कि कानों में लगे इयरबड, स्मार्ट चश्मों और आसपास के माहौल में मौजूद होगा। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की मदद से रेडियो व्यक्ति के मूड, रुचि और भाषा के हिसाब से खुद कंटेंट तैयार करेगा। 3D साउंड तकनीक से घटनाएं इस तरह सुनाई देंगी जैसे सुनने वाला वहीं मौजूद हो। तकनीक बदलेगी, लेकिन आवाज से जुड़ाव की ताकत बनी रहेगी।



AI Images

SPEED News

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में IED

File

ब्लास्ट में 6 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। घटना में 3 घायल हैं। पुलिस की गाड़ी को निशाना बनाकर एक पुल पर हमला किया गया।

ब्रिटेन ने नाटो देशों के साथ आर्कटिक क्षेत्र में

सुरक्षा मजबूत करने पर बातचीत शुरू की है ताकि रूस, चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला किया जा सके।

समुद्री आहार सुरक्षा पर शिखर सम्मेलन

में हिस्सा लेने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह सोमवार को यरूशलम पहुंचे। 15 जनवरी तक यह सम्मेलन चलेगा।

AFP

अर्जेंटीना में पैटागोनिया के जंगल में लगी आग

ने 12,000 हेक्टेयर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे स्थानीय निवासियों पर खतरा मंडरा रहा है।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

तेहरान की सड़कों पर शवों का ढेर

दावा- 3 हजार से ज्यादा मारे गए, सड़कों पर अब सरकार के समर्थन में भी प्रदर्शन

■ एपी/एएफपी, दुबई/पेरिस

ईरान में पिछले दो हफ्तों से ज्यादा समय से सत्तारूढ़ शासन के खिलाफ जनता सड़कों पर है। करीब 200 शहरों में यह विरोध प्रदर्शन पहुंच चुका है। दावा है कि अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है और 10 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। मरने वालों में प्रदर्शनकारियों के साथ ही सुरक्षाबलों के जवान भी हैं। राजधानी तेहरान के कई विडियो रविवार को वायरल हुए। सड़कों पर हजारों की भीड़ है और लोग ताबूत लेकर चलते दिखे। राजधानी काहरिजक फरेंसिक मेडिकल सेंटर के बाहर कई शवों को बॉडी बैग में बंद कर जमीन पर रखा गया था।

ईरान के विदेश मंत्री बोले- हम युद्ध नहीं चाहते

नॉर्वे की संस्था ईरान ह्यूमन राइट्स (IHR) अनुसार, अपुष्ट रिपोर्टों में मृतकों की संख्या सैकड़ों से लेकर 2,000 से अधिक तक बताई जा रही है। करीब 2,600 लोगों की गिरफ्तारी का भी अनुमान है। विपक्षी संगठन पीपुल्स मुजाहिदीन (MEK) ने दावा किया है कि उसके सूत्रों के मुताबिक 3,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, हालांकि इस आंकड़े की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं, सरकार के समर्थन में भी सोमवार को कई जगह प्रदर्शन हुए। ईरान ने सोमवार को कहा कि वह युद्ध और बातचीत दोनों के लिए तैयार है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने तेहरान में विदेशी राजनयिकों के सम्मेलन में कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर हालात बिगड़ते हैं तो वह पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान बातचीत के लिए भी तैयार है, बशर्ते वह बराबरी, आपसी सम्मान और निष्पक्ष शर्तों पर हो।

ट्रंप को बहाना मिले, इसलिए प्रदर्शन हुए: ईरान: ईरान के विदेश मंत्री ने सोमवार को आरोप लगाया कि उनके देश में हिंसक प्रदर्शन हुए ताकि ट्रंप को हस्तक्षेप करने का बहाना मिल सके। विदेश मंत्री ने हालांकि अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। अराघची ने तेहरान में विदेशी राजनयिकों से बात की। कतर की ओर से वित्त पोषित अल जजीरा सैटलाइट न्यूज नेटवर्क ने उनके बयान प्रसारित किए।

AFP

84 घंटे से इंटरनेट बंद, संगठन बोले- मौत का आंकड़ा छुपाने को लगाई रोक

अमेरिका में भी प्रदर्शन। लॉस ऐंजिलिस, कैलिफोर्निया में एक्टिविस्ट्स ने 'फ्री ईरान' रैली में हिस्सा लिया। विपक्षी संगठन पीपुल्स मुजाहिदीन (MEK) ने दावा किया है कि उसके सूत्रों के मुताबिक 3,000 से ज्यादा लोग ईरान में मारे गए हैं। ईरान की सरकार इंटरनेट बंद करके आंकड़े छुपा रही है।

सरकारी टीवी ने समर्थन के प्रदर्शन के फुटेज दिखाए

इंटरनेट मॉनिटर नेटब्लॉक्स के मुताबिक, ईरान में 84 घंटे से ज्यादा वक्त से इंटरनेट बंद है। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि इंटरनेट बंद करने का मकसद प्रदर्शनों पर हुई कार्रवाई में मारे गए लोगों की वास्तविक संख्या को छिपाना है। ईरानी सरकारी टीवी ने राजधानी तेहरान के एंघेलाब स्क्वायर यानी इस्लामिक रिवॉल्यूशन स्क्वायर की ओर उमड़ती भारी भीड़ के फुटेज दिखाए। सरकारी मीडिया ने इस प्रदर्शन को अमेरिका के आतंकवाद के खिलाफ ईरानी जनउभार करार दिया। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्रंप के विशेष दूत से बातचीत का एक चैनल खुला है।

AFP का दावा-एक मुर्दाघर के बाहर ऐसा हाल दिखा

सरकार ने कहा- सुरक्षा बलों के जवान भी मारे गए

ईरानी सरकार का कहना है कि प्रदर्शन को कंट्रोल करने वाले सुरक्षा बलों के भी दर्जनों जवान मारे गए हैं। सरकारी मीडिया ने उनके अंतिम संस्कार को बड़े पैमाने पर हुए सरकार समर्थक प्रदर्शनों के रूप में दिखाया है। तेहरान के गवर्नर मोहम्मद-सादेग मोतामेदियन ने दावा किया है कि प्रदर्शनों की संख्या कम हो रही है और हालात सामान्य हो रहे हैं। मारे गए सुरक्षा बलों को श्रद्धांजलि देने के लिए सरकार ने 3 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। वहीं, ईरान के आखिरी शाह के बेटे रजा पहलवी ने सुरक्षा बलों से प्रदर्शनकारियों का साथ देने की अपील की है।

यमुना किनारे राजघाट में बनेगा दिल्ली का नाइट लाइफ जोन

Brijesh.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** यमुना किनारे स्थित राजघाट पावर प्लांट अब सिर्फ अतीत की पहचान नहीं रहेगा, बल्कि फ्यूचर में दिल्ली की सबसे जीवंत नाइट लाइफ और कल्चरल हब के रूप में यंग इंडिया का नया अड्डा बनेगा। दिल्ली सरकार ने बंद हो चुके राजघाट पावर प्लांट को नाइट जोन एक्टिविटी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया है। अब इस जगह को सरकार ने नाइट लाइफ जोन के रूप में विकसित करने का प्लान बनाया है। यहां पर, फूड हब, स्ट्रीट फूड जोन, नाइट मार्केट के अलावा दिल्ली की विरासत को समझाने वाले शो भी आयोजित होंगे।

फरवरी से क्रूज की सवारी: दिल्ली वाले फरवरी में यमुना नदी पर क्रूज के सफर का आनंद ले पाएंगे। पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि क्रूज का निर्माण मुंबई में अपने अंतिम चरण में है।

खाओ गली तैयार की गई: दिल्ली के सलीमगढ़ किले के पीछे बनी सर्विस रोड जल्द स्ट्रीट फूड के शौकीन लोगों की पसंद बनने वाली है। एमसीडी ने लोहे के पुराने पुल के पास खाओ गली तैयार की है।

जर्मनी के साथ डिफेंस, एजुकेशन से जुड़ी डील

PTI

कार में साथ बैठे मोदी-मर्त्स: पीएम नरेंद्र मोदी और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्स ने कार्यक्रम के बाद एक ही कार में सफर किया।

■ एपी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्स के बीच सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में मुलाकात हुई। दोनों नेताओं के बीच भारत और यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी के बीच आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को और गहरा करने पर बातचीत हुई। गांधीनगर में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दोनों देशों ने रक्षा क्षेत्र, कौशल विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये कदम ऐसे समय में उठाए गए हैं जब दोनों देश चीन पर निर्भरता कम करने और आपसी आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।

हेल्थ सेक्टर में काम करने वालों को जर्मनी में होगी आसानी

मोदी ने कहा कि जर्मनी, यूरोपीय संघ में भारत का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है और दोनों नेता इस संबंध को और विस्तार देने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्लाइमेट ऐक्शन, पावर और दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ एलिमेंट्स) के खनन जैसे क्षेत्रों में नए प्रोजेक्ट्स पर काम किया जा रहा है। मोदी ने यह भी कहा कि दोनों देशों ने रक्षा उद्योगों के बीच संयुक्त विकास और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक रोडमैप पर सहमति बनाई है। हालांकि जर्मनी के भारत के साथ पारंपरिक रूप से मजबूत रक्षा संबंध नहीं रहे हैं। जर्मनी की कंपनी थाइसेनक्रुप के भारतीय कंपनियों के साथ मिलकर भारत में छह उन्नत पारंपरिक पनडुब्बियों के निर्माण में साझेदारी करने की संभावना है, जो भारतीय नौसेना के आधुनिकीकरण का हिस्सा है। दोनों देशों ने एक ऐसे समझौते पर भी हस्ताक्षर किए, जिससे जर्मनी के स्वास्थ्य क्षेत्र में भारतीय पेशेवरों के लिए काम करना आसान हो जाएगा।

बेबी अरिहा शाह का मामला भी उठाया

बेबी अरिहा शाह का मामला एक बार फिर चर्चा में है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि जर्मनी में पिछले 40 महीनों से फोस्टर केयर में रह रही भारतीय बच्ची अरिहा को लेकर भारत सरकार जर्मन अधिकारियों से उच्चतम स्तर पर लगातार संपर्क में है। भारत का मानना है कि यह मामला अब कानूनी नहीं बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। TOI के मुताबिक, मिसरी ने कहा कि पीएम ने भी इस विषय को जर्मनी के चांसलर के सामने उठाया है। साथ ही यह प्रयास किए जा रहे हैं कि अरिहा जर्मनी में रहते हुए भारतीय सांस्कृतिक माहौल से जुड़ी रहे। अरिहा को सितंबर 2021 में 7 महीने की उम्र में एक दुर्घटना के बाद जर्मन बाल संरक्षण एजेंसी ने फोस्टर केयर में रखा था। माता-पिता के खिलाफ मामले 2022 में बंद हो चुके हैं, फिर भी वह अब तक परिवार से अलग है।

गाजा में हमास भंग करेगा सरकार

AP

इस्राइली जेलों में बंद कैदियों की रिहाई के लिए गाजा में प्रदर्शन

■ **एपी, काहिरा:** हमास ने कहा है कि वह अमेरिका की मध्यस्थता में तय हुई शांति योजना के तहत फलस्तीनी निकाय के कार्यभार संभालने के बाद गाजा में अपनी मौजूदा सरकार भंग कर देगा। हालांकि समूह ने रविवार को इसका ऐलान करते हुए यह नहीं बताया कि ऐसा कब होगा। हमास और उसके प्रतिद्वंद्वी फलस्तीनी अथॉरिटी ने निकाय के लिए अपने सदस्यों के नामों की घोषणा नहीं की है। ये सदस्य राजनीति से जुड़े नहीं होंगे। फलस्तीनी अथॉरिटी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली हुई है।

ट्रंप ने क्यूबा का तेल बंद करने की दी धमकी

क्यूबा के राष्ट्रपति बोले- आदेश नहीं दे सकते, आखिरी सांस तक रक्षा करेंगे

■ एएफपी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रविवार को क्यूबा को खुली धमकी दी कि अगर उसने जल्द कोई समझौता नहीं किया, तो अमेरिका क्यूबा को मिलने वाला सारा तेल और पैसा पूरी तरह बंद कर देगा। ट्रंप का कहना है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के सत्ता से हटने के बाद अब क्यूबा को सहारा देने वाला कोई नहीं बचा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि क्यूबा वर्षों से वेनेजुएला से सस्ता तेल और पैसा लेता रहा है। बदले में वहां की सरकारों को सुरक्षा सेवाएं देता था, लेकिन अब यह सब खत्म हो गया है। उन्होंने दावा किया कि हाल ही में अमेरिकी कार्रवाई में वेनेजुएला में मौजूद कई क्यूबाई सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और अब वेनेजुएला को क्यूबा की जरूरत नहीं है। हालांकि ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि वह क्यूबा से किस तरह की डील चाहते हैं।

ट्रंप बोले, क्यूबा वेनेजुएला से ले रहा था सस्ता तेल

ट्रंप के बयान पर क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज कैनेल (Miguel Diaz Canel) ने कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि क्यूबा एक आजाद और संप्रभु देश है और कोई उसे आदेश नहीं दे सकता। उन्होंने यह भी कहा कि क्यूबा के लोग अपने देश की रक्षा आखिरी सांस तक करने को तैयार हैं। क्यूबा के विदेश मंत्री ने भी कहा कि क्यूबा को पूरा हक है कि वह जिस देश से चाहे, वहां से ईंधन खरीदे और अमेरिका को इसमें दखल देने का कोई अधिकार नहीं है। अमेरिका ने 1962 से ही क्यूबा पर व्यापारिक प्रतिबंध लगा रखे हैं।

मिगेल डियाज कैनेल

ट्रंप की धमकियों पर क्यूबा के लोग गंभीर नहीं

क्यूबा की राजधानी हवाना (Havana) की सड़कों पर आम लोग ट्रंप की धमकियों को ज्यादा गंभीरता से नहीं ले रहे। 65 साल की मर्सिडीज सिमोन का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति दशकों से क्यूबा के बारे में सिर्फ बातें ही करते आए हैं, असल में कुछ नहीं बदलता। 21 साल के मार्कोस साचेज का मानना है कि दोनों देशों को बिना हिंसा के बातचीत से हल निकालना चाहिए।

ट्रंप फिर बोले, भारत, पाक युद्ध रुकवाया

■ **पीटीआई, न्यू यॉर्क:** ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष सुलझाने का दावा एक बार फिर दोहराते हुए कहा कि उन्होंने 8 युद्ध समाप्त कराए लेकिन फिर भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिला। ट्रंप ने पिछले सप्ताह 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'मैंने आठ युद्ध खत्म किए। अगर आप उन युद्धों को देखें, तो ये भी बेहद कठिन युद्ध थे। और मैं आपको बताता हूं कि भारत और पाकिस्तान आपस में लड़ रहे थे।'

2 देशों में Grok बैन, डीपफेक वजह

मलयेशिया और इंडोनेशिया ने AI चैटबॉट पर लगाया प्रतिबंध

AI image

■ एपी, कुआलालंपुर (मलयेशिया)

मलयेशिया और इंडोनेशिया इलॉन मस्क की कंपनी xAI की ओर से विकसित AI चैटबॉट Grok पर प्रतिबंध लगाने वाले दुनिया के पहले देश बन गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस टूल का दुरुपयोग अश्लील और बिना सहमति के डीपफेक इमेज बनाने में किया जा रहा था। मस्क के ही सोशल मीडिया मंच X से उपलब्ध Grok पर महिलाओं और बच्चों से जुड़े आपत्तिजनक और छेड़छाड़ वाले कंटेंट तैयार करने के आरोप लगे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया के इन दोनों देशों के नियामकों ने कहा कि मौजूदा नियंत्रण उपाय नकली अश्लील सामग्री, खासकर महिलाओं और नाबालिगों से जुड़ी सामग्री के निर्माण और प्रसार को रोकने में असफल रहे हैं।

छेड़छाड़ वाले कंटेंट बनाने का आरोप

मचाडो से मिले पोप लियो

AFP



■ **एपी, रोम:** पोप लियो 14वें ने सोमवार को वेटिकन में वेनेजुएला की विपक्षी नेता और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो से मुलाकात की। यह मीटिंग पोप के पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों की सूची में शामिल नहीं थी।

पाकिस्तान ने दी रॉकेट फोर्स कमांड बनाने को मंजूरी

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** पाकिस्तान को जल्द ही अपनी 'आर्मी रॉकेट फोर्स कमांड' मिल सकती है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर की अगुवाई में हुई मीटिंग में इसकी मंजूरी दे दी गई है और अब इस पर जल्द ही काम शुरू हो सकता है। मुनीर ने पिछले महीने पाकिस्तान 'कोर कमांडर्स कॉन्फ्रेंस' में इस फोर्स को मंजूरी दी। भारतीय सेना में भी काफी वक्त से रॉकेट फोर्स बनाने की बात चल रही है लेकिन अभी इस दिशा में काम शुरू नहीं हो पाया है। चीन के पास भी रॉकेट फोर्स है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने अपनी सेना को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाने शुरू किए हैं। इसी में एक रॉकेट फोर्स का भी गठन है। ऑपरेशन सिंदूर और अन्य संघर्षों ने दिखाया कि लॉन्ग रेंज वेपन की अहमियत लगातार बढ़ रही है। ऑपरेशन सिंदूर में भी आमने-सामने की लड़ाई नहीं हुई थी बल्कि लॉन्ग रेंज वेपन का ही इस्तेमाल किया गया था। खुफिया सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान अब अपनी लॉन्ग रेंज स्ट्राइक की क्षमता बढ़ाने पर काम कर रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले साल ही पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नई आर्मी रॉकेट फोर्स कमांड के गठन का ऐलान किया था।

फटाफट खबरें

शक्सगाम घाटी पर चीन का फिर दावा

भारत के ऐतराज के बीच चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताया है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इसी इलाके से गुजरकर पाकिस्तान जा रहा है। भारत इस इलाके में किसी भी विदेशी अवैध निर्माण के खिलाफ है।

करूर भगदड़ में विजय से सवाल

CBI ने TVK प्रमुख और ऐक्टर विजय से करूर भगदड़ के मामले में सोमवार को लगभग छह घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि विजय को पूछताछ के लिए फिर बुलाया जाएगा क्योंकि कुछ सवालों के जवाब में अभी और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

गेमिंग बड़ा बाजार

भारत का Gen Z क्रिएटिविटी से भरा हुआ है: पीएम

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर भारत मंडपम में आयोजित 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की 'जेनरेशन जेड' क्रिएटिविटी से भरपूर है। देश भर से आए युवाओं ने जो प्रेजेंटेशन रखे हैं, वह दिखाता है कि हमारी अमृत पीढ़ी विकसित भारत के निर्माण के लिए कितनी संकल्पित है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारत में 'Gen Z' का मिजाज क्या है।

कहा, Gen Z से पूरे देश को बड़ी उम्मीदें

भारत का 'Gen Z' कितनी रचनात्मकता से भरा हुआ है। युवाओं की सफलता देश को ऊंचाई देती है। पीएम ने कहा कि पूरी दुनिया में गेमिंग एक बड़ा बाजार है। हम अपनी पौराणिक कथाओं को लेकर भी गेमिंग की दुनिया में नए खेल ला सकते हैं। 1997 से 2012 के बीच जन्मे लोगों को Gen Z कहा जाता है।

क्या है पैक्स सिलिका, भारत के लिए खास क्यों

अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा, भारत को भी शामिल किया जाएगा

■ **NBT रिपोर्ट:** अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर (Sergio Gor) ने सोमवार को कहा कि भारत को अमेरिका की अगुआई वाली रणनीतिक पहल पैक्स सिलिका (Pax Silica) में शामिल होने का न्योता दिया जाएगा। इस का मकसद दुनिया की सिलिकॉन और तकनीकी सप्लाई चेन को सुरक्षित, मजबूत, आधुनिक बनाना है। इसमें अहम खनिज, उन्नत मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, AI इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और जुड़ी तकनीकें शामिल हैं। अमेरिका ने इसे 12 दिसंबर 2025 को शुरू किया था। जापान, साउथ कोरिया, सिंगापुर, नीदरलैंड्स, ब्रिटेन, UAE, इस्राइल और ऑस्ट्रेलिया इसका हिस्सा हैं।

Q क्यों जरूरी है पैक्स सिलिका?

आज की आधुनिक तकनीकें जैसे AI, 5जी, डेटा सेंटर, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर सिलिकॉन और दूसरे अहम खनिजों पर टिकी हैं। अभी इनका बड़ा हिस्सा चीन के नियंत्रण में है। पैक्स सिलिका का मकसद इसी निर्भरता को कम करना है। इसके तहत भरोसेमंद देशों के साथ मिलकर सप्लाई चेन मजबूत की जाएगी। संसाधन, तकनीक और निवेश को साझा किया जाएगा। साथ ही AI और नई तकनीकों के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद नेटवर्क तैयार किए जाएंगे।



Q भारत के लिए क्यों खास है?

गोर ने ऐलान किया कि भारत को अगले महीने इस पहल में शामिल किया जाएगा, जिससे भारत-अमेरिका तकनीकी और सप्लाई-चेन सहयोग को और आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। यह कदम विशेष रूप से भारत के सेमीकंडक्टर मिशन और वैश्विक सप्लाई चेन में भारत की भूमिका को मजबूत करने में मदद करेगा।

Q सप्लाई चेन और रणनीतिक प्रभाव क्या है?

इसके जरिए अमेरिका एक नई तरह की आर्थिक सुरक्षा रणनीति बना रहा है, जिसमें टेक्नोलॉजी, देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था आपस में जुड़ी होंगी। यह कोई पारंपरिक सैन्य गठबंधन नहीं है, बल्कि तकनीक और उद्योग पर आधारित साझेदारी है। इसका उद्देश्य मिलकर प्रोजेक्ट करना, निवेश करना और रिसर्च करना है, ताकि एक भरोसेमंद टेक इकोसिस्टम बने और चीन के बढ़ते दबदबे को संतुलित किया जा सके।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMHJK2 User: ccl Time: 01-12-2026 23:16 Color:

64 हजार कर्मचारियों ने बीएमसी चुनाव के लिए अपनी जिम्मेदारी संभाल ली है।

2017 में किए शिवसेना के कुछ वादे हुए पूरे, तो कुछ रहे अधूरे

BMC चुनाव में शिवसेना ने किए थे मुंबईकरों से 55 वादे

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

■ **मुंबई:** बीएमसी चुनाव प्रचार अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। हर चुनाव की तरह इस चुनाव में भी राजनीतिक दलों और गठबंधनों ने अपने-अपने चुनावी घोषणापत्र जारी किए हैं। सबकी निगाह उद्धव सेना के घोषणापत्र पर थी, क्योंकि पिछले 25 साल से पार्टी की सत्ता बीएमसी में थी।

बीएमसी चुनाव 2026 में भी उद्धव सेना ने मुंबईकरों से कई वादे किए हैं। 2017 के चुनाव में भी शिवसेना (अविभाजित) ने गड्ढों से मुक्त यात्रा, पानी बढ़ाने के लिए नए डैम, 24 घंटे पानी सप्लाई और मुंबई को बाढ़ मुक्त बनाने का वादा किया था। लेकिन पिछले 9 सालों में ज्यादातर वादे पूरे नहीं हुए। मुंबई की सड़कें अभी तक गड्ढों से मुक्त नहीं हुई हैं और न ही 24 घंटे पानी की सप्लाई हुई है। हर साल बारिश के दौरान रेलवे सेवा बाधित होती है और कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। वहीं मुंबई की दूसरी लाइफलाइन बेस्ट की हालत लगातार खराब हो रहे हैं। बेस्ट को दोबारा अपने पैर पर खड़ा करने में प्रशासन असफल साबित हुआ है। उलटे इस दौरान बेस्ट बसों की संख्या में गिरावट आई है।

बेस्ट की हालत खराब, बसों की संख्या आई गिरावट

2017

ये चुनावी वादे हुए पूरे

कुछ ऐसे वादे भी थे, जिसे शिवसेना ने पूरा भी किया। इसमें 500 वर्ग फीट के घरों का प्रॉपर्टी टैक्स माफ, संगीत अकादमी, बालासाहेब ठाकरे आरोग्य कवच योजना, कोस्टल रोड शुरू करना, ई लाइब्रेरी, छोटे बसों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाना, बीएमसी स्कूल के बच्चों को बेस्ट में फ्री यात्रा, स्वीमिंग पूल जैसे वादे पूरे भी हुए। वहीं बीएमसी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था में काफी बदलाव भी हुआ है।

53% सड़कें हुईं सीमेंटेड

मुंबई में 53% सड़कों को सीमेंटेड किया जा चुका है। मुंबई में 2121 सड़कें है, जिनकी लंबाई 698.73 किमी है। उद्धव गुट ने अपने घोषणापत्र में गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड के काम को पूरा करने का सपना दिखाया था। चार फेज में पूरा होने वाले इस प्रोजेक्ट के पहले फेज का काम चल रहा है और चौथे फेज के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। करीब 12.20 किमी लंबे इस प्रोजेक्ट से पूर्व और पश्चिम के उपनगरों के बीच की दूरी काफी कम हो जाएगी। फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस प्रोजेक्ट का भूमिपूजन किया था।

ये वादे वादे ही रहे...

◆ 24 घंटे पानी आपूर्ति का सपना सपना ही

2017 में शिवसेना ने एक सुरक्षित, स्वस्थ, साफ-सुथरी और सुंदर मुंबई का वादा किया था। साथ ही मुंबईकरों को 24 घंटे पानी सप्लाई का वादा किया था। हालांकि, यह वादा पूरा करने में उद्धव गुट फेल रहा है। उन्होंने वादा किया था कि मालाड, वर्सोवा, घाटकोपर, भांडुप में सीवरेज ट्रीटमेंट से पानी को रीसायकल किया जाएगा।

◆ लटकी मीठे पानी की योजना

भविष्य में पानी की जरूरत को देखते हुए बीएमसी ने मालाड के मनोरी में समुद्र के पानी को मीठा करने की योजना को आगे बढ़ाया है। लेकिन यह योजना अभी तक लटकी हुई है। मुंबई में 347 कुएं हैं, लेकिन इनका पुनरुद्धार नहीं शुरू हो सका है। गारगाई प्रोजेक्ट पर ही बीएमसी का ध्यान है इसके लिए टेंडर निकाला गया है।

◆ मुंबई की सड़कें गड्ढा मुक्त कब होंगी?

वादे के बावजूद मुंबईकरों को अभी तक गड्ढा मुक्त सड़कें नहीं मिल पाई हैं। उद्धव सेना ने अपने घोषणापत्र में इसका वादा मुंबईकरों से किया था। लेकिन 9 साल बाद भी इस काम की गति बहुत तेज नहीं है। उद्धव ठाकरे गुट ने 2017 के घोषणा पत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग करके सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का वादा किया था।

◆ मुंबई नहीं हो पाई बाढ़मुक्त

उद्धव सेना के 2017 के घोषणापत्र में मुंबई को बाढ़मुक्त करने का वादा किया गया था। मॉनसून के दौरान ज्यादा पानी जमा होने से होने वाले बाढ़ के खतरे को रोकने में बीएमसी अब तक नाकाम साबित हुई है। मोगरा और माहुल पंपिंग स्टेशन का काम कब पूरा होगा यह बीएमसी प्रशासन भी बताने में अभी तक असफल रहा है।

आज शाम साढ़े पांच बजे चुनाव प्रचार बंद

AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मंगलवार यानी आज शाम पांच बजकर 30 मिनट पर चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। इसके साथ ही मतदान से पहले का 48 घंटे का साइलेंस पीरियड शुरू हो जाएगा। आयोग ने सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे आदर्श चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन करें। मंगलवार को प्रचार का अंतिम दिन होने के कारण सभी राजनीतिक दलों द्वारा पदयात्राओं के जरिए बड़े पैमाने पर शक्ति प्रदर्शन किए जाने की संभावना है।

राज्य चुनाव आयोग ने 15 दिसंबर, 2025 को 29 मनपाओं के चुनाव का ऐलान किया था। जिसके बाद नामांकन भरने से लेकर चुनावी सभा, रैली, जुलूस और पदयात्राओं का दौर शुरू हो गया। राज्य चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार मंगलवार की शाम साढ़े पांच बजे के बाद किसी भी प्रकार की सभा, रैली, जुलूस, रोड शो नहीं किए जा सकेंगे। लाउडस्पीकर, ढोल, माइक के उपयोग पर भी पूर्ण रोक होगी। साथ ही सोशल मीडिया, एसएमएस, फोन कॉल या अन्य माध्यमों से मतदाताओं से वोट की अपील करना भी प्रतिबंधित होगा। मनपाओं के लिए 15 जनवरी की सुबह सात बजकर 30 मिनट पर मतदान शुरू होगा और शाम पांच बजकर 30 मिनट तक मतदान होगा। इसके बाद 16 जनवरी को मतगणना की जाएगी।

29 मनपाओं की कुल 2869 सीटों के लिए 15,931 उम्मीदवार मैदान में

3,48,78,017 मतदाता कर सकेंगे मतदान

राज्य की 29 मनपाओं की कुल 2869 सीटों के लिए 15,931 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। 29 मनपाओं में कुल 3,48,78,017 मतदाता 15,931 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 1,81,93,666 पुरुष मतदाता, 1,66,79,755 महिला मतदाता तथा 4596 अन्य मतदाता हैं। मतदान के लिए राज्यभर में 39,147 केंद्र बनाए गए हैं। मुंबई की कुल 227 सीटों के लिए 1700 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, तो ठाणे मनपा की 131 सीटों पर 656 प्रत्याशी, कल्याण-डोंबिवली मनपा की 122 सीटों के लिए 489 उम्मीदवार, उल्हासनगर की 78 सीटों के लिए 432 प्रत्याशी, नवी मुंबई की 111 सीटों के लिए 499 उम्मीदवार, मीरा-भायंदर की 95 सीटों के लिए 435 प्रत्याशी और भिवंडी निजामपुर की 90 सीटों के लिए 439 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

जनता की मांग

इतनी गंदगी कि बीमारियों का बना रहता है खतरा

AI Image

मैं प्रभाग 151 का निवासी हूं। यहां सबसे बड़ी समस्या गंदगी है, क्योंकि इस प्रभाग में सभी क्षेत्रों में जूते-चप्पल के कारखाने हैं। ऐसे में गंदगी के चलते टीबी जैसी संक्रमण बीमारी का खतरा है। कुछ साल पहले तानसा पाइप लाइन पर बने घर को बीएमसी ने तोड़कर खाली करवाकर गार्डन और साइकिल ट्रैक का काम चालू किया है। लेकिन वहां पर गंदगी और बीएमसी की मिलीभगत से अवैध काम करने वालों की भरमार है। **- अमरनाथ तिवारी**

भेजें वॉर्ड की समस्याएं

आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं हैं, जिनके समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते हैं, हमें अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर 9967397376 पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

इलेक्शन ब्रीफ

भिवंडी: बेटों को जिताने के लिए दो नेता आमने-सामने

■ **विजयकुमार सिंह, भिवंडी:** भिवंडी मनपा का सबसे चर्चित प्रभाग एक है, जहां से स्थानीय बीजेपी विधायक महेश चौघुले के बेटे मित चौघुले एवं पूर्व महापौर विलास पाटील व प्रतिभा पाटील के बेटे ऐड. मयूरेश पाटील एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। दोनों युवा पहली बार मनपा चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिसके कारण बीजेपी विधायक एवं पूर्व महापौर के बीच वर्चस्व की लड़ाई हो गई है। इस मुकाबले पर पूरे शहर की नजर लगी हुई है। सियासी माहौल गर्म हो गया है, जिसके कारण कई बार गाली-गलौज और धमकी देने की भी घटनाएं हो चुकी हैं।

कांदिवली और मालाड में 3 दिन यातायात रहेगा बंद

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बीएमसी चुनाव के मद्देनजर ईवीएम वितरण और मतगणना कार्य को देखते हुए पश्चिम उपनगर यातायात पुलिस ने कांदिवली और मालाड में अस्थायी यातायात पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध 14 जनवरी सुबह 5 बजे से 16 जनवरी रात 12 बजे तक रहेगा। इस दौरान बजाज रोड, वासनजी लालजी रोड, बजाज क्रॉस रोड नंबर-1 और मार्वे रोड के कुछ हिस्सों पर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। यातायात पुलिस ने नागरिकों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और निर्देशों का पालन करने की अपील की है। उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अपनी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने मुंबई आए कई राज्यों के सितारे

अजहरुद्दीन, मनोज तिवारी, मैथिली ठाकुर सभी को देखने उमड़ी भीड़

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बीएमसी चुनाव प्रचार के अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल भी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगे। इससे पहले बीजेपी ने कई राज्यों के नेताओं की पूरी फौज उतार दी। कांग्रेस के लिए सोमवार को राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और तेलंगाना के मंत्री मोहम्मद अजहरुद्दीन भी प्रचार करने उतरे। दरअसल, पार्टियां तय रणनीति के तहत अन्य राज्यों से स्टार नेताओं को बुला रही हैं।

उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड और तेलंगाना से आए कई सेलिब्रिटी

दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी, कपिल मिश्रा, तमिलनाडु से के. अन्नामलाई, बिहार से गोपालजी ठाकुर, मैथिली ठाकुर, उत्तराखंड से धर्म सिंह रावत, उत्तर प्रदेश से माता प्रसाद पांडेय, अवधेश सिंह, अपर्णा यादव, रमेश मिश्रा, शलभ मणि त्रिपाठी, छत्तीसगढ़ से संजय पांडेय समेत कई अन्य नेता भी अलग-अलग राज्यों से प्रचार के लिए पहुंचे। जौनपुर में प्रभावी धनंजय सिंह भी बीजेपी के लिए प्रचार करने आए। इन नेताओं ने मुंबई के अलावा आसपास के शहरों में भी उम्मीदवारों के लिए जिताने की अपील की। इन दौरे का संयोजन करने वाले एक नेता ने बताया कि मुंबई में विविध राज्यों के लोग रहते हैं। इन क्षेत्रों में अपनी अपील पहुंचाने के लिए हमने संबंधित राज्यों के बड़े नेताओं की रैली को आयोजित किया। गांव के कनेक्शन का लोगों के दिमाग पर असर पुराने चुनावों में देखा गया है।

मुंबादेवी विधानसभा में प्रचार करते कांग्रेसी नेता।

मालाड में प्रचार करते हुए नारायण राणे और मैथिली ठाकुर।

अन्य पार्टियों की भी पहल

कांग्रेस ने भी चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, अजय राय और तेलंगाना के मंत्री मोहम्मद अजहरुद्दीन को मुस्लिम बहुल इलाकों में प्रचार में उतारा। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए सांसद संजय सिंह ने वोट मांगे। समाजवादी पार्टी के लिए भी सांसद धर्मेंद्र यादव समेत कई अन्य नेता प्रचार के लिए आए।

"हमने मुंबई के हर क्षेत्र में वहां रहने वाले लोगों की संख्या के आधार पर नेताओं के दौरे आयोजित किए। इसका काफी अच्छा प्रतिसाद भी देखने को मिला।
- प्रमोद मिश्रा, सचिव, मुंबई बीजेपी

40 हजार करोड़ का आरोप लगाने वाले उद्धव संग: राणे



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** निकाय चुनाव में बयानबाजी जोरों पर है। शिंदे सेना के विधायक निलेश राणे ने मागाठाणे विधानसभा के प्रभाग नंबर 12 में पार्टी की उम्मीदवार सुवर्णा पवार गवस का चुनाव प्रचार करते हुए ठाकरे परिवार पर निशाना साधा। उन्होंने पूछा कि बीएमसी पर 40 हजार करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाने वाले आज उद्धव के साथ खड़े हैं। उन्हें लगता है कि उनके आरोप को मराठी माणूस भूल जाएगा। ठाकरे बंधु यह भूल सकते हैं, लेकिन जनता कभी नहीं भूल सकती है। राणे ने कहा कि अगर ठाकरे बंधु जीत भी गए तो बोलेंगे कि बीजेपी ने काम नहीं करने दिया, क्योंकि राज्य और केंद्र में बीजेपी की सरकार है।

सुना है कि...

यहां विधायक को सीएम कहा जाता है

कालबादेवी में एक कांग्रेस प्रत्याशी के लिए पार्टी के विधायक जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं। वे मुस्लिम बस्तियों में जहां जाते हैं, वहां उन्हें यही कहा जाता है कि हमारे मुख्यमंत्री तो आप ही हैं। इससे वे गद-गद हो जाते हैं। लोग कहते हैं कि आप हमारे सुख, दुख में शामिल होते हैं। हम सभी की मदद करते हैं, तो हमारे मुख्यमंत्री तो आप ही हुए न। फिर हमें मंत्रालय या विधान भवन जाने की क्या जरूरत है। **- धूमकेतु**

मराठी माणूस पर कोई ख़तरा नहीं : फडणवीस

लाडली बहनें बीएमसी चुनाव में भी इन्हें घर बैठाएंगी : एकनाथ शिंदे

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शिवाजी पार्क की रैली से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मराठी मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा कि चुनाव में झूठ बोलकर लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है कि मराठी माणूस के लिए यह आखिरी चुनाव है। जबकि महाराष्ट्र, मुंबई और मराठी माणूस को कोई खतरा नहीं है। उन लोगों के अस्तित्व पर जरूर खतरा है। मुंबई का मेयर मराठी हिंदू ही बनेगा, इसमें कोई किंतु, परंतु नहीं है। फडणवीस ने आरोप लगाया कि हिंदी की अनिवार्यता को लेकर ठाकरे बंधु झूठ बोल रहे हैं, वह गजनी हो गए हैं, क्योंकि उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री रहते हुए हिंदी को अनिवार्य किया था। वहीं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तरह लाडली बहनें इन्हें घर बैठाएंगी।



'फडणवीस ने ठाकरे बंधुओं का दिखाया विडियो': मनसे अध्यक्ष अक्सर सभाओं में निशाना साधने के लिए वीडियो दिखाते हैं। शिवाजी पार्क की रैली में फडणवीस ने "लाव रे तो विडिओ" डायलॉग के साथ उद्धव और राज ठाकरे का पुराना वीडियो दिखाया और कहा कि कुछ और उत्तर देने की जरूरत है, क्योंकि यह दोनों ही सब कुछ कह दे रहे हैं।

लंदन की तरह मुंबई में तीसरा एयरपोर्ट: सीएम फडणवीस ने कहा कि लन्दन की तरह मुंबई में तीसरा एयरपोर्ट बनेगा।

बाला साहेब का सपना मोदी ने पूरा किया: एकनाथ शिंदे ने कहा कि बालासाहेब ठाकरे का मंदिर का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया। वहीं यह लोग मोदी के बारे में कैसी-कैसी बात करते हैं।

बाप का बाप भी मुंबई को अलग नहीं कर सकता: फडणवीस ने कहा कि किसी के बाप में दम नहीं है जो मुंबई को महाराष्ट्र से अलग कर दे। उन्होंने कहा कि जब चुनाव आता है, तभी ऐसे मुद्दे उठाए जाते हैं। 25 साल बीएमसी की सत्ता में रहने के दौरान मराठी माणूस की याद नहीं आई। मराठी माणूस मुंबई से बाहर चला गया।

नवी मुंबई: बागियों ने बनाया मुकाबले को रोमांचक

पांडुरंग आमले | सुनील कुरकुटे | सोमनाथ वास्कर

■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई:** नवी मुंबई के प्रभाग 19 में शिंदे सेना और बीजेपी से नाराज उम्मीदवारों ने अपना पैनल बनाकर एकसाथ प्रचार करना शुरू कर दिया है। जिसके चलते दोनों पार्टियों के सामने बागियों का एक पैनल मजबूती से लड़ रहा है। शिंदे सेना से टिकट नहीं मिलने से नारायण भावेश पाटिल और मंदाकिनी कुंजीर ने इस उम्मीद से काम करना शुरू किया था कि पार्टी एक परिवार के एक सदस्य को टिकट देगी और उन्हें चार उम्मीदवारों के पैनल में से टिकट मिलेगा, लेकिन टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर फॉर्म भरा। इसी तरह बीजेपी से बगावत करने वाले पांडुरंग आमले और उनकी पत्नी भी मैदान में हैं। उनका मुकाबला शिंदे सेना के टिकट पर चुनाव लड़ रहे सोमनाथ वास्कर के परिवार से है, जिन्हें तीन टिकट मिले हैं। वहीं बीजेपी की तरफ से सुनील कुरकुटे, भाऊ भांपकर, शैला पाटिल, शिल्पा ठाकुर मैदान में हैं। सानपाड़ा गांव में पिछले करीब 20 वर्षों से वास्कर परिवार का कब्जा रहा है, लेकिन इस चुनाव में प्रभाग बड़ा होने से गांव के साथ शहरी भाग भी जुड़ गया है। शुरुआत में यहां बीजेपी और शिवसेना के बीच लड़ाई दिख रही थी, लेकिन बागियों ने एकसाथ आकर लड़ाई को रोमांचक बना दिया।

नवी मुंबई के प्रभाग 19 में शिंदे सेना और बीजेपी के बागियों ने बनाया पैनल

क्यों चर्चा में है यह पैनल: पांडुरंग और भावेश ने बीजेपी और शिवसेना में रहते क्षेत्र में काम किया था। उन्हें टिकट नहीं मिलने से दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता उन्हें मदद कर रहे हैं। उनके प्रति प्रभाग में सहानुभूति भी दिख रही है, लेकिन लंबे समय से वास्कर परिवार की गांव में पकड़ रही है और शहरी इलाके में बीजेपी मजबूत रही है, इसलिए बागियों को मिलने वाले वोटों पर सबकी नजर है।

हॉट सीट किसमें कितना है दम

मतदान की तारीख करीब आने के साथ ही दिलचस्प हो रहा मुकाबला

दो नेताओं पर अपनों को जिताने की जिम्मेदारी

तन्वी काते | मीनाक्षी पाटणकर

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

■ **मुंबई:** चेंबूर विधानसभा क्षेत्र के प्रभाग 153 में इस बार दोनों शिवसेनाओं के बीच कड़ा सियासी घमासान देखने को मिल सकता है। शिंदे गुट से सिटिंग विधायक तुकाराम काते की बहू तन्वी काते चुनाव मैदान में हैं, जबकि उनके सामने शिवसेना (यूबीटी) गुट के वरिष्ठ नेता अनिल पाटणकर की पत्नी मीनाक्षी पाटणकर ताल ठोक रही हैं। दोनों दिग्गज नेताओं के पारिवारिक उम्मीदवार आमने-सामने होने से यह सीट हॉट सीट बन गई है। खास बात यह है कि इन दोनों के मुकाबले में सिर्फ एक निर्दलीय उम्मीदवार ने ही पर्चा भरा है।

इस प्रभाग में सबसे बड़ा मुद्दा एसआरए से जुड़े प्रोजेक्ट हैं। करीब 12 हजार झोपड़पट्टियां इस इलाके में हैं। विधायक तुकाराम काते ने एसआरए के एक-दो प्रोजेक्ट शुरू भी कराए हैं, लेकिन झोपड़पट्टियों की संख्या अधिक होने के कारण समग्र विकास आने वाले कई वर्षों तक चलने की संभावना है।

प्रभाग 153 में शिंदे सेना का मुकाबला उद्धव सेना से

ऐसा है मतदाताओं का समीकरण

यहां करीब 70% मराठी मतदाता हैं, जबकि 30% अन्य वर्ग हैं। ऐसे में यह सीट दोनों पक्षों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। एक ओर विधायक काते के सामने अपनी बहू को जिताने की राजनीतिक जिम्मेदारी है, तो दूसरी ओर पूर्व नगरसेवक और बेस्ट के चेयरमैन रह चुके अनिल पाटणकर के लिए पत्नी की जीत प्रतिष्ठा का सवाल है।

उत्तर भारतीय उम्मीदवार होने से रोचक हुआ चुनाव

हरीश भांदिर्गे | सतीश यादव

Pankaj.Pandey@Timesofindia.com

■ **मुंबई:** कांदिवली विधानसभा के प्रभाग 164 में मुकाबला बीजेपी, शिंदे सेना और अजित पवार की एनसीपी के बीच है। बीजेपी ने इस सीट से पूर्व नगर सेवक हरीश भांदिर्गे को दोबारा चुनावी मैदान में उतारा है। शिंदे सेना ने साईनाथ कटके को टिकट दिया है, वहीं अजित पवार की एनसीपी ने हिंदी भाषी सतीश यादव को उम्मीदवार बना मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। प्रभाग 164 मुस्लिम बहुल परिसर होने के साथ ही यहां बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय वोटर भी है। 2017 के बीजेपी उम्मीदवार की जीत में उत्तर भारतीय वोटरों की अहम भूमिका थी। लेकिन इस बार एनसीपी ने उत्तर भारतीय सतीश यादव के टिकट देकर बीजेपी के सामने चुनौती खड़ी कर दी है।

प्रभाग 164 में मुंबई के अन्य प्रभागों की तुलना में अधिक वोटर हैं। इस प्रभाग में कुल 62,945 वोटर हैं, जबकि बीएमसी के अन्य प्रभाग में 35 हजार से 57 हजार के बीच वोटर हैं।

प्रभाग 164 में बीजेपी, उबाठा और NCP के बीच त्रिकोणी मुकाबला

उत्तर भारतीयों की अहम भूमिका

इस प्रभाग में उम्मीदवार का भविष्य तय करने में उत्तर भारतीय और मुस्लिम वोटरों की अहम भूमिका है। कुल वोटर में 50% से अधिक वोटर मुस्लिम और उत्तर भारतीय हैं। इस वजह से सभी दल इन दो वर्ग को अपने पक्ष में करने में लगे हैं। यहां के कुल 62,945 वोटर में से 20 हजार मुस्लिम और 14 हजार उत्तर भारतीय वोटर हैं।

यहां BJP से ही है BJP की रोमांचक लड़ाई

अशोक शेलके | किरण भोईर

■ **सुरेंद्र नेगी, वसई:** वसई-विरार मनपा के प्रभाग 22 में बीजेपी के एकमात्र पूर्व नगरसेवक का मुकाबला बीजेपी के उम्मीदवार से होगा। पूर्व नगरसेवक किरण भोईर को इस बार पार्टी से टिकट नहीं मिला, तो वह निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने बीजेपी ने नए चेहरे अशोक शेलके को टिकट दिया गया है। दोनों के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। प्रभाग 22 का इलाका हाई प्रोफाइल सोसायटीज से भरा है। इसमें लिंक रोड, वसंत नगरी, एवर शाइन, मधुबन, डी मार्ट, अग्रवाल नगरी, राम रहीम, एवर शाइन सिटी आदि क्षेत्र आते हैं। इस प्रभाग से 2015 में बीजेपी से किरण भोईर नगरसेवक चुनकर आया था। इस बार टिकट बंटवारे के समय पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दी, तो उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया। उनकी जगह अशोक शेलके को टिकट दिया गया। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में अंदरूनी कलह पैदा हो गई। इससे बीजेपी को नुकसान हो सकता है। किरण भोईर इस प्रभाग से एक बार बविआ व एक बार बीजेपी से नगरसेवक रह चुके हैं।

वसई के प्रभाग 22 में निर्दलीय भी पूरे जोश में

अतिक्रमण की समस्या

प्रभाग 22 में अधिकतर हाई प्रोफाइल सोसायटीज है। यहां पानी, सड़क व अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है। कई सोसायटियों में आज भी पीने का पानी नहीं है, उन्हें टैंकर के पानी से प्यास बुझानी पड़ती है। सोसायटियों के बाहर बड़े पैमाने पर फेरीवालों का अतिक्रमण है। यहां की हर गली मोहल्ले की सड़कें काफी खराब हालत में है।

BJP और UBT के बीच सीधा मुकाबला

आनंद | धर्मेश गिरी | हरीश करकेरा

Krishna.Shukla@Timesofindia.com

■ **मुंबई:** फेरीवालों और ट्रैफिक समस्या से जूझ रहे घाटकोपर के प्रभाग क्रमांक 130 में बीजेपी और UBT के बीच मुकाबला दिखाई दे रहा है। हालांकि, कांग्रेस उम्मीदवार भी प्रचार में जोर लगाए हुए हैं। गुजराती और मराठी बहुल इलाके में बीजेपी ने धर्मेश गिरी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, UBT ने आनंद कोठावदे को उम्मीदवार बनाया है। गिरी का यह पहला चुनाव है। सावित्रीबाई फुले नगर और नित्यानंद नगर सहित कई इलाके इस प्रभाग में है। करीब 46 हजार वोटर इस प्रभाग में हैं, जिसमें मुस्लिम, दक्षिण भारतीय, मराठी और ईसाई समुदाय के लोग शामिल हैं। बीजेपी प्रत्याशी गिरी का कहना है कि इलाके की समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने एक प्लान बनाया है, जिसे वे चुनाव बाद लागू करेंगे। क्षेत्र में जल संकट भी है। प्रभाग में कुल 6 प्रत्याशी मैदान में है। इसमें तीन निर्दलीय है।

प्रभाग 130 में ट्रैफिक जाम की समस्या है बड़ा मुद्दा

क्या कहते हैं उम्मीदवार?

कांग्रेस कैंडिडेट हरीश करकेरा का कहना है कि लंबे समय से यहां बीजेपी का राज रहा है, लेकिन क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ है। इलाके में गंदे नाले की सफाई को लेकर कोई पहल नहीं हुई है। प्रशासन ने समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। इस संबंध में यूबीटी कैंडिडेट से संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन नहीं हो सका।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMHJK3 User: cci Time: 01-12-2026 22:52 Color:

महानगर > मुंबई > मंगलवार, 13 जनवरी 2026 > पौष 24, शक संवत 1947, माघ कृष्ण दशमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 11 > मूल्य ₹5.00 > पेज 14 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है प्रेशरः हरमनप्रीत

▶देखें अंदर

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

सुंदर की जगह बडोनी को बुलावा

▶देखें अंदर

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMHJK4 User: cci Time: 01-12-2026 23:05 Color:

22000 उत्तर भारतीय मतदाता हैं नालासोपारा के प्रभाग-18 में, जो निर्णायक भूमिका में है।

BJP की मुट्ठी से रेत सा फिसला अंबरनाथ

BJP को मात देकर शिव सेना ने बनाया उप-नगराध्यक्ष

■ अरविंद त्रिपाठी, अंबरनाथ

अंबरनाथ नगर परिषद में सत्ता संघर्ष आखिरकार अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया, जहां जबरदस्त राजनीतिक उठापटक, होटल पॉलिटिक्स और खुले टकराव के बीच शिव सेना ने एक बार फिर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए बीजेपी को करारा झटका दिया। नगर परिषद के उप-नगराध्यक्ष पद के चुनाव में शिव सेना महायुति के उम्मीदवार सदामामा पाटील ने जीत दर्ज कर सत्ता में प्रभावी वापसी की है।

हालिया नगर परिषद चुनावों में शिव सेना 27 नगरसेवकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी और उसे 50% से अधिक मत मिले थे। इसके बावजूद प्रत्यक्ष रूप से हुए नगराध्यक्ष पद के चुनाव में बीजेपी ने जीत हासिल कर ली। हालांकि, नगर परिषद में केवल 15 नगरसेवकों के दम पर बीजेपी को सत्ता संतुलन साधने में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बहुमत जुटाने के लिए बीजेपी ने कांग्रेस के 12 नगरसेवकों, एनसीपी (अजित गुट) गुट के चार नगरसेवकों और एक निर्दलीय को साथ लेकर अंबरनाथ विकास आघाडी का गठन किया। यह गठबंधन बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए असहज साबित हुआ और कांग्रेस ने अपने 12 नगरसेवकों को पार्टी से निलंबित कर दिया, जिसके बाद वे बीजेपी में शामिल हो गए।

मतदान के दिन नगर परिषद परिसर में भारी हंगामा और नारेबाजी के बीच चुनाव संपन्न हुआ। आखिरकार, शिव सेना महायुति के पाटील को 32 वोट मिले, जबकि बीजेपी समर्थित उम्मीदवार को 28 वोटों से संतोष करना पड़ा। जीत के बाद शिव सेना खेमे में जश्न का माहौल रहा। राजनीतिक जानकारों के अनुसार, एकनाथ और श्रीकांत शिंदे के संसदीय क्षेत्र में आने वाले इस शिव सेना गढ़ को हासिल करने की बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की कोशिश नाकाम रही, जबकि श्रीकांत अपने गढ़ को बचाने में सफल रहे।

शिव सेना ने इस तरह पलट दी पूरी बाजी

बीजेपी को लगा कि अब नगर परिषद में सत्ता का रास्ता साफ हो गया है, लेकिन इसी दौरान कल्याण के सांसद और उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे ने राजनीतिक मोर्चा संभालते हुए बाजी पलट दी। उन्होंने बीजेपी समर्थित गुट में शामिल एनसीपी (अजित गुट) के चारों नगरसेवकों को पहले उस गुट से बाहर आने के लिए तैयार किया और फिर शिव सेना, एनसीपी और एक निर्दलीय को साथ लेकर 'शिव सेना महायुति अंबरनाथ' नाम से नया बनाया। इस नए समीकरण के साथ शिव सेना महायुति के पास 32 नगरसेवकों का स्पष्ट बहुमत हो गया।

एक बार फिर दिखी 'होटल पॉलिटिक्स'

उप-नगराध्यक्ष पद के चुनाव से पहले बीजेपी ने अपने गुट से व्हिप जारी कर सभी सदस्यों को एकजुट रहने का निर्देश दिया और नियम के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं, शिव सेना ने गुट गठन से जुड़े कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए अपने कदम को पूरी तरह वैध बताया। संभावित टूट से बचने के लिए दोनों पक्षों ने अपने-अपने नगरसेवकों को अलग-अलग स्थानों पर ठहराया, जिससे 'होटल पॉलिटिक्स' एक बार फिर चर्चा में रही।

खतरे में पड़ सकती है 137 की उम्मीदवारी!

■ NBT न्यूज, वसई: वसई-विरार मनपा चुनाव के लिए ऐप्लिकेशन देने वाले 137 लोगों की उम्मीदवारी खतरे में है। इन उम्मीदवारों ने ऐप्लिकेशन देते समय एफिडेविट पर हस्ताक्षर नहीं किए थे। सोशल एक्टिविस्ट ने इसके खिलाफ हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने का फैसला किया है।

मनपा चुनाव में 557 उम्मीदवार मैदान में हैं। उम्मीदवारों के लिए ऐप्लिकेशन के साथ एफिडेविट जमा करना जरूरी था, लेकिन पता चला है कि इनमें से 137 उम्मीदवारों ने एफिडेविट पर साइन नहीं किए हैं। इनमें BJP शिवसेना के 65, बुवीए के 40 और कांग्रेस के 4 और बाकी निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं। एफिडेविट शपथ लेकर दिया जाने वाला एक डॉक्यूमेंट होता है। अगर साइन नहीं है, तो कानून यह मान लेता है कि उम्मीदवार ने एफिडेविट की बातों की सच्चाई को स्वीकार नहीं किया है। इसीलिए, ऐसा एफिडेविट कानून के हिसाब से गलत और अमान्य है, ऐसा आरोप ऐडवोकेट प्रवीण पाटील ने लगाया है। पाटील ने यह भी कहा कि मनपा ने उम्मीदवारों के नॉमिनेशन और एफिडेविट की कॉपी तय समय के अंदर नोटिस बोर्ड और ऑफिशल वेबसाइट पर पब्लिश नहीं की, इसलिए स्क्रूटनी करने का कोई मौका नहीं मिला। उन्होंने कहा कि इस बारे में हाई कोर्ट में एक पिटिशन फाइल की जाएगी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि चुनाव का फैसला लेने वाली अथॉरिटी ने भी इस एफिडेविट को कैसे स्वीकार कर लिया। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ये उम्मीदवार जीत भी जाते हैं, तो उनके नगरसेवक पद रद्द हो सकते हैं।

बिना हस्ताक्षर के पेश किए एफिडेविट

मनपा ने किया आरोपों से इनकार: मनपा आयुक्त मनोज कुमार सूर्यवंशी ने इन आरोपों से इनकार किया है। किसी ने शिकायत नहीं की थी कि एफिडेविट पर साइन नहीं थे। आयुक्त ने कहा कि जब चुनाव अधिकारियों ने ऐप्लिकेशन उपलब्ध कराए थे, तब किसी ने कोई आपत्ति नहीं जताई। उम्मीदवारों के एफिडेविट नोटरी और अटेस्टेड किए गए हैं। एफिडेविट को चुनाव अधिकारियों ने स्वीकार कर लिया है और नॉमिनेट कर दिया है।

मीरा-भाईंदर में मैथिली का प्रचार

कहीं रोड शो, तो कहीं भजनों से वोटर्स को लुभाया

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर

मीरा-भाईंदर में मनपा चुनाव के मद्देनजर गायिका और विधायक मैथिली ठाकुर ने प्रचार किया। रोड शो और रैलियों के माध्यम से उन्होंने स्थानीय मतदाताओं से सीधे संवाद किया और बीजेपी उम्मीदवारों के समर्थन में मतदान की अपील की।

पंचमुखी रोड से शुरू हुए भव्य रोड शो में युवाओं और महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। काशिमीरा और पेनकरपाडा क्षेत्रों में आयोजित सभाओं में मैथिली ने विकास, मूलभूत सुविधाओं और सुशासन के मुद्दे पर बात रखी। जेपी इंफ्रा कॉम्प्लेक्स में भजन प्रस्तुति के दौरान वातावरण भक्तिमय हो उठा। 'चुनाव पर चर्चा' कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत में उन्होंने स्वच्छ और सक्रिय नगर शासन की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान, बीजेपी उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्रा, उत्तर भारतीय मोर्चा अध्यक्ष संतोष दीक्षित, महामंत्री बृजेश तिवारी सहित अन्य उत्तर भारतीय नेता मौजूद थे।

उत्तर भारतीयों के लिए यूपी से आए प्रचारक

NBT न्यूज, नालासोपारा: प्रभाग-18 में बीजेपी के उम्मीदवार गणेशलाल श्रीवास्तव (राजू) के समर्थन में उत्तर प्रदेश, जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह सोमवार को नालासोपारा के संतोष भुवन में प्रचार करने पहुंचे। यहां उन्होंने महायुति के सभी उम्मीदवारों के साथ रोड शो किया।

बता दें कि प्रभाग-18 में संतोष भुवन, बावशेत पाड़ा, कारगिल नगर, शर्मा वाड़ी, हवाईपाड़ा, गौराई नाका, जीवन नगर, ठाकुर नगर, गौराई पाड़ा, धानिवबाग, राशिद कंपाउंड, आजाद नगर, बिलाल पाड़ा बागडीपाड़ा गणेश नगर आदि क्षेत्र आते हैं। पूरा इलाका उत्तर भारतीयों का गढ़ माना जाता है, इसलिए इसे मिनी यूपी भी कहा जाता है। इस प्रभाग में लगभग 39 हजार वोटर हैं, जिनमें 22 हजार उत्तर भारतीय हैं।

चुनाव में जुबानी जंग, समस्याओं से जनता तंग

■ सुरेंद्र नेगी, वसई: वसई-विरार मनपा की 115 सीटों पर 557 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। सभी पार्टियों के उम्मीदवारों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत लगा दी है। मतदाताओं को तरह-तरह के सपने दिखाकर लुभाया जा रहा है, लेकिन जनता जिन समस्याओं से जूझ रही है, उस पर कोई बोलने को तैयार नहीं है। इन सब चीजों को लेकर उम्मीदवारों के बीच जुबानी जंग जारी है, वहीं स्थानीय जनता समस्याओं से तंग है। शहर में बिगड़ती ट्रैफिक की समस्या, अपर्याप्त बिजली, पानी, खराब सड़कें, खुले गटर, चिकित्सा की कमी, गंदगी से लोग संघर्ष कर रहे हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन समस्याओं के लिए स्थानीय बविआ को जिम्मेदार ठहराया।

वसई-विरार में जनता की समस्याओं को हल करने के वादे किए गए, लेकिन उन्हें किसी ने आज तक हल नहीं किया। एक बार फिर मनपा चुनाव में उम्मीदवारों ने वादों का अंबार लगाना शुरू कर दिया है। कोई शहर में परिवर्तन लाने की बात कर रहा है, तो कोई पुराने कामों को बताकर जनता को लुभा रहा है। अब देखना यह होगा कि बार-बार वादे करके वोट लेने वालों पर जनता विश्वास करती है या नए उम्मीदवारों को मौका देती है।

स्लम इलाकों में बदतर स्थिति

वसई-विरार की 30 लाख आबादी में से आधी जनता स्लम इलाकों में रहती है। यहां के धानिवबाग, संतोष भुवन, वाकन पाड़ा, नवजीवन, भोयदा पाड़ा, विवोटी, नायगांव, पेल्हार, विरार फाटा, प्रगति नगर, आचोले डोंगरी, जीवन नगर, कातकरी पाड़ा, शांति नगर आदि क्षेत्रों में सड़क, गटर, नाले, टॉइलेट्स, बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं आज न के बराबर हैं। यहां रह रहे लाखों लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं।

व्यापारी रहिवासी संघर्ष समिति शिंदे के साथ!

■ NBT न्यूज, भिवंडी: चुनाव के वक्त अलग-अलग संगठन पार्टियों को समर्थन देने का वादा करते हैं। इसी के तहत, कल्याण रोड व्यापारी रहिवासी संघर्ष समिति ने शिंदे सेना के उम्मीदवारों को समर्थन की घोषणा की है।

समिति के संयोजक शादाब उस्मानी और राम लहारे ने प्रभाग 9, 13 और 15 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के उम्मीदवारों को समर्थन देने की घोषणा की। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी राकेश पाल, जब्बार शेख, सुधाकर अंधन, तसलीम शेख, नईम शेख और मासूम खान भी उपस्थित थे। शहर के कल्याण रोड से टेमघर तक के क्षेत्र में मेट्रो परियोजना के विकास योजना के अनुसार सड़क चौड़ीकरण के कारण 1,800 से अधिक व्यावसायिक और आवासीय दुकानें एवं घर प्रभावित हो रहे हैं। इससे कई लोगों का व्यवसाय, रोजगार और छत छिनने का खतरा बना हुआ है। इसके खिलाफ समिति आठ साल से संघर्ष कर रही है। उस्मानी ने स्पष्ट किया कि इस सड़क का दो बार पहले भी चौड़ीकरण हो चुका है। यदि फिर से चौड़ीकरण हुआ, तो सैकड़ों परिवार बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिंदे ने चौड़ीकरण पर रोक लगाई है, इसलिए हम उनके साथ हैं।

मनसे ने विडियो जारी कर शिंदे गुट पर लगाया पैसे बांटने का आरोप

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के जिला प्रमुख गजानन काले ने एक विडियो जारी कर शिवसेना (शिंदे गुट) के प्रभाग-11 के उम्मीदवार शिवराम पाटील पर पैसे बांटने का आरोप लगाया है। उन्होंने विडियो जारी बताया कि शिवराम के भतीजे उमेश पाटील और बीजेपी उम्मीदवार सुजाता पाटील के पति किशोर पाटील व उनके समर्थक पैसे बांट रहे हैं।

काले ने कहा कि उमेश पैसे बांटने के लिए गए थे, तभी उन्हें किशोर पाटील और बीजेपी के अन्य समर्थकों ने पकड़ लिया। इसके बाद उनके बीच में हाथापाई हुई और फिर दोनों ही पक्ष शांत हो गए। उन्होंने कहा कि मेरे पास यह विडियो आया है और मैं जल्द ही चुनाव आयोग से इसकी शिकायत करूंगा। विडियो से साबित होता है कि किस तरह से इस चुनाव में धन-बल का उपयोग हो रहा है। शिवसेना के उम्मीदवार काफी लंबे समय से इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं, उसके बावजूद अगर उन्हें पैसे बांटने पड़ रहे हैं, तो उन्हें अपने काम पर विश्वास नहीं है। इस मुद्दे पर जब एनबीटी ने सुजाता के पति किशोर से संपर्क किया, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। हालांकि, श्रीराम ने कहा कि मेरा भतीजा उस क्षेत्र में प्रचार के लिए गया था, तभी उन्हें लगा कि वह पैसे बांटने आया है, इसलिए उन्होंने जबरदस्ती उसे पकड़ लिया था। इसके बाद उनके बीच में कहा-सुनी हुई थी। हमने इसकी शिकायत पुलिस स्टेशन में इसलिए नहीं की, क्योंकि चुनाव का माहौल चल रहा है। ऐसे में, हम झगड़ा बढ़ाना नहीं चाहते थे। हमने कोई शिकायत नहीं की है।

BJP और शिंदे सेना में मारपीट का भी आरोप

BJP का नया विज़न डॉक्यूमेंट, विकास और सुविधा पर फोकस

उल्हासनगर मनपा चुनाव के तहत किए खूब वादे

■ NBT न्यूज, उल्हासनगर

उल्हासनगर मनपा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने अपना नया विज़न डॉक्यूमेंट जनता के सामने रखा है। यह मेनिफेस्टो विधायक कुमार आयलानी, जिला अध्यक्ष राजेश वधरिया और चुनाव संयोजक प्रदीप रामचंदानी ने संयुक्त रूप से जारी किया। पार्टी ने इस दस्तावेज के जरिए उल्हासनगर को व्यवस्थित, सुरक्षित और आर्थिक रूप से सशक्त शहर बनाने का लक्ष्य रखा है।

व्यापारिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए बीजेपी ने शहर की पहचान को 'व्यापारियों के केंद्र' के रूप में मजबूत करने की बात कही है। शॉपिंग के लिए बाहर से आने वाले लोगों की सुविधा के लिए गोल मैदान में आधुनिक अंडरग्राउंड पार्किंग विकसित की जाएगी। वहां से बाजार तक बैटरी से चलने वाले वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि ट्रैफिक का दबाव कम हो। व्यापारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाने और व्यापारियों व मनपा के बीच समन्वय के लिए विशेष समिति गठित करने की घोषणा की गई है।

शहर के बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने के लिए सभी प्रमुख और आंतरिक सड़कों के कंक्रीटीकरण का वादा किया गया है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के तहत डंपिंग ग्राउंड को शहर की सीमा से बाहर स्थानांतरित किया जाएगा। यातायात की समस्या से निजात दिलाने के लिए कल्याण-अंबरनाथ मार्ग पर शांतिनगर से साई बाबा मंदिर तक एलिवेटेड रोड बनाने की योजना पेश की गई है।

BJP के ये भी हैं वादे

- उल्हासनगर कैंप 1 से 5 तक बिना किसी मकान को नुकसान पहुंचाए रिंग रोड विकसित करने की बात।
- मेट्रो लाइन 5 और प्रस्तावित मेट्रो 14 से उल्हासनगर को जोड़कर सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना।
- शहाड फ्लाइओवर को चार लेन में विस्तारित करने की घोषणा।
- आवास और शहरी पुनर्विकास के क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर देकर झोपड़पट्टी मुक्त बनाने की योजना।
- अवैध और जर्जर इमारतों के पुनर्विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।
- आधुनिक कचरा प्रबंधन, महिला सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती।

'ड्रग पेडलर्स पर मकोका के तहत कार्रवाई जरूरी'

■ NBT न्यूज, ठाणे: राज्य के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर प्रताप सरनाईक ने कहा कि नशे का कारोबार बढ़ गया है और नौजवान पीढ़ी बड़ी संख्या में उसकी चपेट में आ रही है। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक स्तर पर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करना ठीक नहीं है, बल्कि सभी को इसकी जवाबदारी लेनी चाहिए। सोमवार दोपहर ठाणे मनपा क्षेत्र के लिए शिंदे सेना का चुनावी घोषणापत्र जारी किया गया। एक प्रश्न के जवाब में सरनाईक ने राज्य में बढ़ते नशे के कारोबार पर अफसोस जताते हुए कहा कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ मकोका के तहत कार्रवाई बहुत जरूरी है। उन्होंने इसको लेकर राज्यभर में जनजागरण पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सीएम देवेंद्र फडणवीस और डीसीएम एकनाथ शिंदे इसके सख्त खिलाफ हैं और इस दिशा में जल्द सख्त कानून बनाया जाएगा। चुनावी घोषणा पत्र में ठाणे शहर को स्मार्ट और ग्लोबल बनाने का संकल्प किया गया है। ट्रैफिक, पानी, कचरा, स्वास्थ्य सुविधा, पुनर्विकास, क्लस्टर डिवेलपमेंट, अवैध निर्माण, स्वच्छता आदि मूलभूत और महत्वपूर्ण सुविधाओं को प्रधानता दी गई है। साथ ही, शहर को पहला झोपड़पट्टी मुक्त शहर बनाने पर जोर दिया गया है। ठाणे में शुरू मेट्रो परियोजना को पूरा कर उसे मीरा-भाईंदर से दहिसर तक जोड़ने, अधिक से अधिक मेट्रो का जाल बिछाकर आवागमन आसान बनाने, भविष्य में ठाणे की नई पहचान के लिए एफिल टावर की तर्ज पर 260 मीटर ऊंचा व्यूविंग टावर और कन्वेंशन सेंटर बनाने, साकेत परिसर में कैंसर हॉस्पिटल के अलावा घोडबंदर के गायमुख परिसर में एम्स की तर्ज पर अत्याधुनिक सुविधा वाले अस्पताल का निर्माण, अधिक मात्रा में पानी उपलब्ध कराने सहित ठाणे के लोगों के जीवन शैली को ऊंचा उठाने की दिशा में बड़े पैमाने पर विकास कार्य करने की बात कही गई है। इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के, शहर बीजेपी अध्यक्ष संदीप लेले, पूर्व विधायक रविन्द्र फाटक, विलास जोशी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

हॉट सीट किसमें कितना है दम

प्रभाग-12 में 'धुरंधर' और 'जांबाज' में लड़ाई

शंकर झा

हसमुख गहलोत

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर: बीजेपी के 'धुरंधर' हसमुख गहलोत और शिंदे सेना के 'जांबाज' शंकर झा के बीच मुकाबले ने प्रभाग-12 को मीरा-भाईंदर की सबसे हॉट सीट बना दिया है। प्रभाग-12 में 33 हजार मतदाताओं में लगभग 65% उत्तर भारतीय और 35% मराठी, मुस्लिम, ईसाई और अन्य जाति-धर्म के लोग हैं। यह समीकरण इस सीट को बीजेपी के लिए फायदेमंद लग रहा है।

बीजेपी के हसमुख गहलोत (उप-महापौर), डिंपल मेहता (पूर्व महापौर), स्नेहा पांडेय (पूर्व नगरसेविका) और लक्ष्मण जंगम के सामने शिंदे सेना ने मैदान में शंकर झा, सपना मौर, निशा नार्वेकर और पवन पाटील को मैदान में उतारा है। लेकिन, प्रभाग में चर्चा केवल गहलोत और झा की हो रही है। मीरा-भाईंदर की राजनीति के गहलोत की तारीफ उनके विरोधी भी करते हैं। गहलोत की पहचान जमीन से जुड़े नेता की है, जो बीजेपी के अग्रिम पंक्ति के नेता होते हुए भी सभाओं में अंतिम कुर्सी पर बैठने से नहीं हिचकते। वहीं, मीरा-भाईंदर की राजनीति में शंकर झा का हालिया उदयमान चर्चा का विषय है। कुछ ही समय में उन्होंने शिंदे सेना में अपनी खास जगह बनाई है। गहलोत और झा के बीच दिलचस्प मुकाबले ने प्रभाग में अन्य उम्मीदवारों को चर्चा से गायब कर दिया है।

प्रभाग-16 में अदावत और प्रतिष्ठा की जंग

राजू भोईर

नवीन सिंह

■ NBT न्यूज, मीरा-भाईंदर: बीजेपी विधायक नरेंद्र मेहता की सियासी अदावत और शिवसेना जिला प्रमुख राजू भोईर की प्रतिष्ठा ने प्रभाग-16 को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। 2019 विधानसभा चुनाव में भोईर ने खुलेआम मेहता के विरुद्ध काम किया था, तो इस बार मेहता भी उन्हें हराने की कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

शिवसेना से राजू भोईर (पूर्व नगरसेवक), वंदना भोईर (पूर्व नगरसेविका), परशुराम म्हात्रे (पूर्व नगरसेवक) और रिया म्हात्रे के सामने नवीन सिंह, वंदना भावसार (पूर्व नगरसेविका), अनिता पाटील (पूर्व नगरसेविका) और प्रतिभा जाट सामने हैं। प्रभाग में लगभग 33 हजार मतदाता हैं, जिसमें लगभग 55% हिंदीभाषी और 45% में मराठी व अन्य धर्म-जाति के लोग हैं। सियासी समीकरण बीजेपी के पक्ष में जाता है, लेकिन उम्मीदवारों का चेहरा शिवसेना को मजबूत बनाता है। मुख्य मुकाबला राजू और नवीन के बीच है। जहां 15 साल से भोईर की सभी जाति, धर्म के मतदाताओं में मजबूत पकड़ है, वहीं बलात्कार जैसे मामलों के आरोपी नवीन सिंह की छवि विवादास्पद रही है। अब तक भोईर के वर्चस्व वाले गढ़ में मेहता की अदावत शिवसेना का गणित बिगाड़ सकती है।

'भिवंडी में चौकीदार चोर निकला'

अबू आसिम आजमी ने साधा रईस शेख पर निशाना

■ विजयकुमार सिंह, भिवंडी

समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रदेश अध्यक्ष विधायक अबू आसिम आजमी ने स्थानीय विधायक रईस शेख की आलोचना करते हुए कहा कि वह खुद के विधायक होने का घमंड कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं चार बार निर्वाचित हुआ हूं, लेकिन पद का कभी भी घमंड नहीं दिखाया है।' आजमी ने कहा, 'हमारा पाला हुआ और बड़ा किया हुआ बच्चा अब कांग्रेस के साथ जा रहा है। वह कांग्रेस और एनसीपी के सांसदों की दलाली कर रहा है। उनके उम्मीदवारों को जिताने की जिम्मेदारी ले रहा है। हमारा चौकीदार ही चोर निकला।'

भिवंडी शहर सपा की तरफ से मनपा चुनाव के लिए शांतिनगर स्थित केजीएन चौक पर भिवंडी (पूर्व) क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए संकल्प सभा का आयोजन किया गया था। इसमें आजमी को सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। आजमी रविवार शाम को पहली बार शहर में पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार के लिए पहुंचे थे। इस सभा में उन्होंने शेख और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। सभा में अजय यादव, रिजवान आजमी, अनस अंसारी, रिजवान मिस्टर सहित बड़ी संख्या में उम्मीदवार और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुस्लिम बहुल भिवंडी शहर में सपा को मानने वाला एक बड़ा वर्ग है। इसी शहर से लगातार दो बार विधायक बने शेख पार्टी विरोधी रुख अपनाते हुए मनपा चुनाव में कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) के उम्मीदवारों का साथ दे रहे हैं। आजमी ने आरोप लगाया कि जो लोग पैसे फेंककर गद्दारों को खरीदते हैं, उन्होंने मुझे भी खरीदने की कोशिश की थी। लेकिन, मैं उनके साथ नहीं गया। आजमी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शेख को गद्दारों के साथ जाना है, तो खुशी-खुशी जाएं। लेकिन, पहले सपा का झंडा छोड़कर और विधायक पद से इस्तीफा देकर जाएं। जिस पार्टी ने शेख को चुनकर भेजा, उसी पार्टी के खिलाफ दूसरे दलों के साथ जाना 'गद्दारी' है। हमारे खून में गद्दारी नहीं है। आजमी ने यह भी आरोप लगाया कि शेख और अन्य लोग भिवंडी में बीजेपी का महापौर बैठाना चाहते हैं, जिसका उन्हें गहरा दुख है। मुंबई में मुंबईकर महापौर बनेगा, खान बनेगा या बुर्के वाली बनेगी। साथ ही, उन्होंने एमआईएम पर भी बीजेपी के साथ मिले होने का आरोप लगाया। आजमी ने कहा है कि वह 15 जनवरी तक इंतजार करेंगे और फिर शेख के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

KDMC: शिंदे छोड़ हर पार्टी में उत्तर भारतीय उम्मीदवार

■ NBT न्यूज, कल्याण

कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका (केडीएमसी) चुनाव में इस बार उत्तर भारतीय समुदाय की राजनीतिक भागीदारी खास तौर पर चर्चा में है। कई उत्तर भारतीय उम्मीदवार अलग-अलग दलों से चुनावी मैदान में उतरकर जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं, जिससे स्थानीय राजनीति में नई सक्रियता देखने को मिल रही है।

चुनावी परिदृश्य की एक अहम विशेषता यह है कि सत्तारूढ़ शिव सेना (शिंदे गुट) ने इस चुनाव में एक भी उत्तर भारतीय उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है। इसे लेकर राजनीतिक हलकों में कई तरह की चर्चाएं हैं, वहीं विपक्षी दलों ने इस मौके को अपने पक्ष में भुनाने की कोशिश तेज कर दी है।

बीजेपी ने उत्तर भारतीय मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए पूर्व नगरसेवक मनोज राय की पत्नी सरोज राय को उम्मीदवार बनाया है। खास बात यह है कि उनके मुकाबले शिव सेना (यूबीटी) ने पैनल-13 से श्वेता पांडेय को उम्मीदवार बनाया है और इसी पैनल से कांग्रेस ने गीता तिवारी को भी मैदान में उतारा है। इससे यह सीट उत्तर भारतीय चेहरों के बीच सीधी राजनीतिक टक्कर का केंद्र बन गई है। इसी पैनल से शिव सेना (यूबीटी) ने गीता राजन दुबे को भी मैदान में उतारा है।

कांग्रेस भी पीछे नहीं

कांग्रेस भी इस चुनाव में उत्तर भारतीय नेताओं पर दांव लगाती नजर आ रही है। कांग्रेस के महाराष्ट्र सचिव नवीन सिंह कल्याण क्षेत्र से पैनल नंबर 9 के उम्मीदवार हैं और वह संगठन के आधार पर चुनावी मुकाबले में मजबूती से खड़े दिख रहे हैं। पैनल-12 में निशा सिंह हैं कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। इसके अलावा, कांग्रेस ने एक अन्य उत्तर भारतीय नेता अजीत सिंह को भी उम्मीदवार बनाया है, जो अलग वॉर्ड से किस्मत आजमा रहे हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: cci Time: 01-12-2026 23:27 Color:

महानगर > मुंबई > मंगलवार, 13 जनवरी 2026 > पौष 24, शक संवत 1947, माघ कृष्ण दशमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 11 > मूल्य ₹5.00 > पेज 14 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G

(विकसित भारत - जी राम जी) Act, 2025

125 दिन की रोज़गार गारंटी

गाँव-गाँव बनेंगी बुनियादी सुविधाएँ
बनेंगीं सड़कें, बनेंगे स्कूल, आंगनवाड़ी और अस्पताल
अब होगा सुव्यवस्थित विकास

dbc 35101/13/0071/2526

विकसित ग्राम पंचायत से विकसित भारत की ओर

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens
देखें पेज 2, 8, 9

GOOD न्यूज
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें
देखें पेज-7

अंतर्ज्ञान

मौन केवल शब्दों का अभाव नहीं, आत्मा की भाषा है। जब आप मौन में बैठते हैं, तो भीतर से अनसुनी ध्वनियां उठती हैं - आह्वान, प्रेरणा और प्रेम की। मौन में उतरना मतलब भीतर के अंधकार में दीपक जलाना। यही वह संगीत है, जिसे केवल शांत मन सुन सकता है। मौन हमें सिखाता है कि सच्चे उत्तर शब्दों में नहीं, अनुभूति में मिलते हैं। जो मौन को सुन ले, वह जीवन को समझ लेता है। मौन मन की थकान मिटाता है और आत्मा की शक्ति लौटाता है। जब भीतर का कोलाहल थमता है, तभी दिव्यता की फुसफुसाहट सुनाई देती है। मौन ही वह स्थान है, जहां आत्मा और ईश्वर मिलते हैं। इसीलिए जहां मौका मिले, वहीं मौन में थिर हो जाइए।

निकाय चुनाव की समय-सीमा 2 हफ्ते और बढ़ी

NBT रिपोर्ट, मुंबई : सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में स्थानीय निकायों की चुनाव प्रक्रिया पूरी करने की समय सीमा 2 हफ्ते के लिए बढ़ा दी है। बेंच ने राज्य चुनाव आयोग के आवेदन पर यह आदेश दिया है। पहले चुनाव कराने की सीमा 31 जनवरी 2026 तय की गई थी। आयोग ने दिन बढ़ाने के लिए आवेदन किया था कि कुछ जिला परिषदों और पंचायतों के चुनाव होने के कारण दस दिन की जरूरत होगी।

WPL आज के मैच
मुंबई इंडियंस vs गुजरात जायंट्स
7:30pm से, नवी मुंबई में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

सोना-चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल

NBT रिपोर्ट, मुंबई : सोमवार को सोने और चांदी की कीमतें नए



लाइफटाइम हाई पर पहुंच गईं। IBJA के अनुसार, 999 सोना प्रति दस ग्राम 3,327 रुपये बढ़कर 1,40,449 रुपये पर बंद हुआ। वहीं, चांदी 13,968 रुपये बढ़कर 2,56,776 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। पहले इसकी कीमत 2,42,808 रुपये प्रति किलो थी। » पेज 8

26 से हार्बर लाइन पर शुरू होगी AC लोकल

Priya.Pandey@TimesOfIndia.com

मुंबई: कई वर्षों से लंबित हार्बर लाइन पर एसी लोकल चलाने की मांग अब पूरी होने जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, 26 जनवरी से हार्बर लाइन पर एसी लोकल शुरू होगी। यह सर्विस मौजूदा नान-एसी लोकल की जगह पर शुरू हो रही है। शुरुआत में 14 सर्विस (7 अप और 7 डाउन) सीएसएमटी से पनवेल (वाशी से वडाला और पनवेल से सीएसएमटी) के बीच चलाई जाएगी।

मौसम

कोलाबा	33.2	21.0
सांताक्रूज	34.0	17.2
सूर्यास्त मंगलवार	6:20 बजे	
सूर्योदय बुधवार	7:15 बजे	

NBT नवभारत ... सड़क व रेल मार्ग द्वारा लाया गया शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

अमेरिकी दूत ने कहा- ट्रेड डील पर बातचीत आज

'भारत से ज़रूरी कोई देश नहीं'...US के बदले सुर

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के नवनियुक्त राजदूत सर्जियो गोर (Sergio Gor) ने सोमवार को पदभार संभालने के कुछ घंटों के अंदर ही द्विपक्षीय रिश्तों में तनाव दूर करने का मजबूत संकेत दिया। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिका के लिए भारत के जितना जरूरी कोई अन्य देश नहीं है। भारत से ट्रेड डील पर कहा कि दोनों ही पक्ष व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। मंगलवार को दोनों देशों के बीच इस पर बातचीत होने वाली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देश मिलकर मौजूदा मतभेदों को सुलझाने में सफल होंगे।

> अमेरिकी दूत ने कहा, ट्रंप और मोदी के बीच दोस्ती सच्ची है

गोर के इन बयानों को ट्रंप प्रशासन की ओर से ऐसे समय में सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जब उसने हाल में टैरिफ और वीजा जैसे मुद्दों पर भारत पर दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिकी दूत गोर ने जोर दिया कि ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच दोस्ती सच्ची है और यह उन मतभेदों को सुलझाने में मदद करेगी, जिनके कारण पिछले दो दशकों में संबंधों का सबसे खराब दौर देखने को मिला। » पेज 10

अमेरिकी दूत गोर ने कहा कि भारत बड़ा देश है, इसलिए ट्रेड डील को अंतिम चरण तक पहुंचाना आसान काम नहीं है, पर हम इसे पूरा करेंगे।

'पैक्स सिलिका' से जोड़ेगा अमेरिका
भारत को बड़ा इनविटेशन

अमेरिकी राजदूत गोर ने यह भी कहा कि भारत को अमेरिका की अगुआई वाले रणनीतिक गठबंधन 'Pax Silica' (पैक्स सिलिका) में शामिल होने का न्योता दिया जाएगा। क्रिटिकल मिनरल्स और AI जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए अमेरिका ने पिछले महीने ही इसे शुरू किया है। इसमें जापान, साउथ कोरिया, ब्रिटेन, इस्राइल समेत कई देश शामिल हो चुके हैं। गोर ने कहा कि दुनिया नई तकनीक अपना रही है, ऐसे में यह आवश्यक है कि भारत और US इस पहल की शुरुआत से ही कंधे से कंधा मिलाएं।

दूत को उम्मीद, साल-दो साल में भारत आ सकते हैं डॉनल्ड ट्रंप



अमेरिकी दूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप जल्द मिलने आएंगे। उम्मीद है अगले एक-दो साल में वह भारत आएंगे। गोर ने कहा कि ट्रंप अक्सर अपनी पिछली भारत यात्रा को याद करते हैं। पिछले हफ्ते राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत आने के अपने अनुभव और भारत के महान पीएम से अपनी गहरी दोस्ती के बारे में बताया।

गोर के बयान से अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक की टिप्पणियों से पैदा भ्रम दूर हो गया है, जिसमें लुटनिक ने कहा था कि ट्रेड डील पर बातचीत रुक गई है क्योंकि मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया था।

देखें संपादकीय पेज-6 ताकत बढ़ाए भारत

ईरान ने कहा- बातचीत के दरवाज़े खुले, लेकिन जंग को भी तैयार

ट्रंप का दावा, बातचीत करना चाहता है ईरान

एपी, दुबई

ईरान में सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रविवार रात दावा किया कि हमारी धमकी के बाद इस पश्चिम एशियाई देश ने अमेरिका से फोन पर संपर्क किया और बातचीत का प्रस्ताव रखा है। हमारा प्रशासन ईरान के साथ बैठक तय करने पर काम कर रहा है। ट्रंप ने साथ ही चेताया कि वहां जो कुछ हो रहा है, उसे देखते हुए हमें पहले ही कार्रवाई करनी पड़ सकती है।

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ईरान में सरकार-विरोधी प्रदर्शनों पर सख्त कार्रवाई में सैकड़ों मौतें हो चुकी हैं और हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि हमारा देश जंग को तैयार है, लेकिन अमेरिका से बातचीत का चैनल अब भी खुला है। जब जरूरत होती है, इसी चैनल से संदेशों का आदान प्रदान होता है। लेकिन किसी भी बातचीत को साझा हितों पर आधारित होना चाहिए, न कि एकतरफा या थोपे गए अजेंडे पर।

> सरकार समर्थक भी सड़कों पर, स्टारलिंक सेवा ठप

ईरान में सरकार के समर्थन में हजारों सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों का हाल बयां कर रहे स्टारलिंक की ब्रॉडबैंड सेवाओं को रोक दिया गया। ज्यादातर एक्टिविस्ट इसी सुविधा का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया पर जानकारियां साझा कर रहे थे। » पेज 10

ईरान विरोधी रैली में ट्रक अमेरिका के लॉस एंजिलिस में रविवार दोपहर ईरान विरोधी प्रदर्शनों के दौरान ट्रक रैली में घुस गया। गुस्साए लोगों ने ट्रक ड्राइवर पर हमले की कोशिश की। कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है।

भारतीयों को सलाह, प्रदर्शन से रहें दूर

तेहरान में भारतीय दूतावास ने सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे घरों से बाहर न निकलें और किसी भी तरह की अशांति या विरोध-प्रदर्शनों के बीच न जाएं। भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने उन खबरों को गलत बताया, जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी पुलिस ने 'दंगों और तोड़फोड़' में शामिल कुछ भारतीयों को गिरफ्तार किया है।

> ईरानी दूत ने कहा, कोई भारतीय गिरफ्तार नहीं

ट्रंप वेनेज़ुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति!

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद को वेनेज़ुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट में ट्रंप की तस्वीर के साथ एक्टिंग प्रेजिडेंट ऑफ वेनेज़ुएला लिखा है। पोस्ट में जनवरी से पद संभालने का जिक्र है। इस पोस्ट पर वाइट हाउस या अमेरिकी प्रशासन ने कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है।

CM और DCM की ललकार, ठाकरे बंधुओं ने भी किया प्रहार

मुख्यमंत्री ने कहा, लाडली बहना का पैसा रोक रहे

NBT रिपोर्ट, मुंबई : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को शिवाजी पार्क के मंच से उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे पर जोरदार निशाना साधा। रविवार को 'शिवतीर्थ' पर आयोजित महायुति की रैली में फडणवीस ने ठाकरे बंधुओं के मराठी मुद्दे पर जोरदार पलटवार किया।

> CM-शिंदे ने ठाकरे भाइयों पर साधा निशाना

उन्होंने कहा कि मराठी मनुष्य के अस्तित्व पर कोई संकट नहीं है, बल्कि आपके भविष्य पर खतरा है। वहीं, शिंदे ने कहा कि लाडली बहनों का पैसा रोकने के लिए इन लोगों ने चुनाव आयोग से शिकायत की है। सीएम ने ठाकरे बंधुओं पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग राज्य में निवेश करने वालों का विरोध कर रहे हैं। ये चाहते हैं कि मराठी युवा शिव वड़ापाव बेचें, जबकि हम चाहते हैं कि मराठी उद्योगपति बनें और लोगों को रोजगार दें। डीसीएम शिंदे ने कहा कि इन लोगों का मराठी लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने ठाकरे बंधुओं के एक होने पर व्यंग्य करते हुए कहा, वे कहते हैं कि महाराष्ट्र उनके झगड़े से बड़ा है। तो फिर 20 साल पहले महाराष्ट्र छोटा था? तब बालासाहेब की इच्छा क्यों पूरी नहीं की। तब आपका ईगो बड़ा था। » पेज जैकेट बैक

उद्धव और राज ने महायुति पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप



NBT न्यूज, ठाणे : उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने राज्य के मनपा चुनाव में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए महायुति पर जमकर हमला बोला है। उद्धव ठाकरे ने मतदाताओं और उम्मीदवारों को रुपए बांटने का आरोप लगाते कहा कि आज सभी की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मराठी भाषियों को जगाने के लिए दोनों भाइयों की दोस्ती हुई है। उद्धव ने एकनाथ शिंदे पर हमला बोलते कहा कि जिसने शिवसेना के साथ गद्दारी की, आज वह ठाणे के लोगों के साथ गद्दारी कर रहा है। शिंदे ने वनविभाग की जमीन उद्योगपतियों को दे दी है। उद्धव ने कहा आज विकास की गति नहीं, बल्कि विनाश की गति जारी है। राज ठाकरे ने उम्मीदवारी वापस लेने के लिए उद्धव शिवसेना और मनसे के उम्मीदवारों को 1 से 10 करोड़ रुपए का ऑफर देने का गंभीर आरोप लगाया। राज और उद्धव के संबोधन के दौरान कुछ उम्मीदवारों को सामने लाया गया, जिन्हें उम्मीदवारी वापस लेने के लिए महायुति की तरफ से करोड़ों का ऑफर दिया गया था।

> सभी की आवाज दबाने की हो रही कोशिश

लाडली बहनों को एक महीने का ही रुपया

- इलेक्शन कमीशन ने कहा, अग्रिम किस्त नहीं दे सकते
- दिसंबर का मिलेगा रुपया, जनवरी के लिए इंतजार

NBT रिपोर्ट, मुंबई : महानगरपालिका चुनाव मतदान से एक दिन पहले लाडली बहनों के खाते में राज्य सरकार दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 की अग्रिम राशि जमा करने वाली थी, लेकिन राज्य चुनाव आयोग ने जनवरी की किस्त जमा करने पर रोक लगा दी है। आयोग ने साफ किया है कि पहले से चल रही योजना जारी रखी जा सकती है, लेकिन जनवरी की अग्रिम किस्त नहीं दे सकते। साथ ही, नए लाभार्थियों को योजना में शामिल नहीं कर सकते। आयोग के इस फैसले के बाद लाडली बहनों को दिसंबर की किस्त मिलने का रास्ता साफ हो गया। राज्य के कैबिनेट मंत्री गिरीश महाजन ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया था कि मकर संक्रांति से पहले पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में दिसंबर-जनवरी के 3,000 रुपये जमा किए जाएंगे।

चुनाव आयोग ने सरकार से मांगी सफ़ाई

विपक्ष की शिकायत के बाद राज्य चुनाव आयोग ने रविवार को राज्य के मुख्य सचिव राजेश अग्रवाल से स्पष्टीकरण मांगा और यह पूछा कि क्या सरकार मतदान से ठीक पहले दो महीनों की किस्त जमा करने जा रही है। उन्होंने मुख्य सचिव से सोमवार की सुबह 11 बजे तक जवाब देने को कहा है। सोमवार को मुख्य सचिव अग्रवाल अपनी रिपोर्ट चुनाव आयोग को दी। रिपोर्ट में बताया कि 4 नवंबर 2025 को राज्य चुनाव आयोग ने स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के आम चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता को लेकर संयुक्त आदेश जारी किए थे।

> लाडली बहन योजना पहले से लागू है और यह आदर्श आचार संहिता के प्रतिबंधों के दायरे में नहीं आती। - देवेंद्र फडणवीस, CM

> कांग्रेस योजना के खिलाफ नहीं, लेकिन वोटिंग से पहले 2 माह की राशि जारी करना आचार संहिता का उल्लंघन है। - हर्षवर्धन सपकाल, महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष

भारत-जर्मनी में 'फ्री ट्रांज़िट वीजा' का ऐलान,
मोदी जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्स से मिले, साथ पतंग उड़ाई

पीटीआई, अहमदाबाद: **भारत और** जर्मनी ने रक्षा उद्योग सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्स के साथ बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जर्मनी ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा-फ्री ट्रांजिट की सुविधा घोषित की है, यानी अब अगर कोई भारतीय यात्री जर्मनी के किसी एयरपोर्ट से सिर्फ फ्लाइट बदलने (ट्रांजिट) के लिए रुकता है, तो उसे अलग से ट्रांजिट वीजा लेने की जरूरत नहीं होगी। » पेज 10

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मनी के चांसलर मर्त्स ने अहमदाबाद में साबरमती आश्रम पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- दोनों नेता साबरमती रिवरफ्रंट भी पहुंचे, जहां पीएम ने अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का शुभारंभ किया। फिर दोनों ने पतंगबाजी का आनंद लिया।

मुंबई में उबर की इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी की शुरुआत

NBT रिपोर्ट, मुंबई : सोमवार को मुंबई सेंट्रल आरटीओ में उबर की इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी की शुरुआत हुई। पहले चरण में 50 इलेक्ट्रिक बाइक्स को हरी झंडी दिखाकर जागरूकता अभियान के लिए रवाना किया गया, ताकि 'इलेक्ट्रिक मोबिलिटी' को बढ़ावा मिल सके।

हालांकि, उसी आरटीओ पर जब NBT रिपोर्टर ने उबर ऐप से बाइक टैक्सी बुक की, तो इलेक्ट्रिक बाइक की जगह अनधिकृत पेट्रोल बाइक आ गई। यह घटना अधिकारियों के सामने हुई। उन्होंने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

इसरो का रॉकेट रास्ता भटका, मिशन फेल

Hemwati.Rajaura1@timesofindia.com

नई दिल्ली: भारत की स्पेस एजेंसी ISRO का वर्ष 2026 का पहला मिशन 'PSLV-C62' नाकाम रहा। यह रॉकेट सोमवार सुबह 10:18 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 16 सैटलाइट व पेलोड लेकर उड़ा था। इनमें भारत के मुख्य सैटलाइट 'अन्वेषा' के साथ नेपाल, ब्राजील, ब्रिटेन, थाईलैंड, फ्रांस, स्पेन जैसे देशों से जुड़े सैटलाइट और कैप्सूल भी थे। रॉकेट लॉन्चिंग में तकनीकी गड़बड़ी आई, जिससे वह रास्ता भटक गया। यह लगातार दूसरी बार है, जब PSLV से मिशन असफल हुआ है। इससे पहले 18 मई 2025 को ऐसा हुआ था। » पेज 9



...लेकिन DRDO का टेस्ट रहा सफल

रक्षा अनुसंधान से जुड़े DRDO ने कंधे पर ले जाकर दागी जाने वाली मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल टेस्ट किया। तीसरी पीढ़ी की यह मिसाइल दुश्मन के टैंकों को ऊपर से निशाना बनाने में सक्षम है। इसे दुश्मन के टैंकों के ऊपरी हिस्से को भेदने के लिए डिजाइन किया गया है।

AIMIM और BJP का एक साथ समर्थन

NBT रिपोर्ट, मुंबई : अकोट में बीजेपी और एआईएमआईएम ने मनोनीत नगरसेवक के लिए जितेन बरेठिया को समर्थन दिया है। जितेन पूर्व नगराध्यक्ष और बीजेपी नेता रामचंद्र बरेठिया के बेटे हैं। हालांकि, जितेन निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भाग ले रहे हैं। बीजेपी और एमआईएम के समर्थन देने से एक फिर दोनों के बीच छिपे गठबंधन की चर्चा शुरू हो गई है।

BMC चुनाव : खर्च 35% तक बढ़ा

Neeraj.Tiwari@Timesofindia.com

मुंबई : BMC चुनाव 2026 का खर्च वर्ष-2017 के चुनाव की तुलना में 35-40% बढ़ गया है। हालांकि, बीएमसी प्रशासन ने स्पष्ट किया कि चुनाव के लिए सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। वर्ष- 2017 में हुए BMC चुनाव में प्रशासन ने 130 करोड़ रुपये खर्च किए थे, लेकिन इस बार यह आंकड़ा 200 करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 2017 में हुए चुनाव की तुलना में महंगाई बढ़ी है। पहले चुनावी ड्यूटी पर तैनात लोगों की संख्या 49000 थी, जिसमें 35% वृद्धि हुई है। अब यह संख्या बढ़कर 64,000 हो गई है। इन कर्मियों पर होने वाले खर्च की लागत में 50% का इजाफा हुआ है।



मोबाइल पर बैन नहीं, ले जाने से करें परहेज

बीएमसी के चुनाव में वोटर्स के लिए पोलिंग बूथ पर मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध नहीं है। हालांकि, सोमवार को बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी ने वोटर्स से अपील की है कि वे मतदान केंद्र पर मोबाइल ले जाने से परहेज करें। कोई लेकर पहुंचता है, तो उसे बंद रखना अनिवार्य होगा। » जैकेट बैक 1, 2 » पेज 2, 4

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMCLAS User: cci Time: 01-12-2026 23:09 Color:

ठाणे पुलिस आयुक्तालय में होने वाले विभिन्न मनपा चुनाव के लिए पुलिस और अन्य सुरक्षा बल की तैयारी पूरी कर ली गई है। -p4

यमुना रिवर फ्रंट पर चलाने के लिए तलोजा में क्रूज रेडी है। संभवतः यह 20 जनवरी को तलोजा से दिल्ली रवाना किया जाएगा। -p4

161
रहा मुंबई का AQI सोमवार को, जो खराब श्रेणी में है।

32.2
अधिकतम तापमान दर्ज किया गया सोमवार को। दिनभर रुक-रुककर बारिश हुई।

www.mumbai.nbt.in

BMC चुनावः 3.10 करोड़ कैश जब्त

■ NBT रिपोर्ट, मुंबईः बीएमसी चुनाव से ठीक दो दिन पहले मुंबई में चुनावी सख्ती का असर दिखने लगा है। शहर के सभी 227 वार्डों में तैनात निगरानी टीमों ने अब तक 3.10 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। इसके अलावा 1,237 लीटर शराब, करीब 45 करोड़ रुपये मूल्य के 55 किलोग्राम नशीले पदार्थ, 115 धारदार हथियार और 52 राउंड गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। चुनाव अधिकारियों ने धनबल और प्रलोभनों पर रोक लगाने के लिए निगरानी तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार, जब्त नकदी में से करीब 20 लाख रुपये पिछले सप्ताह अंधेरी पूर्व इलाके से पकड़े गए थे। मुंबई में 1.03 करोड़ मतदाता और 227 वार्डों में 1,700 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

सिगरेट के उधार पर हुआ हिंसक विवाद

■ NBT रिपोर्ट ,मुंबईः अंधेरी इलाके में सिगरेट उधार को लेकर हुआ विवाद हिंसक हो गया। नशे में धुत एक व्यक्ति ने 44 वर्षीय ड्राइवर पर ज्वलनशील लिक्विड डालकर आग लगाने की कोशिश की। हमले में पीड़ित करीब 25 प्रतिशत झुलस गया है। उसका इलाज जोगेश्वरी के अस्पताल में चल रहा है। अंबोली पुलिस ने हत्या की कोशिश का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित राजेंद्र यादव ड्राइवर है और यादव नगर, जोगेश्वरी (पश्चिम) में परिवार के साथ रहता है। आरोपी सिगरेट उधार लेकर पैसे नहीं दे रहा था। कहा-सुनी के बाद आरोपी चला गया, लेकिन करीब 15 मिनट बाद ज्वलनशील लिक्विड और माचिस लेकर लौटकर उसने राजेंद्र पर पीछे से हमला कर दिया। पुलिस जांच कर रही है।

हीमोफीलिया मरीज की सिस्टम की देरी से मौत!

KEM अस्पताल के पास नहीं है जीवन रक्षक दवा

Suraj.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबईः केईएम अस्पताल में भर्ती हीमोफीलिया मरीज की ब्रेन में रक्तस्राव होने के दौरान समय पर इंजेक्शन (क्लॉटिंग फैक्टर) न मिलने से मौत हो गई। ऐसे में हीमोफीलिया मरीजों के लिए काम करने वाले संगठन हीमोफिलिया एडवोकेसी ने यह सवाल उठाया है कि बीएमसी के पास जीवन रक्षक दवा खरीदने तक के पैसे नहीं है। यदि समय रहते इंजेक्शन मिल जाता तो मरीज की जान बचाई जा सकती थी। संगठन का आरोप है कि सिस्टम की देरी से मरीज की मौत हुई है।

हीमोफिलिया एक आनुवंशिक (जन्म से होने वाली) बीमारी है। इसमें खून सामान्य रूप से जम नहीं पाता। चोट या अंदरूनी रक्तस्राव होने पर क्लॉटिंग फैक्टर इंजेक्शन देना होता है, वरना स्थिति जानलेवा हो सकती है। हीमोफिलिया एडवोकेसी हेड और इस बीमारी के साथ जी रहे जिगर कोटेचा ने बताया कि जिस मरीज की मौत हुई मैंने उसके परिवार से शुक्रवार तक इंजेक्शन मुहैया करवाने की बात कही थी, लेकिन तब तक काफी देरी हो चुकी थी।

हमारे पास इंजेक्शन का स्टॉक नहीं है। इस मरीज के लिए ईएसआईसी के तहत ठाणे से इंजेक्शन मंगवाया और मरीज को दिया गया था। इस इंजेक्शन का एक साइड इफेक्ट ऐसा है कि उसमें ब्लड क्लॉट होता है। क्लॉट के चलते इस मरीज को हार्ट अटैक आया और उसकी मौत हो गई।
-डॉ. संगीता रावत, डीन, केईएम

BMC में भी नहीं हुई सुनवाई

हीमोफिलिया एडवोकेसी हेड जिगर कोटेचा ने कहा कि इस संबंध में केईएम के डीन ने बताया कि इंजेक्शन खरीदी का प्रस्ताव बीएमसी प्रशासन के पास भेजा गया था, लेकिन प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया गया। इसके अलावा दिसंबर महीने में केंद्र सरकार को भी इंजेक्शन मुहैया कराने के लिए अनुरोध किया गया, लेकिन उस पत्र का भी कोई प्रतिसाद नहीं मिला। हीमोफिलिया संगठनों ने स्वतंत्र जांच, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही, फैक्टर की आपात खरीदी और विशेष बजट की मांग की है। इस संबंध में बीएमसी के अडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर विपिन शर्मा से फोन और मैसेज के माध्यम से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन खबर लिखे जाने तक उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

हीमोफिलिया मरीजों का भार कोई नहीं लेना चाहता

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

यह मामला राज्य में हीमोफिलिया फैक्टर की लगातार कमी को भी उजागर करता है। बीते तीन वर्षों से फैक्टर-8 की टेंडर प्रक्रिया विफल रही, लेकिन कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। कई सरकारी अस्पतालों में हेमेटोलॉजिस्ट तक नियुक्त नहीं है। खासकर मुंबई में इलाज लेने वाले मरीजों की जिम्मेदारी न तो केंद्र लेना चाहता है, न ही राज्य सरकार और न ही बीएमसी। यह इंजेक्शन हजारों के आते हैं और इसके कई डोज लगते है जिससे लागत बढ़ जाती है।

Gen Z बोले- डिवेलपमेंट चाहिए, डिवाइड नहीं

चुनाव में काम करने वालों को चुनेगी युवा पीढ़ी

Priya.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई : बीएमसी चुनावों को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। इस बार के चुनाव में Gen Z मतदाताओं पर सबकी नजर है। Gen Z इस बार जनता से जुड़े बेसिक मुद्दे उठा रहे हैं। 18 से 28 वर्ष के युवा अपने लिए ठोस बदलाव और पारदर्शी कामकाज की उम्मीद कर रहे हैं। उनकी मांगें पारंपरिक मुद्दों से आगे बढ़कर आधुनिक, तकनीक-आधारित और नागरिक सुविधाओं में सुधार पर अधिक केंद्रित हैं। बेसिक एमेनिटीज उनकी मुख्य मांग है। साथ ही उनका कहना है कि जाति-धर्म को चुनाव का मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।

युवाओं की प्राथमिकता साफ-सफाई, कचरा का अच्छी तरीके से निपटारा और स्वच्छ परिसर है। वे चाहते हैं कि शहर में वेस्ट मैनेजमेंट और रीसाइक्लिंग की प्रक्रिया को तकनीक से जोड़ा जाए, ताकि कोस्टल लाइन, सड़कों और गलियों में फैला कचरा कम हो सके। फुटपाथों की खराब हालत और गड्ढों की समस्या भी उनके लिए सबसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर मुद्दों में शामिल है।

'बसों की संख्या बढ़े': Gen Z की दूसरी अहम मांग है बेहतर सार्वजनिक परिवहन। बसों की संख्या बढ़ाने, खस्ताहाल बस स्टॉप को सुधारने और लोकल ट्रेनों में भीड़ कम करने के लिए दीर्घकालीन योजना बनाने की वे मांग कर रहे हैं। रोजगार के अवसर, खेल-सुविधाएं, सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और अधिक हरित क्षेत्रों का निर्माण भी सूची में शामिल है।

क्या कहती है नई पीढ़ी

हमें एक ऐसे नगरसेवक की जरूरत है, जिसके खिलाफ कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड न हो, वो पढ़ा-लिखा हो। साथ ही ट्रैफिक, कचरा और पानी जैसे मुद्दों पर काम करे। -सौरभ पंडित

चुनाव प्रचार के लिए जिस तरीके से प्रत्याशी गली-गली घूम रहे हैं, उसी तरह जीतने के बाद भी घूमें। जनता के मुद्दे को समझें और फिर उसका निपटारा करें। -शुभम जाधव

वर्तमान में दूषित हवा का मुद्दा काफी गरमाया हुआ है। उसके ऊपर ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही आज कल रास्तों पर फुटपाथ नहीं बचे हैं, उस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। -दिशा आसरानी



हर वोट के लिए पैसा देने से अच्छा है कि जनता के लिए काम किया जाए। जनता स्वयं वोट देगी। - हितेश शर्मा

पवित्र बाल देने का झांसा देकर ठगी, आरोपी अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबईः खुद को पैगंबर साहब का खानदान बताकर ठगी करने वाले को माहिम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पैगंबर साहब के पवित्र बाल देने का दावा कर दो महिलाओं से करीब 10 लाख रुपये के गहने लिए थे। आरोपी मोहसिन अली अब्दुल सत्तार कादरी को पुलिस ने डेढ़ महीने बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिलाओं को यह झांसा दिया कि अगर सोने के गहने पैगंबर साहब के बाल के पास रखे जाएं, तो सोना बढ़ जाएगा।

आरोपी मोहसिन

शिकायतकर्ता अंसार अहमद फारूकी माहिम के नावेल्टी हाइट्स बिल्डिंग में रहते हैं। वर्ष 2022 में उनके भाई की मुलाकात डोंगरी में मोहसिन अली से हुई थी। ईद-ए-मिलाद के दौरान मोहसिन उनके घर आया, जहां उसने पवित्र बाल होने का दावा किया और अलमारी में रख दिया। कुछ समय बाद आरोपी ने अंसार की पत्नी और भाई की पत्नी से 145 ग्राम सोने के गहने और 10.15 लाख रुपये झांसा देकर ले गया।

बाद में जब गहने वापस नहीं मिले तो शक हुआ। जांच में सामने आया कि आरोपी ने आर्थिक तंगी के कारण गहने गिरवी रख दिए थे। तीन साल तक गहने न लौटाने पर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने डेढ़ महीने से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

HC: अनिल अंबानी की राहत के खिलाफ तीन बैंकों की अपील

■ NBT रिपोर्ट, मुंबईः सार्वजनिक क्षेत्र के तीन बैंकों ने उद्योगपति अनिल अंबानी और उनकी कंपनी के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में अपील की है। बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक और IDBI बैंकों ने कोर्ट में अपील की है। बैंकों ने अपील में उस आदेश पर स्टे लगाने की मांग की है, जिसमें अंबानी के बैंक खातों को फ्रॉड वर्गीकृत करने की कार्यवाही पर रोक लगाई गई थी। दिसंबर 2025 में कोर्ट की सिंगल बेंच ने अंबानी के खिलाफ खातों को फ्रॉड वर्गीकृत करने की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इसके खिलाफ बैंकों ने हाई कोर्ट में अपील की है। पुराने फैसले में सिंगल बेंच ने बैंक की कार्रवाई को आरबीआई के नियमों का उल्लंघन बताया था।

14 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

सिंगल बेंच ने अंबानी को राहत देते हुए बैंकों द्वारा की जाने वाली भविष्य की कार्रवाई पर रोक लगाई थी। सोमवार को चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर की बेंच के सामने यह अपील सुनवाई के लिए आई। इस दौरान बैंकों के वकील ने कहा कि फॉरेंसिक ऑडिट के आधार पर खाते को फ्रॉड वर्गीकृत करने का उनका निर्णय वैध था, इसलिए, सिंगल बेंच की ओर से अंबानी को राहत देने वाले आदेश को रद्द कर दिया जाए, क्योंकि यह आदेश विसंगतियों से भरा है। अगली सुनवाई 14 जनवरी को है।

मार्च में BPT शुरू करेगी मरीना प्रॉजेक्ट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबईः मुंबई पोर्ट ट्रस्ट (बीपीटी) ने मुंबई में मरीना प्रोजेक्ट का काम मार्च तक शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। गेट वे ऑफ इंडिया के करीब मरीना प्रोजेक्ट के लिए बीपीटी को केंद्र सरकार की तरफ से आवश्यक मंजूरी मिल गई है। केंद्र से हरी झंडी मिलने के बाद बीपीटी ने प्रोजेक्ट की टेंडर प्रक्रिया फरवरी या मार्च के पहले सप्ताह तक पूरी करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।

बीपीटी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, प्रोजेक्ट की टेंडर की प्रक्रिया अंतिम चरण में चल रही है। अगले महीने से टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। 12 हेक्टेयर समुद्री क्षेत्र में विश्वस्तरीय मरीना तैयार करने के लिए ग्लोबल टेंडर आमंत्रित किया गया था। मुंबई में तैयार होने वाला मरीना देश का पहला फुट स्केल मरीना है। जल यातायात को बढ़ावा देने के लिए यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही हर प्रकार की 424 बोट या यार्ट के लिए पार्किंग तैयार की जाएगी। यहां क्लब हाउस, होटल, रेस्टॉरेंट समेत अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। बीपीटी ने जनवरी 2029 तक प्रोजेक्ट का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बीपीटी मरीना के करीब वाटर स्पोर्ट्स शुरू करने की योजना पर भी काम किया जा रहा है। मुंबई में 250 से अधिक निजी यॉट हैं। पार्किंग की व्यवस्था न होने से ये जहाज गेट वे ऑफ इंडिया के करीब खड़े रहते हैं। मरीना के तैयार होने से निजी जहाजों को पार्किंग स्थल मिल जाएगा।

प्रॉजेक्ट को केंद्र सरकार से मिली हरी झंडी

पुरानी रंजिशः पवई में हुआ किशोर पर सामूहिक हमला

■ NBT रिपोर्ट, मुंबईः पवई इलाके में 17 वर्षीय छात्र पर पुरानी रंजिश के चलते सामूहिक हमले का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र ने पवई पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि 11 जनवरी की रात उसके साथ और उसके दोस्त के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। 5 नामजद और तकरीबन 4 अन्य आरोपियों के के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ पीड़ित के घर के सामने तोड़फोड़ किए जाने की भी शिकायत दर्ज कराई गई है। इस हमले में पीड़ित घायल हो गया है।

पीड़ित छात्र चैतन्य नगर, आईआईटी मेन गेट के पास, पवई का रहने वाला है और बीएससी की पढ़ाई कर रहा है। एफआईआर के अनुसार, 11 जनवरी को शाम करीब 6.30 बजे वह अपने दोस्त के साथ हरे कृष्णा रोड, आईआईटी की ओर नमाज पढ़ने जा रहा था। इसी दौरान इलाके के रहने वाले एक युवक से उसका आमना-सामना हुआ, जिससे पहले से विवाद चल रहा था। आरोप है कि युवक ने पीड़ित को धक्का देने की कोशिश की और फिर उसके दोस्त को धक्का दे दिया। विरोध पर गाली-गलौज होने लगा। लोगों ने मामला शांत कराया। जाते समय आरोपी और उसके साथियों ने पीड़ितों को बाद में देख लेने की धमकी दी।

पुरानी रंजिश का आरोप, मामला दर्ज

डंडों से किए वार: उसी रात करीब 11.30 बजे जब पीड़ित अपने घर के सामने खड़ा था, तभी वह युवक साथियों के साथ वहां पहुंचकर मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने हाथों और बांस के डंडों से हमला किया। परिवार वालों ने 100 नंबर पर कॉल किया, तो आरोपी फरार हो गए। इसके बाद सभी आरोपी पीड़ित के दोस्त के घर जाकर मारपीट की।

इंडियन ऑइल साइंस क्विज 3.0 हुआ संपन्न

■ NBT रिपोर्ट, मुंबईः टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इंडियनऑयल साइंस क्विज 3.0 का राष्ट्रीय फाइनल 9 जनवरी 2026 को बांद्रा स्थित बाल गंधर्व रंग मंदिर में हुआ। देश के 8 शहरों अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, गुवाहाटी, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और नई दिल्ली से विजेता बनी टीमों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत 50 स्कूलों के 475 से अधिक छात्रों के 'बेस्ट ऑफ इंडियनऑयल साइंस क्विज 3.0' से हुई। इसके बाद आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर अभिजीत मजूमदार का प्रेरणादायक व्याख्यान हुआ।

मंच पर क्विजमास्टर कुणाल साकरकर और सौम्या वारी ने प्रश्न पूछे। फाइनल में डीपीएस मेगासिटी, कोलकाता के देवायुध दास और इशान सिंह विजेता बने। दूसरे स्थान पर मित्रा अकादमी, बेंगलुरु के साई कुलकर्णी और प्रणव सक्सेना मेनन रहे, जबकि तीसरे स्थान पर भवन्स राजाजी विद्यालय, चेन्नई के सचिन सत्यशिवन और अक्षय रविशंकर रहे। अन्य फाइनलिस्ट स्कूलों में गोपी बिड़ला मेमोरियल स्कूल, भारत नेशनल पब्लिक स्कूल, फैकल्टी हायर सेकेंडरी स्कूल, डीपीएस गोमती नगर एक्सटेंशन और सेंट कबीर इंडियन इंटरनेशनल स्कूल शामिल रहे। कार्यक्रम में जॉन प्रसाद फर्नांडीस ने सभी छात्रों को बधाई दी।

मंत्री मुंडे के पीए ने बेल के लिए लगाई अर्जी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबईः राज्य के मंत्री पंकजा मुंडे के निजी सहायक अनंत गर्जे ने जमानत के लिए मुंबई सेशन कोर्ट में आवेदन किया है। गर्जे पर अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। आवेदन में गर्जे ने कहा है कि उनके खिलाफ लगे आरोप अस्पष्ट हैं। उनकी पत्नी का आत्महत्या करना भावनात्मक तनाव का परिणाम था।

पीए अनंत गर्जे ने आरोपों को बताया अस्पष्ट

केईएम अस्पताल में डॉक्टर के तौर पर कार्यरत 28 वर्षीय गौरी पालवे ने पिछले साल वर्ली स्थित घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। फरवरी 2025 में पालवे और गर्जे का विवाह हुआ था। बेटी की खुदकुशी के बाद उसके पिता ने गर्जे के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया था। कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी पर पुलिस को जवाब देने का निर्देश दिया है। 19 जनवरी को जमानत अर्जी पर अगली सुनवाई होगी।

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड

ओएनजीसी द्वारा प्रतिष्ठित विक्रेताओं से **ओएनजीसी की पश्चिमी अपतटीय आपूर्ति श्रृंखला संचालन के लिए 05 वर्षों की अवधि हेतु एकीकृत शोर बेस एवं मरीन फ्लीट प्रबंधन सेवाओं की नियुक्ति** के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक विक्रेता ओएनजीसी की वेबसाइट से पूर्ण ईओआई दस्तावेज डाउनलोड कर सकते हैं: www.tenders.ongc.co.in>Expression of Interest

आवश्यक दस्तावेजों सहित ईओआई 19.01.2026 तक mo_olg@ongc.co.in पर प्रस्तुत की जानी चाहिए।

ओएनजीसी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी ईओआई को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

अग्रबंधु सेवा समिति ने किया कंबल वितरण

■ NBT रिपोर्ट, मुंबईः मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में अग्रबंधु सेवा समिति मुंबई ने हजारों जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। यह सेवा प्रकल्प संस्थाध्यक्ष अमरीशचंद्र अग्रवाल, महिला अध्यक्ष सुधा अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, उदेश अग्रवाल, गोपालदास गोयल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। ट्रस्टी कानबिहारी अग्रवाल ने बताया कि संस्था के ट्रस्टी, पदाधिकारी, महिला समिति और स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ व्यवस्था संभाली। अनिल अग्रवाल के अनुसार, संस्था वर्षभर समाजसेवा में निरंतर सक्रिय रहती है।

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम-परमाणु ऊर्जा विभाग)
CIN: U15100MH1950GOI008187 Website: www.irel.co.in
ISO 9001:2015, ISO 14001: 2015

संदर्भ/Ref: ADVT.NO.IREL/CO/2026/01

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा अपने विभिन्न आगामी परियोजनाओं के लिए लेनदेन परामर्श और अन्य सहायक सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से लेन-देन परामर्शदाता को लघु-सूचीबद्ध करने हेतु 'पैनलीकरण हेतु अनुरोध (आरएफई) (निविदा सं. IREL/CO/PT/2026/01)' का आमंत्रण किया गया है।

आरएफई में दिए गए निर्देशों के अनुसार इच्छुक एजेंसियां अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करें, जिसे आप https://etenders.gov.in/eprocure/app, http://irel.co.in से डाउनलोड कर सकते हैं। आरएफई में किसी भी सुधार/विस्तार की सूचना केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रकाशित की जाएगी।

हस्ताक्षर/Sd/-
CBC 48129/12/0003/2526 महाप्रबंधक (तकनीकी)/ GM (Technical)

पश्चिम रेलवे

फ्लोटिंग स्टेशन पर ब्रोक विज्ञापन अधिकार

मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एमएसकार अनुभाग मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008, **ई-नीलामी कैटलॉग संख्या:** एमएमसीटी-एडीबीटी-25-70 आमंत्रित करते हैं। **ई-नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट):** 29.01.26 को 15:00 बजे। **कार्य-** मुंबई मंडल में विभिन्न एनएसकार्ड बीडिंग के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन। **लॉट संख्या:** एडीबीटी-बीआईटी-बीओसीसी-ओएच-469-26-1 (विज्ञापन - आउट ऑफ होम)। **स्थान/क्षेत्र:** चर्चगेट प्लेटफॉर्म नंबर 4 के पूर्वी तरफ सड़क को और उन्मुख दीवारें पर एलईडी/एलईडी के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन के लिए ब्लॉक विज्ञापन अधिकार 05 वर्ष की अवधि के लिए। दिन: 1826। **ई-नीलामी की अंतिम तिथि और समय:** 29.01.26 को 15:30 बजे। **संपर्क विवरण:** **मोबाइल नंबर:** 022 67644212, **ईमेल आईडी:** acmadvtgbct@gmail.com **नोट:** इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल पर जाएं। लॉट का विवरण ऑनलाइन कैटलॉग के तहत यहां उपलब्ध है।

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

SBI

परियोजना वित्त प्रकोष्ठ, पार्श्वनाथ कैपिटल टावर, चौथी मंजिल, गोल मार्केट, नई दिल्ली- 110001, ई-मेल: dgm2.pfsbu@sbi.co.in

ठेकेदारों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए आवेदन आमंत्रित करने की सूचना

भारत सरकार की IDEAS दिशा निर्देशों के तहत, पूर्व-योग्य संस्थाओं की सूची में शामिल करने के लिए भारतीय ठेकेदारों से आवेदन आमंत्रित हैं, जो मॉरीशस में जल पाइपलाइन प्रतिस्थापन परियोजना पर कार्यों के निष्पादन के लिए बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आमंत्रित किए जाने के योग्य होंगे। ठेकेदारों का चयन दो चरणों (आवेदन की शॉर्टलिस्टिंग और वित्तीय मूल्यांकन) में पूरा किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित दस्तावेज भारतीय स्टेट बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/business/mauritius-pipeline-replacement-project से डाउनलोड किए जा सकते हैं। प्रक्रिया में कोई भी परिशिष्ट / संशोधन केवल बैंक की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 24.02.2026 है।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 13.01.2026
उप महाप्रबंधक (परियोजना वित्त प्रकोष्ठ)

भारतीय रिज़र्व बैंक
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
14वीं मंज़िल, केन्द्रीय कार्यालय भवन,
शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

पर्यावरण मंजूरी

राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA), ओडिशा ने "आईडीसीओ प्लॉट नंबर, S5-H-05, ईएमसी पाका, इन्फोवैली II, जांला, भुवनेश्वर, खोर्धा, ओडिशा में 18.55 एकड़ क्षेत्र में आरबीआई ग्रीनफ़ील्ड डेटा सेंटर और एंटरप्राइज़ स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान" को पर्यावरण मंजूरी फ़ाइल संख्या 520116/77-INFRA2/01-2025 दिनांक जनवरी 07, 2026 के माध्यम से पर्यावरण मंजूरी प्रदान की है।

उपरोक्त पर्यावरण मंजूरी पत्र की प्रतियां राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ओडिशा के पास उपलब्ध है और इसे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC), भारत सरकार के परिवेश पोर्टल की वैबसाइट (www.parivesh.nic.in) पर भी देखा जा सकता है

स्थान: मुंबई प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक

साइबर अपराध में 5.2% की गिरावट!

■ NBT रिपोर्ट, मुंबईः साइबर अपराध के मामलों में 5.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मुंबई पुलिस द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में कुल 4,825 साइबर अपराध के मामले दर्ज हुए, जबकि 2024 में यह संख्या 5,087 थी। बीते दस सालों में यह पहली बार है जब साइबर अपराध के दर्ज मामलों में कमी आई है। हालांकि 2025 में क्रेडिट कार्ड फ्रॉड के मामलों में 26.9 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, लेकिन विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन साइबर अपराधों में क्रेडिट कार्ड फ्रॉड के मामले अब भी आगे रहे।

विशेषज्ञों का कहना है कि साइबर पुलिस बड़े आर्थिक नुकसान वाले मामलों में ही केस दर्ज करती है। वर्ष 2025 में 50 हजार से अधिक लोगों ने ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराईं।

डिटेक्शन रेट पर और ध्यान जरूरी

2025 में दर्ज 4,825 मामलों में से 1,542 मामलों का पता लगाया जा सका, जबकि 2024 में दर्ज 5,087 मामलों में से मात्र 1,253 मामलों को ही सुलझाया गया था। साइबर डिटेक्शन रेट में और सुधार की जरूरत है।

साइबर अपराध के मामलों में एफआईआर दर्ज नहीं करना पुलिस की आदत बन गई है। वे 1930 हेल्पलाइन का हवाला देकर एफआईआर दर्ज करने से बचते हैं।
– साइबर लॉयर डॉ. प्रशांत माली

मुंबई मैराथन से पहले हवा की गुणवत्ता पर उठे सवाल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबईः जनवरी की शुरुआत से लगातार खराब होती वायु गुणवत्ता ने 18 जनवरी 2026 को होने वाली टाटा मुंबई मैराथन को लेकर चिंता बढ़ा दी है। आवाज फाउंडेशन की संस्थापक सुमैरा अब्दुलाली ने बीएमसी और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (MPCB) को पत्र लिखकर धुंध और स्मॉग जैसे हालात में मैराथन के धावकों की सेहत पर गंभीर खतरे की आशंका को लेकर चेतावनी दी है।

'आवाज' ने BMC कमिश्नर को लिखा पत्र

उन्होंने बताया कि जनवरी 2025 में मैराथन से पहले किए गए एक सिटिजन साइंस अध्ययन में मैराथन रूट पर सुबह के समय PM2.5 का स्तर 95 से 150 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक पाया गया था, जो CPCB मानक (60) और WHO गाइडलाइंस (15) से कई गुना अधिक है। चिंता की बात यह रही कि यह स्तर उसी समय में दर्ज हुआ है, जब धावक दौड़ रहे होते हैं और प्रदूषण जमीन के करीब फंसा रहता है।

अब्दुलाली ने मांग की है कि इस साल मैराथन से कई दिन पहले रूट पर मोबाइल एयर क्वॉलिटी मॉनिटरिंग वैन तैनात की जाए, आंकड़े सार्वजनिक किए जाएं और धावकों, वालंटियर्स और दर्शकों के लिए स्पष्ट स्वास्थ्य सलाह जारी हो। उनका कहना है कि प्रदूषित हवा में दौड़ना दमा, सांस की तकलीफ और दिल पर दबाव डाल सकता है।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

सार्वत्रिक निवडणूक - २०२५-२०२६

जाहीर सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका सार्वत्रिक निवडणूक - २०२५-२०२६ करिता दिनांक २० डिसेंबर, २०२५ रोजी मतदान केंद्रांच्या ठिकाणांची यादी तसेच दिनांक ०३ जानेवारी, २०२६ रोजी मतदान केंद्रनिहाय मतदार यादी प्रसिध्द करण्यात आलेली होती. माननीय राज्य निवडणूक आयोग, महाराष्ट्र यांचे दिनांक २६ जून, २०२५ रोजीचे निवडणुकांकरीता मतदान केंद्र निश्चिती व पुरवावयाच्या सोयी सुविधाबाबतचे आदेशानुसार निवडणुकीकरीताच्या मतदान केंद्रांमध्ये बदल झालेले असून, त्यानुसार मतदान केंद्रांच्या ठिकाणांची यादी व मतदान केंद्रनिहाय मतदार यादी यामध्ये सुधारणा करून दिनांक १२ जानेवारी, २०२६ रोजी सुधारीत मतदान केंद्रांच्या ठिकाणांची यादी व मतदान केंद्रनिहाय मतदार यादी बृहन्मुंबई महानगरपालिकेच्या (https://www.mcgm.gov.in/irj/portal/anonymous/qlBMCElect2025) या संकेतस्थळावर प्रसिध्द करण्यात येत आहे.

दिनांक - १२ जानेवारी, २०२६

सही/-
भूषण गगराणी
आयुक्त, बृहन्मुंबई महानगरपालिका

PRO/2674/ADV/2025-26

मतदान करा... सवडीने नाही तर आवडीने

12वीं की हॉल टिकट वितरण प्रक्रिया शुरू

■ NBT रिपोर्ट, मुंबईः स्टेट बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा के लिए सोमवार से हॉल टिकट वितरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बीएमसी चुनाव के बाद बारहवीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 23 जनवरी से 9 फरवरी 2026 के बीच आयोजित की जाएंगी, जबकि लिखित परीक्षाएं 10 फरवरी से 18 मार्च 2026 तक चलेंगी। परीक्षा कार्यक्रम को देखते हुए बोर्ड ने सभी स्कूलों और जूनियर कॉलेजों को हॉल टिकट से जुड़ी प्रक्रिया समय पर पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

औपचारिकताएं समय पर पूरी करने की अपील

बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन हॉल टिकट उपलब्ध कराए गए हैं। स्कूल और जूनियर कॉलेज हॉल टिकट डाउनलोड कर प्रिंसिपल के हस्ताक्षर और मुहर लगाकर स्टूडेंट्स को वितरित कर रहे हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि हॉल टिकट की प्रिंटिंग या वितरण के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

यदि हॉल टिकट पर फोटो अस्पष्ट हो, तो स्कूल स्तर पर फोटो चिपकाकर प्रिंसिपल की मुहर और हस्ताक्षर किए जाएंगे। हॉल टिकट गुम होने पर स्कूल 'डुप्लीकेट' लिखकर दोबारा प्रिंट देगा। बोर्ड ने सभी से समय पर औपचारिकताएं पूरी करने की अपील की है।

मनोरंजन



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMMAH User: tushar.darekar Time: 01-12-2026 22:11 Color:

कृष्ण की इच्छा के बिना तिनका भी नहीं हिलता।

श्री चैतन्य चरितामृत – अंत्य-लीला

भावपूर्ण स्मृति में

अग्निवेश अग्रवाल

(3 जून 1976, पटना - 7 जनवरी 2026, न्यूयॉर्क)

अग्निवेश एक पावन आत्मा थे, जिन्हें **राधे-कृष्ण** ने **गोलोक वृंदावन धाम** में सेवा के लिए बुला लिया। वह निडर और साहसी थे, संगीत और खेल उन्हें बेहद प्रिय थे। वह प्रतिभाशाली व्यवसायी थे, और सबसे बढ़कर एक प्यारे बेटे, भाई और मित्र थे। वह हमेशा हमारे हृदय में जीवित रहेंगे।

"अग्निवेश, हम सारे वादे पूरे करेंगे।"

आइए, हम एक साथ मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें :

दिनांक : बुधवार, 14 जनवरी, 2026 | **समय :** शाम 5-7 बजे

स्थान : वाईबी चव्हाण सभागार, नरीमन पॉइंट, मुंबई

ऑनलाइन जुड़ें :

प्रार्थना में :

अनिल एवं किरन अग्रवाल, प्रिया एवं आकर्ष हेब्बार, माही

प्रवीण एवं ज्योति, नवीन एवं रुचिरा, सुमन एवं विमल,

प्रतीक एवं सोनाक्षी, अंकित एवं श्वेता, नैवेद्य एवं अनन्या, अनन्य एवं नितिका, विराज, साक्षी एवं वरुण,

सभी गुप्ता परिवारजन,

उनके सभी मित्र और सहयोगी

एवं संपूर्ण वेदांता परिवार।

vedanta

transforming for good

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMSHIK User: kamlesh.mestry Time: 01-12-2026 23:19 Color:

साक्षरता लक्ष्य पर शिक्षा विभाग सख्त

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षण (एफएलएनएटी) के लक्ष्य समय पर पूरे करने के लिए शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई है। इसके तहत सभी शिक्षा निरीक्षकों को अपने क्षेत्र के स्कूलों के मुख्याध्यापकों के साथ समीक्षा बैठक करना अनिवार्य किया गया है। दक्षिण मुंबई में सभी युडायस मान्यता प्राप्त स्कूलों के मुख्याध्यापकों के लिए 22 जनवरी को समीक्षा बैठक बुलाई गई है। बैठक में असाक्षरों की टैगिंग, साक्षरता कक्षाओं की प्रगति और मार्च 2026 की परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा होगी।

22 जनवरी को मुख्याध्यापकों की समीक्षा बैठक

AI Image

शिक्षा विभाग के अनुसार, उल्लास ऐप में असाक्षरों का रजिस्ट्रेशन और टैगिंग पूरी करना प्राथमिकता है। सर्कुलर में स्पष्ट किया गया है कि मुख्याध्यापक यह प्रमाणित करेंगे कि साक्षरता कक्षाएं वास्तव में संचालित हो रही हैं। साथ ही वर्ष 2024-25 और 2025-26 में अनुपस्थित रहे। असाक्षरों को मार्च 2026 की परीक्षा में शामिल कराने की तैयारी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

10,300 हुए पोलिंग बूथ, बनाए गए 2600 सेंटर्स

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ पेज 01 से आगे, मुंबई : वर्ष-2017 में हुए बीएमसी चुनाव में पोलिंग बूथ की संख्या सिर्फ 7500 थी, जो इस चुनाव में बढ़कर 10,300 पहुंच गई है। इसके लिए कुल 2600 सेंटर बनाए गए हैं। सभी सेंटरों के अंतर्गत करीब 10,300 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनकी निगरानी के लिए करीब 22,000 पुलिसकर्मियों की मदद ली जा रही है। इसका खर्च प्रशासन को करना होगा।

वहीं, हर पोलिंग बूथ पर वोटरों के लिए सभी प्रकार की मूल सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। इसमें पीने का पानी, शौचालय, रैंप, दिव्यांगों के लिए विशेष व्यवस्था। इसके अलावा लोगों को चुनाव में वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अलग-अलग प्रकार के प्रचार-प्रसार माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। इसमें भी भारी मात्रा में संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा बीएमसी चुनाव में अलग-अलग जगहों पर वॉर्ड ऑफिसों के अंतर्गत नए कार्यालय भी बनाए गए हैं, जिनके लिए भी भारी राशि खर्च की गई है। इस कारण बीएमसी चुनाव की लागत बढ़ गई है।

चुनाव में 86,000 मैनपावर की तैनाती

सोमवार को बीएमसी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कमिश्नर भूषण गगरानी ने कहा कि बीएमसी चुनाव के लिए कुल 86 हजार मैनपॉवर तैनात किया गया है, जिसमें 64 हजार कर्मचारियों के अलावा 22 हजार पुलिसकर्मी शामिल हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी टीमें राज्य चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार काम कर रही हैं। पोलिंग बूथ पर मोबाइल फोन ले जाने के सवाल पर गगरानी ने स्पष्ट किया कि इस चुनाव में विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तरह मोबाइल फोन पर प्रतिबंध नहीं है। राज्य चुनाव आयोग की ओर से इस संबंध में कोई निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। इसके बावजूद उन्होंने मतदाताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा, वे मोबाइल फोन साथ ले जाने से बचें और यदि ले जाएं, तो उसे बंद रखें। गौरतलब है कि बीएमसी चुनाव के लिए 15 जनवरी को मतदान होगा और 16 जनवरी को मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

निकाय चुनाव महा मुकाबला

कॉर्पोरेशन इलेक्शन को लेकर ठाणे पुलिस तैयार

मनपा चुनाव में तैनात रहेंगे साढ़े 17 हजार से अधिक पुलिस और अन्य सुरक्षाकर्मी | ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी, उल्हासनगर मनपा में 15 जनवरी को होना है चुनाव

■ NBT न्यूज, ठाणे

ठाणे पुलिस आयुक्तालय में होने वाले विभिन्न मनपा चुनाव के लिए पुलिस और अन्य सुरक्षा बल की तैयारी पूरी कर ली गई है। पूरी चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए आयुक्तालय में साढ़े 17 हजार से अधिक पुलिस और अन्य सुरक्षा बल को तैनात किया गया है।

ठाणे पुलिस आयुक्तालय में कुल पुलिस अधिकारियों, कर्मियों की संख्या करीब साढ़े 8 हजार है। इसके अलावा बाहर से तीन हजार के करीब अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाया गया है। साथ ही, 6295 होमगार्ड्स, एसआरपीएफ की 6 कंपनी सहित एक प्लाटून को चुनाव और कार्डिंग के दौरान पुख्ता बंदोबस्त के लिए लगाया गया है।

आचार संहिता भंग की कार्रवाई पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है और चुनाव के दिन ड्रोन की संख्या और बढ़ा दी जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस महकमा विशेष नजर रखे हुए है तथा लोगों में भय और असुरक्षा को दूर करने के लिए फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

चुनाव के मद्देनजर पुलिस की तरफ से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई शुरू की गई थी, जो अब भी जारी है। ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत ठाणे के अलावा कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी, उल्हासनगर मनपा का समावेश है। बदलापुर, अंबरनाथ नगर चुनाव कुछ दिनों पहले ही संपन्न हुआ था और चुनाव परिणाम भी घोषित हो गए हैं। 15 जनवरी को ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी, उल्हासनगर मनपा का मतदान होना है, 16 जनवरी को चुनाव परिणाम घोषित होंगे।


AI Image

चुनावी ड्यूटी से इनकार, प्रिंसिपल पर केस दर्ज

चुनावी ड्यूटी स्वीकार नहीं करने वाली ठाणे स्थित रेनबो इंटरनैशनल स्कूल की प्रिंसिपल विमलेश सिंधु के खिलाफ ठाणे मनपा प्रशासन ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है। चुनावी ड्यूटी का आदेश जारी होने के बाद चुनाव विभाग के अधिकारी स्कूल में दो बार सिंधु से मिलने गए थे, लेकिन उन्होंने आदेश को स्वीकार नहीं किया था। चुनावी ड्यूटी पर गैरहाजिर होने पर सिंधु को कारण बताओ नोटिस भी दी गई थी। सिंधु ने उक्त नोटिस भी नहीं लिया था, जिसके बाद सिंधु तथा स्कूल के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 223 सहित अन्य धाराओं के तहत मनपा के चुनाव विभाग की तरफ से पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है।

फटाफट खबरें

विरारः फांसी लगाकर व्यक्ति ने दी जान

■ NBT न्यूज, विरार : बोलिंज पुलिस स्टेशन क्षेत्र के ओल्ड विवा कॉलेज के पास रविवार दोपहर एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार ओल्ड विवा कॉलेज के पास स्थित मुकेश अपार्टमेंट निवासी विशाल नटूलाल झवेरी (45) ने रविवार दोपहर अज्ञात कारणों से अपने घर हॉल में पंखे के हुक पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बोलिंज पुलिस एडीआर दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है।

रूम देने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

■ NBT न्यूज, वसई : मुंबई में भायखला निवासी एक बुजुर्ग ने नायगाव स्थित परेरा नगर निवासी एक कथित चॉल बिल्डर पर रूम देने के बहाने उनसे 3 लाख 88 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए पुलिस में केस दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार भायखला के पाखाडी रोड निवासी मुबारक अली मोहम्मद उस्मान अंसारी (60) नायगाव रूम तलाशने पहुंचे थे, जहां उनकी मुलाकात आरोपी से हुई। आरोपी राजेश पांडे खुद को बिल्डर बताते हुए अंसारी को रास्ते में घर दिलाने के नाम पर उनसे 3 लाख 88 हजार रुपये ठग लिए। नायगाव पुलिस मामले की जांच कर रही है।

TIMES inter act

व्यक्तिगत

धन्यवाद ज्ञापन

MAY the Sacred Heart of Jesus be Praised, Adored, Glorified and Loved today and everyday throughout the world now and forever. Amen! Ask St.Clare for three favours two impossible and say nine Hail Mary's and the above prayer for 9 days with a lighted candle and publish it on 9th day. Your request will be granted no matter how impossible.

नाम परिवर्तन

I, Alakh Nanda Devi Wife of Santosh Kumar r/o Mania, Ghazipur, U.P- 232333 have changed my name from Alakh Nanda Devi to Alaknanda Devi vide aff. No. 59AB864759 dt. 10/01/2026 at Nashik

I, Santosh mother of JC-291902K Nb/Sub (DvRMT) Pradeep Kumar Tyagi resident of Vill & PO- Karira Bulandshahr Shikarpur (UP) have changed my name from Santosh to Santosh Devi vide affidavit No 59AB 865436 dtd 10 Jan 26 before Nasik Road Court.

I, Byri Madhavi Wife of Rambabu Ruvva r/o 1-275, Pedda Veedhi, Narasannapeta, Madapam, Srikakulam, A.P-532421 have changed my name from Byri Madhavi to Ruvva Madhavi vide aff. No. 59AB865315 dt. 12/01/2026 at Nashik

I, Ex-servicemen No 14452349W Ex Hav Krishan Narayan Gaikwad of Vill/PO- Underi, Teh- Mahad, Dist- Raigad(MH), PIN- 402301 have changed my name from Krishan Narayan Gaikwad to Krishna Narayan Gaikwad vide affidavit No. 2520041851268800270938 dated 18 Dec 2025.

I, Pornima Sanjay Malame Wife of Malame Sanjay Kumar Subhash r/o Chorochi, Kavathe, Mahankal, Sangli, M.H - 416403 have changed my name from Pornima Sanjay Malame to Malame Pornima Sanjay Kumar vide aff. No. 59AB865310 dt. 12/01/2026 at Nashik

I, Malame Suvarna Subhash Mother of Malame Sanjay Kumar Subhash r/o Chorochi, Kavathe, Mahankal, Sangli, M.H - 416403 have changed my name from Malame Suvarna Subhash to Suvarna Subhash Malame vide aff. No. 59AB865309 dt. 12/01/2026 at Nashik

I, Dhangar Shantuben Ravajibhai Mother of Dangar Janak Kumar r/o Timana, Bhavnagar, Talaja, Gujarat - 364150 have changed my name from Dhangar Shantuben Ravajibhai to Dangar Shantuben Ravjibhai vide aff. No. 59AB865300 dt. 10/01/2026 at Nashik

I, Jayashri Swapnil Dhenge wife of No. 15221660F, Hav (DMT) Dhenge Swapnil Kisanrao R/o. Vill & Post Goregaon (PM), Teh - Murtizapur, Dist. Akola, State Maharashtra 444102 have changed my name from Jayashri Swapnil Dhenge to Jayshree Swapnil Dhenge vide Affidavit No. 59AB 865474

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

निविदा सूचना

मुंबई में 27 से 29 अप्रैल 2026 को 66 वां अखिल भारतीय द.मं.प्र. सम्मेलन आयोजित करने के लिए केवल मुंबई स्थित फाइव/सेवन स्टार होटलों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा 28.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक निम्नलिखित वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा की जा सकती है- https://www.tenderwizard.com/LIC

कृपया अधिक जानकारी के लिए यहां विज़िट करें www.licindia.in

स्पष्टीकरण के लिए, कृपया 022-66598428/66598427 पर संपर्क करें

कार्यकारी निदेशक (का.से./मा.सं.प्र.प्र.)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, पहली मंजिल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021

कर्मचारियों के आवास, वाहन एवं स्टाफ ओवरड्राफ्ट ऋणों हेतु समूह बीमा योजना, अवधि 01.04.2026 से 31.03.2027

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जीईएम पोर्टल (जीईएम बोली संख्या जीईएम/2026/बी/7095621 दिनांक 09.01.2026) के माध्यम से कर्मचारियों के आवास, वाहन एवं स्टाफ ओवरड्राफ्ट ऋणों हेतु समूह बीमा योजना, अवधि 01.04.2026 से 31.03.2027 के लिए दो बोली प्रणाली में प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। अतिरिक्त विवरण बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in और GeM पोर्टल पर उपलब्ध हैं। निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 03.02.2026 अपराह्न 03.00 बजे तक है। बैंक कोई भी / सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है।

सहायक महाप्रबंधक

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

स्टेट अपडेट

पांचों महानगर पालिकाओं पर होगा महायुति का कब्जाः पाटील

■ भाषा, पुणे : महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रकांत पाटील ने भरोसा जताया है कि आगामी निकाय चुनावों में पश्चिमी महाराष्ट्र की सभी 5 महानगर पालिकाओं पर बीजेपी नीत महायुति गठबंधन का कब्जा बरकरार रहेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता पाटील ने कहा, भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी का गठबंधन महायुति राज्य की सभी 29 महानगर पालिकाओं में महापौर पद हासिल करेगा, जहां चुनाव 15 जनवरी को होने हैं। उन्होंने मुंबई में प्रतिद्वंद्वी दलों द्वारा उठाए गए क्षेत्रीय और भाषाई मुद्दों के प्रभाव को नकारते हुए कहा, मराठी व गैर-मराठी दोनों मतदाता गठबंधन का समर्थन करते रहेंगे।

संविधान की प्रतिकृति क्षतिग्रस्त करने वाले ने की खुदकुशी

■ भाषा, परभणी : परभणी जिले में 2024 में संविधान की प्रतिकृति को विकृत करने के मामले में मुख्य आरोपी ने सोमवार को एक गांव में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। आरोपी दत्ता पवार को 13 महीनों तक सलाखों के पीछे रहने के बाद 8 जनवरी को जमानत पर जेल से रिहा कर दिया गया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, वह परभणी जिले के मिर्जापुर गांव गया था, जहां उसके रिश्तेदार रहते हैं। उसने सोमवार सुबह एक खेत में बने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने ने बताया, दत्ता का परिवार परभणी में रहता है।

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 14 लोगों से 18 लाख रुपये की ठगी

कांदिवली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : शेयर में निवेश पर आकर्षक रिटर्न का झांसा देकर 14 लोगों से ठगी करने वाले आरोपी के खिलाफ कांदिवली पुलिस ने केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम मेहुल गोसालिया है। जांच में पता चला कि गोसालिया नामचीन कंपनियों के शेयर में निवेश पर लाभ दिलाने का वादा कर लोगों से रकम अपने खाते में ट्रांसफर करवाता था। गोसालिया ने लोगों को धोखा देने के लिए एक फर्जी कंपनी खोल रखी थी, जिसे वह नामचीन बताता था। शेयर दिलाने का वादा कर किसी को कोई शेयर नहीं देता था। जब लोगों को गोसालिया के कहने पर कथित कंपनी में निवेश पर कोई लाभ नहीं मिला, तो उन्हें शक हुआ और वह कांदिवली पुलिस पहुंचे। अब तक 14 लोगों ने ठगी का आरोप लगाया है। कांदिवली पुलिस ने गोसालिया के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसे पूछताछ के लिए समन भेजा है।

सेफ्टी टिप्स

- ■ ऑनलाइन निवेश या शेयर ट्रेडिंग करते समय सतर्क रहें।
- ■ कभी भी अजनबियों को पैसे न भेजें, खासकर बिना दस्तावेज या ऑफिस वेरिफिकेशन के।
- ■ अधिकृत प्लैटफॉर्म और रजिस्टर्ड ब्रोकर के साथ ही निवेश करें।
- ■ अपने बैंक या मोबाइल ऐप के ओटीपी, पासवर्ड, पिन किसी से भी शेयर न करें।
- ■ संदिग्ध लिंक और कॉल्स से सावधान रहें, ताकि साइबर ठगी से बचा जा सके।

समधन को जिताने के लिए समधन चुनावी मैदान में

चुनावी मैदान में बीजेपी की उम्मीदवार के साथ समधन, देवर और दामाद

शिवसेना (UBT) प्रत्याशी धर्मेंद्र काले।

■ NBT रिपोर्ट, कांदिवली: मागाठाणे के प्रभाग 26 में बीजेपी प्रत्याशी प्रीतम पंडागले को जिताने के लिए उनकी समधन, देवर और दामाद वोट मांग रहे हैं। प्रीतम की समधन ममता सुरेश आठवले आरपीआई (आठवले) महिला मंडल की नेता हैं। कांग्रेसी परिवार को त्याग भगवा झंडा थाम चुकी प्रीतम के ससुर राम पंडागले विधायक रह चुके हैं। पति गौतम पंडागले नगरसेवक थे। 30% उत्तर भारतीय, 40 % मराठी, 20% मुस्लिम-बौद्ध और 10% अन्य वोटर्स वाले इस प्रभाग में शिवसेना (UBT) प्रत्याशी धर्मेंद्र काले से इनका सीधा मुकाबला है। काले ने बताया कि विकास का ढोल पीटने वाली पूर्व नगरसेविका 2017 से इलाके में कितनी बार गई और विकास कार्य क्या हुआ, जनता सब जानती है।

'हर समाज का साथ': वहीं, बीजेपी प्रत्याशी पंडागले की समधन ममता ने बताया कि उनकी समधन को हर समाज का साथ है। 37 हजार से अधिक मतदाता वाले इस प्रभाग में दामू नगर स्लम, जर्जर सड़कें, गटर, नाला, शैक्षणिक संस्थाएं, शौचालय, रिक्शा स्टैंड, झोपड़े का पुनर्निर्माण आदि समस्या बरकरार है। काले और पंडागले को कांग्रेस के सुरेशचंद्र राजहंस और NCP (AP) के सुरेंद्र लांडगे टक्कर दे रहे हैं।

SRA प्रोजेक्ट विवाद में भाई पर किया हमला

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: 29 वर्षीय जिम ट्रेनर ने अपने भाई के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने और मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित चेतन रणदिवे ने पुलिस को बताया कि पवई के तुंगा गांव में चल रहे एक एसआरए प्रोजेक्ट के आर्थिक लेन-देन को लेकर पिछले कुछ दिनों से उसका अपने भाई केतन रणदिवे से विवाद चल रहा था।

FIR के अनुसार, रविवार रात करीब 12 बजे घर में परिवार के सभी सदस्य SRA प्रोजेक्ट से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान शराब के नशे में धुत केतन वहां पहुंचा और दोनों भाइयों के बीच तीखी बहस होने लगी। इसी दौरान केतन ने अपने हाथ में पहने कड़े से चेतन के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। घायल चेतन को राजावाडी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। इलाज के बाद चेतन ने पुलिस स्टेशन पहुंचकर अपने भाई के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने और हमला करने की शिकायत दर्ज कराई।

NBT स्मृति यादों के चिराग

प्रार्थना सभा

बैकुंठवास

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी
श्री कीर्तिकुमार नानकचंद अग्रवाल
का स्वर्गवास रविवार दि: ११/०१/२०२६ को हो गया है।
-:उठावनी प्रार्थनासभा:-
मंगलवार दि: १३/०१/२०२६ सायं ४ से ६ बजे
स्थान: गुंडेचा ट्रिलियम क्लब हाउस लॉन, ठाकुर विलेज रोड, बोरीवली पूर्व, मुंबई ६६.
-: शोकाकुल :-
धर्मपत्नी: विमला कीर्तिकुमार अग्रवाल
बेटा-बहू: कुनाल-श्रद्धा अग्रवाल
बेटी-दामाद: प्रीति योगेश अग्रवाल, प्रतिमा राज राजेशिरके
पौत्र-पौत्री : श्लोक, दिविजा
नाती-नातिन : प्रणय, अनिक, कविश
भाई-भाभी : रुक्मणि-वासुदेव, कुबेर-पुष्पा, पुष्पा-दिनेश, कुसुम-अशोक, चंद्रप्रकाश-माया, प्रवीण-नीलम
-: व्यवसाय :-
एलोरा होटल, बोरीवली
एलोरा गेस्ट हाउस, बोरीवली
एलोरा डॉरमेट्री एंड रूम्स, बोरीवली
रुक्मणि अग्रवाल टी स्टॉल, दादर
एलाना इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड
S 4 हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड
होटल इवनिंग स्टार, बोरीवली
होटल विक्रूस, बोरीवली
होटल जालंधरवाला ढाबा, बोरीवली
9821686104.

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

BOOK YOUR RECRUITMENT ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Asif Faridi 9594 343 468 | Jitesh Dominic 9867 407 521
To Book Online Log on To Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

भिवंडी शहर में अभी से शुरू हो गई पानी की किल्लत

लोगों का आरोप, नई पाइप लाइन से बढ़ा पानी संकट

AI Image

■ विजय कुमार सिंह, भिवंडी

अनियमित जलापूर्ति के चलते भिवंडी शहर के विभिन्न इलाकों में अभी से पेयजल की किल्लत शुरू हो गई है। कई इलाकों में रात को भी कम दबाव से पानी आ रहा है, जिससे लोगों को अभी से टैंकर के पानी पर आश्रित रहना पड़ रहा है।

पेयजल किल्लत के चलते शहर के अशोक नगर में मनपा जलापूर्ति विभाग द्वारा पुरानी पाइप लाइन निकालकर नई पाइप लाइन डाली गई है। लेकिन, स्थानीय लोगों के अनुसार नई पाइप लाइन डाले जाने के बाद पानी का संकट और बढ़ गया है। बिल्डिंग नंबर-15 हाउसिंग सोसायटी के सेक्रेटरी तात्यासाहेब पांगारे ने बताया कि अशोक नगर में कई महीने से रात में 12 से 2 बजे तक सिर्फ दो घंटा पानी आता है। इसमें एक घंटा पानी काफी कम दबाव से आता है। ऐसे में, सोसायटी की पानी की टंकी नहीं भर पाती।

कम दबाव में जलापूर्ति होने से कई सोसायटियों में लोगों को रोजाना सिर्फ 20 मिनट ही पानी मिल पाता है। यहां के निवासी प्रफुल्ल गेसरानी ने बताया कि मनपा जलापूर्ति द्वारा अशोक नगर में नई पाइप लाइन डालने के दौरान बिजली का मोटर लगाया गया है। लेकिन, कई महीना बीत जाने के बाद भी मोटर अब तक चालू नहीं हो सका है। इससे लोगों की समस्या हल होने के बजाय बढ़ गई है।

इस बाबत मनपा जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शहर में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। लेकिन, कहीं-कहीं नागरिकों द्वारा गलत तरीके से पाइप लाइन जोड़ लेने के कारण लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। एक अधिकारी ने कहा कि अशोक नगर में अमृत योजना के तहत पानी की टंकी बनाई जा रही है। टंकी के तैयार होने में करीब ढाई से तीन वर्ष लगेंगे, तब तक लोगों को थोड़ा मैनेज करना पड़ेगा।

होने लगा पलायन

भिवंडी जैन महासंघ के अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि शहर का गोकुल नगर, अजय नगर एवं आदर्श नगर आदि पॉश इलाकों में से है। लेकिन, पेयजल की किल्लत सहित विभिन्न समस्याओं के कारण यहां के लोग धीरे-धीरे पलायन कर रहे हैं। कई बड़े व्यापारी यहां से दूसरे शहरों में रहने के लिए चले गए हैं।

> अशोक नगर में लगाए गए बिजली के मोटर के लिए बिजली की आपूर्ति नहीं मिली थी। उसके लिए मीटर मंजूर हो गया है, जो जल्द ही लग जाएगा। इसके बाद पानी की आपूर्ति सुचारु हो जाएगी।
> - संदीप पटनावर, कार्यकारी अभियंता (जलापूर्ति विभाग, भिवंडी मनपा)

समंदर की लहरों पर अठखेलियां करते बच्चे...

Kaushik Naik

मुंबई के दादर शिवाजी पार्क स्थित बीच पर ठंड की ढलती शाम में समंदर की लहरों पर अठखेलियां करते बच्चे।

आचार संहिता दस्ते ने जब्त किया अवैध शराब का जखीरा

■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी मनपा आचार संहिता दस्ते ने मंडारी कंपाउंड इलाके में एक कार से शराब का जखीरा जब्त किया है। हालांकि, मौका पाते ही आरोपी कार चालक फरार हो गया। पुलिस ने कार जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार नारपोली के मंडारी कंपाउंड स्थित दावत चौक पर एक कार खड़ी थी, जिसमें शराब होने की सूचना BJP उम्मीदवार यशवंत टावरे ने चुनाव निर्णय अधिकारी-5 के कार्यालय में दी थी। शिकायत मिलते ही आचार संहिता दस्ते के साथ सहायक चुनाव अधिकारी गिरीश गोष्टेकर घटनास्थल पहुंचे। नारपोली पुलिस को मौके पर बुलाकर जब कार की तलाशी ली गई, तो उसमें विदेशी और देसी शराब की बोतलें बरामद हुईं। जब्त शराब की कीमत लगभग 8,600 रुपये आंकी गई है। आचार संहिता दस्ता प्रमुख संदीप चव्हाण द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर नारपोली पुलिस ने कार जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली सरकार के कैबिनेट मिनिस्टर कपिल मिश्रा ने लिया क्रूज के निर्माण का जायजा

दिल्ली के यमुना रिवर फ्रंट पर चलने को तलोजा में रेडी है क्रूज

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : दिल्ली के यमुना रिवर फ्रंट पर चलाने के लिए तलोजा में क्रूज बनकर रेडी है। संभवतः यह 20 जनवरी को तलोजा से दिल्ली के लिए रवाना कर दिया जाएगा। दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा क्रूज के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेने सोमवार को तलोजा स्थित इंस्पिरेशन मरीन कंपनी पहुंचे। उन्होंने बताया कि क्रूज का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, 20 जनवरी को इसे तलोजा से दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा। करीब 4-5 दिनों में क्रूज दिल्ली पहुंच जाएगा, जहां इसमें इंजन फिट किया जाएगा। इसके बाद फरवरी में इसे यमुना रिवर फ्रंट पर पब्लिक के लिए शुरू कर दिया जाएगा।

दिल्ली के पर्यटन, कानून एवं श्रम मंत्री ने कहा कि यह क्रूज लगभग एक घंटे के रूट पर संचालित किया जाएगा, जिसमें एकसाथ करीब 40 यात्री सफर कर सकेंगे। उनके मुताबिक दिल्ली के नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह परियोजना शुरू की जा रही है। यमुना रिवर फ्रंट को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

निराशा में राज ठाकरे दे रहे हैं ऐसे बयानः कपिल मिश्रा

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कपिल मिश्रा ने कहा कि राज ठाकरे जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह उनकी निराशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राज ठाकरे को अपनी हार साफ दिखाई दे रही है, इसी वजह से वह हताशा में ऐसे बयान दे रहे हैं। वह एक हारे हुए व्यक्ति की भाषा है। मुंबई में BJP और महायुति की बड़ी जीत होने जा रही है, इसलिए विरोधी नेता घबराए हुए हैं। उनका जनाधार खत्म हो चुका है, इसी कारण वे इस तरह के मुद्दे उठाकर ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMDEVI User: cci Time: 01-12-2026 23:04 Color:

संभल में सरकारी जमीन पर चला 'पीला पंजा'

घर हटाने के लिए कोर्ट द्वारा आदेश जारी किए गए थे

■ NBT रिपोर्ट, संभल: संभल में सरकारी जमीन पर बने चार मकानों को प्रशासन ने गिरा दिया। आरोप है कि चारों मकान खुद के गढ़े के लिए आरक्षित सरकारी भूमि पर बनाए गए थे। मकान मालिकों ने नोटिस मिलने के बाद खुद ही तोड़फोड़ शुरू कर दी थी। मामला संभल जिले के थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी के मोहल्ला शर्की कबीला रोड का है। राजस्व विभाग के अनुसार, सोमवार को नायब तहसीलदार बबलू कुमार और हल्का लेखपाल पुष्पेंद्र कुमार के साथ गाटा संख्या 1608 पर नपाई की गई।

अधिकारियों ने बताया कि 1700 वर्गमीटर जमीन खुद के गढ़े और ग्राम समाज के लिए आरक्षित है। इस जमीन के आधे हिस्से पर कब्जा कर लोगों ने आठ मकान बना लिए। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरक्षित भूमि पर बने मकान हटाने के लिए न्यायालय से धारा 67 के तहत आदेश पारित किए गए हैं। इसके तहत अयूब हसन कामिल, मै. हसन, चांद, असकरी, अली हसन और जुल्फेकार के मकान अवैध रूप से बने पाए गए। खबर हसन का 100 वर्ग मीटर

सरकारी जमीन खुद के गढ़े और ग्राम समाज के लिए आरक्षित है।

भूमि पर बना मकान डीएम न्यायालय के आदेश पर 3 मार्च 2023 को कुर्क कर दिया गया था। अली हसन और अस्मान रजा उर्फ चांद ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। अयूब हसन की मौत हो चुकी है। उनके परिवार के सदस्य भी हाई कोर्ट गए हुए हैं। वहीं कस्बे के एक निवासी धरी सलमान हैदर जाफरी ने कहा कि उन्होंने आठ साल पहले रानी हसन से मकान खरीदा था। 2023 में उन्हें पहली बार सरकारी जमीन पर घर होने का नोटिस मिला। इसके बाद सलमान हैदर जाफरी ने मुकदमा दर्ज कराया, जो 24 दिसंबर 2025 को डीएम न्यायालय से खारिज हो गया। 10 जनवरी 2026 को प्रशासन ने नोटिस लगाए। मैंने सरकारी जमीन पर बना मकान का हिस्सा तोड़ दिया।

वृंदावन में 4 लोगों को कार ने रौंदा, 1 शख्स की मौत

■ NBT न्यूज, मथुरा: वृंदावन में फुटपाथ पर सो रहे एक ही परिवार के चार लोगों को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। हादसा रविवार रात छटीकरा मार्ग पर रुक्मिणी विहार गेट के नजदीक हुआ। देर रात हुई इस घटना में एक किशोर की मौत हो गई। जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए आगरा रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। कार की पहचान के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक भरतपुर के सलीमपुर खुर्द निवासी 14 वर्षीय रवि, 10 वर्षीय रोहित, 25 वर्षीय गुड्डिया और 30 वर्षीय कन्हेड़ा, वर्तमान में रुक्मिणी विहार गेट नंबर-2, केशवधाम के पास रह रहे थे। चारों एक ही परिवार के हैं। रविवार रात वे सभी सड़क किनारे सो रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार सफेद रंग की कार अनियंत्रित होकर उन पर चढ़ गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए वृंदावन में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने 14 वर्षीय रवि को मृत घोषित कर दिया।

आरोप है कि धरी मकान खुद के गढ़े के लिए

वाराणसी में चौड़ीकरण के लिए चला बुलडोजर

बुलडोजर को देखते ही मकान मालिक खुद भी हथौड़ा लेकर निर्माण गिराने लगे

■ NBT न्यूज, वाराणसी: वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण योजना के तहत ध्वस्तीकरण अभियान में सोमवार को पहली बार बुलडोजर का एक्शन देखने को मिला। दुकानदारों के विरोध प्रदर्शन के बीच नई सड़क की तरफ से लंगड़ा हाफिज मस्जिद के सामने बुलडोजर से दो मकान ध्वस्त किए गए। बुलडोजर के एक्शन में आते ही मकान मालिक खुद भी हथौड़ा लेकर निर्माण गिराने में लग गए। वहीं, अन्य मकान मालिकों द्वारा गिराने की कार्रवाई भी जारी है। इस दौरान बैरिकेडिंग कर दालमंडी मुख्य मार्ग को बंद कर दिया गया था। बाजार की ज्यादातर दुकानें भी बंद रहीं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। उधर, चौक की ओर से गिराए गए मकानों का मलबा हटाने का काम भी दिन-रात चल रहा है। बता दें कि दालमंडी सड़क चौड़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी ने 187 मकानों को ढहाने के लिए चिह्नित किया है। इनके मालिकों को 191 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाएगा। अब तक 40 मकानों की रजिस्ट्री हो चुकी है। पहले चरण में उन्हीं मकानों को गिराया जा रहा है, जिनके मालिक मुआवजा ले चुके हैं।

पीडब्ल्यूडी ने 187 मकानों को ढहाने के लिए चिह्नित किया है

थाना परिसर में पत्नी की हत्या, दो पुलिसवाले सस्पेंड

■ NBT न्यूज, हरदोई: पाली थाना परिसर में स्थित मेस के पास एक महिला को उसके पति ने गोली मार दी। महिला पुलिस कस्टडी में थी। मेडिकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई। एसपी ने महिला कॉन्स्टेबल और IO को सस्पेंड कर दिया है। रमपुर अटरिया निवासी अनूप ने 8 जनवरी को तहरीर दी थी कि उसकी पत्नी सोनी 7 जनवरी को सुरजीत के साथ भाग गई। पुलिस ने केस दर्ज कर रविवार को सोनी को बरामद कर लिया। महिला को बरामद कर थाने लाया गया था। सोमवार को मिलने के बहाने अनूप ने उसे गोली मार दी। पुलिस ने अनूप को अरेस्ट कर लिया है।

परियोजना के लिए जरूरी हो तभी पेड़ काटें: योगी

सीएम ने NHAI परियोजनाओं की समीक्षा की

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास प्रदेश की अनिवार्य आवश्यकता है, किंतु यह पर्यावरण की कीमत पर नहीं हो सकता। इस वर्ष प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरकार की नीति है कि किसी भी परियोजना में अपरिहार्य स्थिति में ही वृक्षों की कटान की जाए और जितने वृक्ष काटें, उससे अधिक संख्या में पौधरोपण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना रहे। योगी ने सोमवार को प्रदेश में संचालित एवं प्रस्तावित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) की परियोजनाओं की समीक्षा की।

सीएम ने कहा कि भूमि अधिग्रहण से संबंधित विषयों पर सीधे किसानों से संवाद स्थापित किया जाए। किसी भी स्थिति में बिचौलियों को हस्तक्षेप का अवसर न मिले, ताकि किसानों के हित सुरक्षित रहें और परियोजनाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ें। सड़क परियोजनाएं प्रदेश के आर्थिक विकास, औद्योगिक विस्तार और आमजन की सुविधा से सीधे जुड़ी हैं।

नशा कारोबारी की संपत्ति जब्त करने की चेतावनी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: योगी सरकार नशेबाजों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाएगी। राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील की। सीएम ने युवक और महिला मंगल दल से कहा कि आप गोपनीय सूचना दें, सरकार नशा कारोबारी की संपत्ति जब्त करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव स्तर पर खेल मैदान, विकास खंड में मिनी स्टेडियम और जिलों में बड़े स्टेडियम निर्माण के साथ युवाओं को नशामुक्ति, टीमवर्क और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ा जाएगा। सीएम ने कहा कि अब सिफारिश, पैसे का लेनदेन और 'महाभारत के रिश्ते' वसूली के लिए नहीं निकल सकते, अब ऐसा किया तो जेल जाएंगे।

ANAND RATHI WEALTH LIMITED

Registered Office - Express Zone, A Wing, 10th Floor, Western Express Highway, Goregaon (E), Mumbai - 400 063, Maharashtra
CIN : L67120MH1995PLC086696, Website www.anandrathiwealth.in

YoY Total Revenue 21% ↑ | YoY PAT 29% ↑

EXTRACT OF STATEMENT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025

(In INR Lakhs except EPS)

Sr. No.	Particulars	Quarter Ended			Nine Months Ended		Year Ended
		31.12.2025 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.12.2024 (Unaudited)	31.12.2025 (Unaudited)	31.12.2024 (Unaudited)	31.03.2025 (Audited)
I	Revenue From Operations	28,962.39	29,736.64	23,703.99	86,100.68	71,713.49	93,909.46
II	Profit Before Tax	13,532.74	13,402.00	10,407.58	39,557.56	30,509.02	40,443.60
III	Profit After Tax	10,018.67	9,989.60	7,730.12	29,399.28	22,705.40	30,078.91
IV	Total Comprehensive Income for the period/year (comprising profit for the period/year after tax and other comprehensive income after tax)	10,043.83	9,897.64	7,679.76	29,392.09	22,421.11	29,737.95
V	Paid - up capital (per value of Rs. 5/- each fully paid)	4,151.03	4,151.03	2,075.52	4,151.03	2,075.52	4,151.03
VI	Other Equity						63,246.48
VII	Earning per share (par value of Rs. 5/- each)*						
	1. Basic (Rs.)	12.06	12.02	9.28	35.38	27.26	36.14
	2 .Diluted (Rs.)	12.06	12.02	9.28	35.38	27.26	36.14

* *EPS is not annualised for the quarter & nine months ended periods.*

Notes

1. The above unaudited financial results for the quarter & nine months ended December 31, 2025 have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at its meeting held on January 12, 2026. The Statutory Auditors of the Company has carried out Limited Review of the aforesaid results.
2. The above is extract of the detailed format of Unaudited Financial Results (Consolidated) for the quarter & nine month ended December 31, 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Financial Results (Consolidated and Standalone) for the quarter & nine months ended December 31, 2025 are available on the websites of the Bombay Stock Exchange i.e bseindia.com, National Stock Exchange i.e. nseindia.com and the Company i.e. www.anandrathiwealth.in.
3. Extract of Key numbers of unaudited Standalone Financial Results

(In INR Lakhs)

Sr. No.	Particulars	Quarter Ended			Nine Months Ended		Year Ended
		31.12.2025 (Unaudited)	30.09.2025 (Unaudited)	31.12.2024 (Unaudited)	31.12.2025 (Unaudited)	31.12.2024 (Unaudited)	31.03.2025 (Audited)
I	Revenue From Operations	27,942.54	28,607.51	22,829.99	83,023.89	69,177.60	90,506.99
II	Profit Before Tax	13,441.22	13,049.31	10,203.88	38,900.96	29,992.38	39,752.75
III	Profit After Tax	9,981.26	9,716.15	7,570.30	28,920.04	22,299.41	29,542.19

Date: January 12, 2026
Place: Mumbai

Sd
Anand Rathi
Chairman & Non Executive Director

Thank You!

Today, we take this opportunity to Thank all our Clients, Investors and our Employees for being a part of our success journey.

www.anandrathiwealth.in

ANANDRATHI
Private Wealth. uncomplicated



NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in